फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 284 प्रभात जयपुर, शनिवार 17 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



How the Quit India movement brought down the Left Front

On August 31, the Viceroy would write: "I am engaged here in meeting by far the most serious rebellion since that of 1857, the gravity and extent of which we have so far concealed from the world..."

Wired for Progress: How India Dialled into the Future

# शशि थरुर भारत सरकार के संसदीय प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करेंगे

## यह प्रतिनिधि मण्डल, 22 मई को अमेरिका जायेगा, पाकिस्तान के आतंकवाद के बारे में भारत का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। तिरुवन्तपुरम सांसद शशि थरुर द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान तथा बाद में नरेन्द्र मोदी सरकार का बचाव करने पर, जहाँ उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी उनसे अप्रसन्न है, वहीं केन्द्र सरकार उन्हें एक महत्वपूर्ण संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने पर विचार कर रही है, जो अमेरिका को पाकिस्तानी आतंक के विषय में वस्तुस्थिति की जानकारी देगा, भारत सरकार ने पूरी दुनिया को पाक प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने की योजना बनाई है।

शशि थरुर और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी विपक्ष के ऐसे प्रमुख नेताओं के रुपमें उभर कर आये हैं, जिन्होंने पहलगाम में हुई हत्याओं के बाद पाकिस्तान पर मोदी सरकार के हमले का जोरदार समर्थन एवं बचाव किया है। थरुर द्वारा किये जा रहे मोदी के समर्थन को कांग्रेस के आधिकारिक रुख से अलग रुप में देखा जा रहा है। यही कारण है कि कल कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि थरुर अपने निजी विचार व्यक्त कर रहे हैं, जो पार्टी

- थरुर के अलावा ए.आई.एम.आई.एम. के नेता असदुद्दीन ओवैसी विपक्ष के दूसरे नेता होंगे, जिन्हें प्रतिनिधि मण्डल में शामिल किया जायेगा।
- ओवैसी ने प्र.मंत्री मोदी की सरकार को भारी समर्थन दिया है, पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद, भारत सरकार का पाकिस्तान पर जवाबी आक्रमण को।
- हालांकि, शशि थरुर को भारत के प्रतिनिधि मण्डल का अध्यक्ष बनाना कोई अप्रत्याशित घटना नहीं है, क्योंकि, थरुर विदेशी मामलात की संसदीय समिति के अध्यक्ष वैसे भी हैं।
- पर कल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता, जयराम रमेश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मोदी सरकार की कार्यवाही की थरुर द्वारा तारीफ करने को उनका निजी विचार बताकर एक तरह से झिड़की दी थी, इसे देखते हुए शशि थरुर को संसदीय प्रतिनिधिमंडल का अध्यक्ष बनाना साधारण बात नहीं लग रही है।
- ओवैसी के अलावा अमेरिका जाने वाले संसदीय प्रतिनिधि के अन्य सदस्य हैं, शमिक भट्टाचार्य, अनुराग ठाकुर, मनीष तिवाड़ी, प्रियंका चतुर्वेदी, संबित पात्रा, सुप्रिया सुले व डी. पुरंदेश्वरी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अवमानना के मामले में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक 20 को अदालत में तलब

जयपुर, 16 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट को बीस मई को अदालत में पेश होकर बताने को कहा है कि अदालती आदेश के बावजूद, याचिकाकर्ता को ब्रिज कोर्स करवाकर नियुक्ति क्यों नहीं दी गई। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश सुमन कुमारी व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

- शिक्षा निदेशक सीताराम जाट को पेश होकर बताना है कि अदालत के आदेश की पालना क्यों नहीं हुई।

याचिका में अधिवक्ता तरुण चौधरी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2006 में भाग लिया था। याचिकाकर्ता को यह कहते हुए नियुक्ति नहीं दी गई कि वह बीएसटीसी न होकर, एनटीटी प्रशिक्षण प्राप्त है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने 17 अप्रैल, 2008 को परिपत्र जारी कर प्रावधान किया कि एनटीटी कोर्स करने वाले छह माह का ब्रिज कोर्स कर बीएसटीसी के समान हो जाएंगे। याचिकाकर्ता को नियुक्ति नहीं देने पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बलूच नेताओं ने हिन्दुस्तान में "गवरमैंट इन एग्ज़ाइल" बनाने की इजाज़त माँगी

## इन बलूच नेताओं का तर्क है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान ही एक शांत व आतंकवाद मुक्त पाकिस्तान की गारंटी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। बलूच नेता भारत सरकार से समर्थन के साथ-साथ निर्वासित सरकार चलाने की अनुमति मांग रहे हैं।

प्रमुख बलूच नेता रज़्ज़ाक बलूच पाकिस्तान से आज़ादी की अपनी लड़ाई में भारत से समर्थन की प्रबल अपील कर रहे हैं।

अमेरिका में रह रहे रज़्ज़ाक बलूच आंदोलन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ज़ोरदार दलील पेश कर रहे हैं। डॉ. तारा चंद और कई अन्य नेताओं के साथ, वे इस आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक हैं। रज़्ज़ाक बलूच का कहना है कि बलूच नेता एक स्वतंत्र देश के लिए अभियान चला रहे हैं।

बलूच नेताओं का तर्क है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु बलूचिस्तान ही पाकिस्तान को शांति और आतंकवाद मुक्त बनाए रखने की सबसे बड़ी गारंटी है। एक स्वतंत्र बलूचिस्तान का अर्थ होगा कि पाकिस्तान अपनी विशाल सेना और सैन्य संगठनों को कायम नहीं रख सकेगा। यह पाकिस्तान को कमज़ोर करने और उसके आतंकवादी संगठनों को निष्क्रिय करने का सबसे अच्छा उपाय है।

बलूच नेता यह भी दावा कर रहे हैं कि उन्हें अपने आसपास के इलाकों में भी व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। वे मानते हैं कि बलूचिस्तान की आज़ादी के आंदोलन को खुलकर समर्थन देने का यह सबसे उपयुक्त समय है।

कैनडा के टैग टीवी को दिए एक इंटरव्यू में, रज़्ज़ाक बलूच ने भारत से अपील की है कि अपनी झिझक छोड़कर बलूचिस्तान की स्वतंत्रता के आंदोलन का समर्थन करे। रज़्ज़ाक

- इन नेताओं के अनुसार, स्वतंत्र बलूचिस्तान बनने के बाद, पाकिस्तान एक भारी भरकम बड़ी सेना नहीं रख पायेगा। इससे पाकिस्तान के "नाखून कट जायेंगे, यानी पाकिस्तान "डी फैंग" हो जायेगा तथा आतंकवादी संगठन अपने आप कमज़ोर पड़ जायेंगे।
- कैनडा के टी.वी. चैनल "टैग टी.वी." को दिये गये एक इंटरव्यु में बलूच नेता रज़्ज़ाक बलूच ने भारत से अपील की कि भारत अब हिचकिचाहट छोड़े और खुलकर बलूचिस्तान के स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन व मदद दे।
- बलूच नेताओं के अनुसार, अमेरिका, ईरान, मिडिल ईस्ट व यूरोप में बहुत संख्या में बलूच रहते हैं, जो स्वतंत्रता संग्राम का पूर्ण समर्थन कर रहे हैं।
- रज़्ज़ाक बलूच के अनुसार, पश्चिमी पंजाब के पंजाबियों का कोई "डी.एन.ए." कनैक्शन नहीं है, अरब देशों से या मिडिल ईस्ट के लोगों से।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'स्कूल फीस के निर्धारण के लिये अभी तक रिवीज़न कमेटी का गठन क्यों नहीं हुआ?'

## राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव से जवाब तलब किया और सोमवार को अगली सुनवाई तय की

जयपुर, 16 मई (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव को 19 मई, यानी अगले सोमवार को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि स्कूल फीस नियंत्रण अधिनियम, 2016 में प्रावधान होने के बावजूद, अभी तक "फीस रिवीज़न कमेटी" का गठन क्यों नहीं किया गया है। अदालत ने कहा कि प्रमुख शिक्षा सचिव व्यक्तिशः या वीसी के जरिए अदालत में उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता स्कूल की फीस निर्धारण को लेकर स्कूल फीस कमेटी ने निर्णय लिया था। पाठकों को बता दे कि स्कूल फीस नियंत्रण कानून के अनुसार, हर

- पाठकों को बता दें कि स्कूल फीस की दर तय करने के लिये स्कूल फीस नियंत्रण अधिनियम, 2016, के तहत तीन तरह की कमेटियों की अहम भूमिका है। पहली स्कूल फीस कमेटी, जो अध्यापकों और अभिभावकों के प्रतिनिधियों से गठित एक कमेटी होती है, जो दोनों पक्षों को सुनने के बाद आपसी समझौते से स्कूल फीस की दर तय करती है।
- दोनों पक्षों में से एक भी पक्ष अगर स्कूल फीस के निर्णय से संतुष्ट नहीं हो तो वह डिवीज़न कमेटी के समक्ष अपील दायर कर सकता है। डिवीज़न कमेटी के फैसले के विरूद्ध आखिरी अपील रिवीज़न कमेटी के समक्ष हो सकती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एकल पट्टा प्रकरण में अब जुलाई माह में सुनवाई

जयपुर, 16 मई। राजस्थान हाईकोर्ट में शुक्रवार को एकल पट्टा प्रकरण को लेकर सुनवाई हुई। पूर्व आईएएस जीएस संधू की ओर से मामले में अपना पक्ष रखा गया। वहीं, अदालत ने मामले में अब जुलाई माह में सुनवाई करना तय किया है। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की एकलपीठ ने यह आदेश पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकार मल सैनी की ओर से दायर सात आपराधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

- पूर्व आईएएस संधू के अधिवक्ता ने बहस पूरी करने के लिये और समय मांगा

सुनवाई के दौरान, पूर्व आईएएस जीएस संधू की ओर से अधिवक्ता एसएस होरा ने तीसरे दिन भी बहस जारी रखी। इस पर अदालत ने उन्हें कहा कि वे बहस के लिए पर्याप्त समय ले चुके हैं और दूसरे वकीलों को भी बहस का मौका दिया जाए। इस पर संधू के अधिवक्ता ने कुछ समय के लिए बहस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत ने चिनाब पर बने सलाल व बागलिहार बाँधों से पानी को नियंत्रित किया

## पाकिस्तान में हाय-तौबा मची, सिंधु नदी के सिस्टम से ही पाकिस्तान की सिंचाई की 80 प्रतिशत जरूरत पूरी होती है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच एक नया और संभावित रूप से अस्थिर मोर्चा खुल रहा है जो ज़मीन को लेकर नहीं, बल्कि पानी को लेकर है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध बिगड़ने और सीमा पर तनाव बढ़ने की वजह से भारत ने सिंधु नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है, पाकिस्तान की सिंचित कृषि भूमि का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इसी पानी पर निर्भर करता है।

भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए चिनाब नदी पर स्थित सलाल और बगलीहार बांधों से जल प्रवाह में बदलाव किया है। इस कदम से पाकिस्तान में खलबली मच गई है, और इस्लामाबाद ने तुरंत नई दिल्ली को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि पश्चिमी नदियों - सिंधु, झेलम और चिनाब के प्रवाह में किसी भी प्रकार का व्यवधान पाकिस्तान में गंभीर कृषि और आर्थिक संकट ला सकता है, जो पहले से ही जल संकट से जूझ रहा है।

यह कदम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सख्त बयान के बाद आया है:

"आतंक और व्यापार, आतंक और बातचीत, खून और पानी एक साथ नहीं चल सकते।"

इस संदेश जिसे कई लोग बड़ा बदलाव मानते हैं, यह दर्शाता है कि अब भारत जल सहयोग को सीमा पार आतंकवाद से जोड़ रहा है, जो पहले के उस दृष्टिकोण से बिल्कुल अलग है जिसमें सिंधु जल संधि को राजनीतिक तनाव से अलग रखा जाता था।

जम्मू-कश्मीर में स्थित सलाल और बगलीहार बांधों के गेट इन दिनों बंद करने से चिनाब नदी के पाकिस्तान में प्रवाह में बदलाव आया है। साथ ही, भारत ने पश्चिमी नदियों, सिंधु, झेलम और चिनाब, पर कई जलविद्युत

- भारत के जल संसाधन मंत्रालय के विशेषज्ञों का कहना है, इंडस वॉटर ट्रिटी के प्रावधानों के तहत भारत को "नॉन कन्ज़म्पटिव" उद्देश्यों के भारत, इंडस वॉटर सिस्टम के पानी का उपयोग कर सकता है, जैसे हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर हाउस चलाना आदि।
- पर, पाकिस्तान के सिंचाई विभाग को कहना है, अगर सिस्टम में पानी छोड़ने की व्यवस्था व टाईम में कुछ भी परिवर्तन हुआ तो पाकिस्तान का सिंचाई का व खेती का "चक्र" (साइकिल) बुरी तरह प्रभावित होगा। और भारी तबाही मच जायेगी।
- पाकिस्तान की यह गुहार भारत के कानों तक पहुँची है। पर, अभी भारत किसी प्रकार "एडजस्टमैंट" करने के मूड में नहीं है, जब तक "आतंकवाद" के निर्यात की पाकिस्तान की नीति नहीं बदलती।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर आएंगे

बीकानेर, 16 मई (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर आएंगे। वे यहां देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर यात्रा में मोदी के साथ होंगे। प्रधानमंत्री की बीकानेर यात्रा की सूचना के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और एसपी कावेन्द्र सिंह सागर देशनोक में डेरा डाले हुए हैं।

- देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन के साथ ही रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे।

भाजपा प्रवक्ता मनीष सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशनोक में बने आधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। देशनोक के साथ ही लालगढ़ में भी नया रेलवे स्टेशन बनकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजनीतिक जरूरत के कारण एन.सी.पी. के धड़े नज़दीक तो आ रहे हैं

## पर, अहम् की लड़ाई व आपसी रंजिशें, विलय शायद नहीं होने देंगी

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 मई। महाराष्ट्र में नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों में प्रस्तावित विलय के सम्बंध में कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं, क्योंकि कई गहरे पैठे तनाव उभर आए हैं। इनमें से एक गुट के प्रमुख शरद पवार हैं तो दूसरे गुट का नेतृत्व उनके भतीजे अजीत पवार कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा, चाचा-भतीजे के बीच पर्दे के पीछे चल रही वार्ता के बावजूद विलय प्रक्रिया सहज नहीं है ओर टकराव बढ़ाने वाली शर्तों व व्यक्तिगत शिकायकों के कारण यह प्रक्रिया पटरी से उतर सकती है।

विश्वस्त सूत्रों ने संकेत दिया कि अजीत पवार के बेहद करीबी लोगों ने विलय के लिए दो अनिवार्य शर्तें रखी हैं, सबसे पहली शर्त, शरद पवार गुट के वे नेता माफी मांगे, जिन्होंने पूर्व में अजीत पवार पर अपमानजनक और निराधार आरोप लगाए हैं। दूसरी शर्त है कि शरद पवार का गुट विलय के बाद अजीत पवार को नेता माने।

ये मांगे शरद पवार खेमे के गले नहीं उतर रही हैं। गुट के एक नेता ने इन शर्तों को नकारते हुए कहा कि "अल्टीमेटम और दबाव की रणनीति पर आधारित विलय स्वीकार्य नहीं है। जिस तरह से अजीत पवार गुट अपनी मर्जी थोप रहा है, वह अलोकतांत्रिक है। सशर्त एकता से दूरगामी राजनैतिक सहयोग की नींव नहीं रखी जाती है।" उक्त नेता ने अजीत गुट पर दादागिरी की राजनीति करने का आरोप लगाया।

महाराष्ट्र के राजनैतिक पर्यवेक्षक विलय की वार्ता से हैरान नहीं हैं। दोनों पक्षों के कई नेता विचारधारा परिशुद्धता से ज्यादा अपने हितों की सुरक्षा के लिए भी चिंतित है। इनमें से अधिकांश सहकारी समितियों के मुखिया हैं और उनकी अपनी चीनी मिलें, कंस्ट्रक्शन कंपनियां व कई ठेका आधारित व्यवसाय हैं। मंद होती अर्थव्यवस्था में वित्तीय चिंताओं ने उन्हें राजनैतिक तथा व्यावसायिक भविष्य सुरक्षित करने के लिए विलय पर विचार करने को मजबूर किया है।

जमीनी स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता से पार्टी कार्यकर्ताओं की चिंता भी बढ़ गई है। शरद पवार ने खुद को सक्रिय राजनीति से दूर कर लिया है और उनके गुट के कई नेता अन्य राजनैतिक विकल्प तलाश रहे हैं, ताकि महाराष्ट्र की राजनीति में उनका अस्तित्व बना रहे।

मौजूदा राज्य सरकार स्थिर है और लगता है अपना कार्यकाल पूरा करेगी। इसे देखते हुए सत्तारूढ़ गठबंधन इन्हें आकर्षक विकल्प लग रहा है।

अटकलें हैं और कुछ राजनैतिक विश्लेषक भी यही कह रहे है कि अडानी ग्रुप के लोगों से शरद पवार की निकटता बढ़ गई है और इसी वजह से अजीत पवार के प्रति उनका रुख नरम पड़ गया है। ये घटनाक्रम हालांकि ऑफिशियल नहीं, पर इसे विश्वसनीय माना जा रहा है।

- अजीत पवार ग्रुप ने कई कड़ी शर्ते भी रखी हैं: शरद पवार खेमे के सभी नेता सार्वजनिक माफी मांगें, अजीत पवार पर "अनर्गल आरोप" लगाने के लिए।
- दूसरी शर्त है कि विलय के बाद, शरद पवार का खेमा, विधिवत् अजीत पवार को पार्टी का नेता स्वीकार करे।
- शरद पवार खेमा इन शर्तों को अजीत पवार ग्रुप की "दादागिरी" मानता है तथा उनके अनुसार, सशर्त एकता, किसी सच्चे, दीर्घकालीन राजनीतिक सहयोग के रास्ते में बाधक होती है।
- पर, यह भी सच है कि एन.सी.पी. के अधिकांश नेता अपने बिज़नैस के हितों की सुरक्षा के बारे में ज्यादा चिंतित हैं, बनिस्पत कि "सैद्धांतिक पवित्रता" के और अब भाजपा के मु.मंत्री देवेन्द्र फडनवीस की सरकार अपना "टर्म" आसानी से पूरा करेगी, अतः एन.सी.पी. के नेता इस "सत्तारूढ़ गठबंधन" के नज़दीक रहना चाहते हैं और इसीलिए एन.सी.पी. के दोनों धड़ों के विलय की बात बार-बार उठ रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री आवास पर हाईलैवल मीटिंग

नयी दिल्ली, 16 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार शाम अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया।

मोदी की अध्यक्षता में एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में शाह के अलावा विदेश मंत्री ड़ॉ एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। इस बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इस बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गई है, हालांकि यह माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री, विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बाद मौजूदा स्थिति की समीक्षा की है। इसके अलावा, आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

- मीटिंग में प्र.मंत्री मोदी के साथ गृहमंत्री शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल थे।

## विचार बिन्दु

**बेहतर यही होगा कि आप कोशिश करें शायद इसमे आप नाकामयाब हो जाऐं और उससे कुछ सीखें बजाये इसके कि आप कुछ करें ही नहीं। –मार्क जकरबर्ग**

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को निभानी होगी जिम्मेदार मीडिया की भूमिका

सच ही कहा है कि अतिउत्साह में कभी भी संयम नहीं खोना चाहिए। ऑपरेशन सिन्दूर और उसके बाद की हालातों को जिस तरह से टीवी चैनलों द्वारा सनसनीखेज बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है भले ही इससे इन चैनलों की टीआरपी में बढ़ोतरी हो जाए पर यह किसी भी हालत में एक जिम्मेदार मीडिया की भूमिका नहीं हो सकती। आज देशवासी सही तस्वीर देखने को तरस गए हैं। कोई चैनल पाकिस्तान के किसी स्थान पर कब्जे की बात करता है तो कोई चैनल पाकिस्तान की सीमाओं में भारतीय सेना के प्रवेश की बात करता है। कोई चैनल कुछ और सनसनीखेज तस्वीर बताता है। यह सब ऑपरेशन सिन्दूर के अगले दिन रात के प्रसारणों से खासतौर से देखने को मिला। ठीक है देशभक्ति का जज्बा है और ऑपरेशन सिन्दूर से प्रत्येक देशवासी अपने आप को गर्वान्वित महसूस कर रहा है। हमारी सेना, हमारे सैनिकों और राजनीतिक नेतृत्व को लेकर प्रत्येक देशवासी में अति उत्साह और लबालब विश्वास है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस दौर में देश के प्रिन्ट मीडिया ने अपनी भूमिका सही तरीके से निभाई है। सवाल यही है कि क्या चैनलों या इलेक्ट्रोनिक मीडिया का एकमात्र उद्देश्य गंभीर से गंभीर मुद्दे को सनसनीखेज ही बनाना है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि केन्द्र सरकार को बार बार एडवाइजरी जारी करनी पड़ रही है तो आमजन समझ ही नहीं पा रहे कि वास्तविकता क्या है?

एक समय था जब आकाशवाणी की अपनी विश्वसनीयता रही। सरकारी प्रसारण होने के बावजूद घडी का समय मिलाने से लेकर नियतकालीन न्यूज प्रसारण समय पर लोग सब कुछ काम छोड़कर या फिर चौराहे की पान–चाय की दुकान पर जम जाते थे। प्रातः 8 बजे, रात पौने नो बजे व स्थानीय समाचारों के लिए निर्धारित समय पर लोग समाचार सुनने का बेसब्री से इंतजार करते थे। विश्वसनीयता यह कि सरकार विरोधी आंदोलनकारी भी सरकारी आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित समाचारों पर पूरा–पूरा विश्वास करते थे। यही कारण था कि समाचारों की विश्वसनीयता होती थी। दूरदर्शन का आंरभिक दौर भी इसी तरह का रहा है। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचारों की वह गौरवशाली परंपरा इतिहास की बात हो गई है। 1956, 1962 या 1971 का युद्ध हो सभी की निगाहें समाचार बुलेटिनों पर रहती थी तो समय की मांग को देखते हुए देशभक्ति पूर्ण गीतों, कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता था। समय का बदलाव देखिये कि टीवी चैनलों की टीआरपी दौड़ सत्य दिखाने के स्थान पर भ्रम का जाल बुनने लगती है। सोशियल मीडिया पर यह आरोप आम है पर समाचार टीवी चैनल तो दो कदम आगे हो गए हैं।

**एक समय था जब आकाशवाणी की अपनी विश्वसनीयता रही। सरकारी प्रसारण होने के बावजूद घड़ी का समय मिलाने से लेकर नियतकालीन न्यूज प्रसारण समय पर लोग सब कुछ काम छोड़कर या फिर चौराहे की पान-चाय की दुकान पर जम जाते थे। विश्वसनीयता यह कि सरकार विरोधी आंदोलनकारी भी सरकारी आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित समाचारों पर पूरा-पूरा विश्वास करते थे। यही कारण था कि समाचारों की विश्वसनीयता होती थी। दूरदर्शन का आंरभिक दौर भी इसी तरह का रहा है। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचारों की वह गौरवशाली परंपरा इतिहास की बात हो गई है।**

समूचे देश के लिए गर्व की बात है कि आज सरहद के मोर्चे पर हो या कूटनीतिक मोर्चे पर हमारी रणनीति पूरी तरह से सफल है। हमारी सेना और सैनिक पाकिस्तान के हर कूटरचित कदमों को विफल करने में सफल हो रही है। पाकिस्तान द्वारा सीमावर्ती इलाकों और नागरिक क्षेत्रों में की जा रही सैन्य गतिविधियों को अंजाम देने के कुत्सित प्रयासों को पूरी तरह से विफल किया जा रहा है वही लगभग सभी ड्रोण हमलों को विफल किया जा रहा है। पाकिस्तान अब पूरी तरह कुंठित देश हो गया है और आज तुर्क और चीन को छोड़कर कोई देश पाकिस्तान के पक्ष में आने को तैयार नहीं है। पहलगाम की घटना के बाद से पाकिस्तान एक के बाद एक गलतियां कर रहा है और आतंकवादी के जनाजे में सैनिकों द्वारा शामिल होना उसके आतंकवादियों से जुड़ाव को स्पष्ट कर देता है। अब पाकिस्तान ने अपनी तरफ से इकतरफा भारत के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है अपितु परमाणु बम विस्फोट की धमकी दी जा रही है। पर जिस संयमित तरीके से भारत द्वारा पाकिस्तान के हर आक्रमण और कदम को विफल किया जा रहा है वह देश के लिए गर्व की बात है। आज पाकिस्तान का हर कदम उसके लिए आत्मघाती होता जा रहा है। बलूचियों को अलग अवसर मिल गया है तो पीओके में पाकिस्तान के विरोध को भी मुखर होने का अवसर मिल गया है।

जब युद्ध जैसे हालात हो तो ऐसे में सबसे पहली आवश्यकता जिम्मेदार रिपोर्टिंग की हो जाती है। मीडिया को ऐसे सभी कदमों से बचना जरुरी हो जाता है। सबसे महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि हमारी अतिउत्साह की रिपोर्टिंग दुश्मन देश के लिए सहायक ना बन जाए यह जरुरी हो जाता है। यही कारण है कि सरकार एडवाइजरी जारी करते हुए सेना के मुवमेंट व अन्य सामरिक सूचनाओं से दूरी बनाये रखने की सलाह दी जा रही है। दरअसल जिस तरह से ऑपरेशन सिन्दूर के बाद पाकिस्तान द्वारा द्रोण हमलों का दौर चलाया और उनके द्रोण हमलें को नाकाम किया गया वहां तक तो सब ठीक रहा पर ब्रेकिंग के नाम पर जो कुछ दिखाया जा रहा था वह जिम्मेदार मीडिया की भूमिका नहीं कहा जा सकता। ऐसे में टीवी चैनलों को संयम और जिम्मेदारी से काम करना होगा। हमें पाकिस्तानी प्रोपेगेण्डा प्रचार से दूर रहते हुए रचनात्मक भूमिका निभानी होगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 17 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 5:44 तक, साध्य योग प्रातः 7:09 तक, कौलव करण सायं 5:36 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:04 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–धनु, मंगल–कर्क, बुध–मेष, गुरू–मिथुन, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज विवाह मुहुर्त उत्तराषाढ़ा में है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:22 से 9:03 तक, चर 12:23 से 2:03 तक, लाभ अमृत 2:03 से 5:24 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:04




**मेष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**

आज महत्वपूर्ण कार्यो के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**वृष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**कन्या**

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**मकर**

आज अनर्गल कार्यो में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चो में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




**मिथुन**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।




**तुला**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।




**कुंभ**

आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।




**कर्क**

अस्त–व्यस्त दिनचर्या एवं स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृश्चिक**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**मीन**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# शरीर की ऊर्जा और आपका स्वास्थ्य



डॉ. रामावतार शर्मा

आप कितने ही लोगों से सुनते होंगे कि वे भोजन तो सामान्य ही करते हैं और घर का सारा कार्य भी करते हैं परंतु उनके शरीर का वजन कम नहीं होता है। यहां हमें कुछ आधारभूत जानकारी की आवश्यकता पड़ती है। पहली बात तो यह तथ्य है कि ऊर्जा न तो निर्मित की जाती है और ना ही नष्ट की जा सकती है, यह हालांकि संचयित की जा सकती है जिसके फलस्वरूप शरीर की मांसलता और वजन निर्मित होते हैं। दूसरी बात यह है हमारा शरीर केमिकल और इलेक्ट्रिक एनर्जी द्वारा संचालित होता है। भोजन से प्राप्त केमिकल एनर्जी कोशिका की माइटोकॉन्ड्रिया द्वारा इलेक्ट्रिकल एनर्जी में परिवर्तित की जा सकती है। अब यदि शरीर में ऊर्जा की आवक उसके उपयोग से अधिक है तो ग्लूकोज रूपी ऊर्जा चर्बी में परिवर्तित हो कर संचयित होती रहती है जिसके फलस्वरूप शरीर का वजन आवश्यकता से अधिक बना हुआ रहेगा और यदि ऊर्जा की आवक नियंत्रित नहीं है तो कसरत द्वारा उपयोग के बावजूद भी वजन कम होने की संभावनाएं नगण्य ही पाई गई हैं। इस बात को समझने के लिए हमें हमारे शरीर द्वारा ऊर्जा उपभोग की प्रक्रिया को जानना होगा।

जब हम जागृत अवस्था में सिर्फ बैठे रहते हैं तो हमारा शरीर जीवित रहने के लिए हमारे भोजन की 60 प्रतिशत ऊर्जा को काम में ले लेता है। इसमें हृदय संचालन, सांस लेने और शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य में लगातार ऊर्जा का व्यय होता रहता है। यहां अधिकतर ऊर्जा हमारा मस्तिष्क काम में लेता है। इस को शरीर की बीएमआर (बेस मेटाबोलिक रेट) कहते है यानि मूल चयापचन गति।

दूसरे, हम बिना कसरती गतिविधियों जैसे हाथ पैरों को चलाना, गर्दन एवं आंख आदि को घुमाना, घर के सामान्य कार्यों को करना आदि में कोई 25 प्रतिशत ऊर्जा उपभोग करते हैं। तीसरे, हमारे भोजन को पचाने जैसे कार्यों में 6 से 8 प्रतिशत ऊर्जा का व्यय होता है। आखिर में यदि आपके भोजन में फाइबर और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा है तो इस सब को पचाने और पाचन के बाद ऊर्जा के उपयोग करने में 8 से 10 प्रतिशत ऊर्जा काम में आ जाती है। इस प्रकार हम देखते हैं सामान्य जीवन में सामान्य मात्रा में कैलोरी उपभोग यदि किया जाए तो बिना किसी कसरत के ही सारी ऊर्जा उपयोग में आ जाती है और कसरत अकेली आप का वजन नहीं घटा सकती है। यदि आपको वजन घटाना है तो ऊर्जा की आवक नियंत्रित करनी होगी और भोजन में प्रोटीन और रेशे को बढ़ाना होगा अन्यथा आपके सारे प्रयास विफल होंगे।

यहां वजन की बात इसलिए उठाई गई है क्योंकि पूरे विश्व में मोटापा एक महामारी बन चुका है। भारत की शहरी आबादी का 50 प्रतिशत मोटापे का शिकार है। इसके फलस्वरूप शरीर के अंगों और पेट में चर्बी इकट्ठी हो जाने से डायबिटीज और संबंधित मेटाबोलिक रोगों में तीव्र वृद्धि हुई है। इसके अलावा मोटापा कैंसर की उत्पति का दूसरा महत्वपूर्ण कारण है। युवतियों में सिस्टिक ओवरी और युवकों में शुक्राणु संख्या में गिरावट के अलावा हृदय रोग, स्लीप एपनिया जैसे रोगों की उत्पति मोटापे के कारण होती है। वजन नियंत्रित करने के लिए चंद कदम उठाने अत्यंत आवश्यक होते हैं। सर्वप्रथम तो भोजन में कार्बोहाइड्रेट्स को कम करना होगा तथा प्रोटीन एवं रेशे को बढ़ाना होगा। चीनी, मिठाइयां और फास्टफूड पर कठोरता से नियंत्रण करना होगा। प्रोटीन का शरीर में संग्रहण नहीं होता है इसलिए आवश्यकता से अधिक प्रोटीन गुर्दे द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है और कुछ मात्रा में ग्लूकोस में परिवर्तित हो जाता है। प्रोटीन और फाइबर पेट में तृप्ति का भाव पैदा करते है जिसके फलस्वरूप व्यक्ति आवश्यकतानुसार ही भोजन ग्रहण करता है।

इसके अलावा रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद बहुत आवश्यक होती है। इससे कम नींद लेने पर भोजन संबंधित संतुष्टि प्रदान करने वाले लेप्टिन हारमोन का रक्त स्तर गिर जाता है और भूख एवं बेचैनी बढ़ाने वाले ग्रेनिल हारमोन के स्तर में वृद्धि होने से व्यक्ति आवश्यकता से अधिक कैलोरी सा सेवन कर अपना वजन बढ़ा सकता है। अब बात आती है कसरत के प्रभावों की। यदि कैलोरी आवक का नियंत्रण नहीं किया जाए तो अकेली कसरत से वजन नियंत्रित होना संभव नहीं है। सिर्फ धावक या बदन को प्रताड़ित करने की हद तक की जाने वाली कसरतों से ही वजन कम किया जा सकता है जो सामान्य जीवन में संभव नहीं है और हानिकारक भी हो सकता है।

इसके अतिरिक्त यदि सिर्फ कम भोजन द्वारा वजन घटाया जाता है तो यह घट गया वजन चंद ही महीनों में वापिस बढ़ जाता है क्योंकि शरीर में यदि भूख को दबाया जाता है तो फैट कोशिकाएं बड़ी हो जाती हैं और उनकी संख्या भी बढ़ जाती है।

इन सब तथ्यों को देखते हुए जो बात उभर कर सामने आती है वह संतुलन की है। चूंकि आवश्यकता से अधिक कैलोरी का सेवन मोटापे के साथ डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, आर्थराइटिस, ओस्टियोपोरोसिस, अनिद्रा और निचले पायदान की जीवन गुणवत्ता का कारक होता है तो हमें भोजन में कैलोरी को कम करना होगा, नियमित कसरत द्वारा मांसपेशियों को विकसित करना होगा। स्वस्थ शरीर के लिए भोजन ग्रहण करने का समय अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। सुबह सूर्योदय के साथ या उससे थोड़ा पहले बिस्तर से उठना चाहिए और हल्के नाश्ते के बाद करीब 10 बजे के आसपास सुबह का भोजन ग्रहण करना चाहिए। दोपहर में कुछ फल आदि का सेवन कर शाम का भोजन रात के 8 बजे से पहले प्राप्त कर लेना चाहिए हालांकि 6 से 7 बजे का समय आदर्श होता है। जो लोग दफ्तर या व्यवसाय के कारण घर पर देरी से आते हैं उन्हें अपने दोपहर के भोजन समय में परिवर्तन कर उसे 2 बजे की बजाय 4 से 5 बजे कर देना चाहिए और रात्रि काल में मखाने जैसे कुछ हल्के खाने का उपयोग कर सो जाना चाहिए। इन सब परिवर्तनों से कुछ कष्ट हो सकता है पर ऐसा न करने से जीवन भी छोटा हो सकता है। अंतिम निर्णय तो उसी व्यक्ति को लेना होगा जो एक बेहतर जीवन व्यतीत करना चाहेगा।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# एआई का युग : वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए चुनौतियां और अवसर



अशोक कुमार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आज हमारे समाज और अर्थव्यवस्था के हर पहलू में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। स्वचालन, डेटा विश्लेषण और निर्णय लेने की क्षमताओं में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ, AI ने उद्योगों को नया आकार दिया है और कार्यबल की प्रकृति को मौलिक रूप से बदल रहा है। इस परिवर्तनकारी युग में, वरिष्ठ कर्मचारियों के सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ खड़ी हो गई हैं, लेकिन साथ ही नए और अप्रत्याशित अवसर भी खुल रहे हैं।

वरिष्ठ कर्मचारी, जिन्होंने अपने करियर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विशिष्ट कौशल और पारंपरिक कार्य पद्धितयों में निवेश किया है, अब एक ऐसे परिदृश्य का सामना कर रहे हैं जहाँ उनकी दशकों की विशेषज्ञता अचानक अप्रासंगिक लगने लगी है। AI–संचालित प्रणालियाँ उन कार्यों को कुशलतापूर्वक और तेजी से करने में सक्षम हैं जो कभी अनुभवी पेशेवरों के डोमेन थे। इससे कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लागत कम करने और दक्षता बढ़ाने के लिए अपने पुराने कर्मचारियों की छंटनी करने के लिए प्रोत्साहन मिला है।

**वरिष्ठ कर्मचारियों के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ:--**

**कौशल का अंतर:** सबसे बड़ी चुनौती AI और संबंधित तकनीकों में कौशल की कमी है। वरिष्ठ कर्मचारियों ने शायद अपने करियर के दौरान इन नई तकनीकों का अध्ययन नहीं किया होगा, जिससे वे उन भूमिकाओं के लिए कम प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं जिनमें डिजिटल साक्षरता और AI की समझ आवश्यक है।

**तकनीकी परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध:** मानव स्वभाव के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारी नई तकनीकों को सीखने और अपनाने में अनिच्छा महसूस कर सकते हैं। स्थापित आदतों और कार्यप्रणाली से चिपके रहने की प्रवृत्ति परिवर्तन को और अधिक कठिन बना सकती है।

**उच्च वेतनमान और लागत दबाव:** कंपनियाँ अक्सर लागत अनुकूलन के दबाव में रहती हैं। वरिष्ठ कर्मचारियों का वेतनमान आमतौर पर नए प्रवेशकों की तुलना में अधिक होता है, जिससे AI–संचालित स्वचालन उन्हें हटाने का एक आकर्षक वित्तीय विकल्प बना सकता है।

सीमित पुनःरोजगार के अवसर: AI के कारण कई पारंपरिक मध्य–प्रबंधन और विशेषज्ञता वाली भूमिकाएँ स्वचालित हो रही हैं। ऐसे में, वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए समान स्तर की नई भूमिकाएँ खोजना मुश्किल हो सकता है, खासकर यदि उनके पास अद्यतन तकनीकी कौशल की कमी हो।

मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव: नौकरी खोना या अपनी प्रासंगिकता महसूस न करना वरिष्ठ कर्मचारियों के आत्मविश्वास और आत्म–सम्मान पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। करियर के अंतिम चरण में इस तरह के बदलाव को स्वीकार करना और उससे निपटना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए उभरते हुए अवसर:--**

हालांकि चुनौतियाँ महत्वपूर्ण हैं, लेकिन AI के युग में वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए नए और महत्वपूर्ण अवसर भी मौजूद हैं, यदि वे सक्रिय रूप से अनुकूलन और सीखने के लिए तैयार हों।

**अनुभव और डोमेन विशेषज्ञता का लाभ:** AI सिस्टम को प्रभावी ढंग से डिजाइन, कार्यान्वित और प्रबंधित करने के लिए न केवल तकनीकी ज्ञान बल्कि उद्योग–विशिष्ट ज्ञान और व्यावसायिक समझ की भी आवश्यकता होती है। वरिष्ठ कर्मचारियों का वर्षों का अनुभव और डोमेन विशेषज्ञता विकास टीमों के लिए अमूल्य साबित हो सकती है। वे समाधानों को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**नेतृत्व और रणनीतिक भूमिकाएँ:** AI के कार्यान्वयन के लिए मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक सोच की आवश्यकता होती है। वरिष्ठ कर्मचारी अपने अनुभव का उपयोग टीमों का मार्गदर्शन करने, AI परियोजनाओं के लिए रणनीतियाँ विकसित करने और यह सुनिश्चित करने में कर सकते हैं कि पहल व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हों।

**नैतिकता और सामाजिक निहितार्थ:** जैसे–जैसे AI अधिक शक्तिशाली होता जाता है, इसके नैतिक और सामाजिक निहितार्थों पर विचार करना महत्वपूर्ण होता जाता है। वरिष्ठ कर्मचारी, अपने व्यापक दृष्टिकोण और अनुभव के साथ, AI के नैतिक उपयोग और संभावित जोखिमों को कम करने के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।

मानव–मशीन सहयोग में भूमिकाएँ: भविष्य का कार्यबल मानव और AI के सहयोगात्मक मॉडल पर आधारित होगा। वरिष्ठ कर्मचारी उन भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं जहाँ मानवीय बुद्धि, रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता AI की विश्लेषणात्मक और स्वचालन क्षमताओं का पूरक है। इसमें ग्राहक संबंध प्रबंधन, जटिल समस्या समाधान और नवाचार शामिल हो सकते हैं।

**परामर्श और प्रशिक्षण:** अपने समृद्ध अनुभव के साथ, वरिष्ठ कर्मचारी नई पीढ़ी को AI और उनके उद्योग के बीच संबंध को समझने में मदद करने के लिए सलाहकार और प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर सकते हैं। वे अपने व्यावहारिक ज्ञान और अंतर्दृष्टि को साझा करके एक महत्वपूर्ण सेतु का काम कर सकते हैं।

**उद्यमिता:** कुछ वरिष्ठ कर्मचारी अपने उद्योग ज्ञान और बाजार की समझ का उपयोग करके AI–संचालित नए उद्यम शुरू कर सकते हैं या मौजूदा व्यवसायों में समाधानों को एकीकृत करने में मदद कर सकते हैं।

**आगे की राहः--**

वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए AI के युग में सफल होने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है:–

निरंतर सीखना और पुनः कौशल: वरिष्ठ कर्मचारियों को सक्रिय रूप से AI की बुनियादी बातों, संबंधित तकनीकों और अपने उद्योग पर इसके प्रभाव को सीखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। ऑनलाइन पाठ्यक्रम, कार्यशालाएँ और उद्योग सम्मेलन इस प्रक्रिया में सहायक हो सकते हैं।

**खुलापन और अनुकूलनशीलता:** नई तकनीकों और कार्य पद्धितयों के प्रति खुला रहना महत्वपूर्ण है। परिवर्तन को गले लगाना और नई चुनौतियों को सीखने के अवसर के रूप में देखना सफलता की कुंजी है।

अपने अनुभव का मूल्य समझना: वरिष्ठ कर्मचारियों को अपने वर्षों के अनुभव, उद्योग ज्ञान और सॉफ्ट स्किल्स (जैसे संचार, नेतृत्व और समस्या–समाधान) के महत्व को कम नहीं आंकना चाहिए। ये कौशल AI द्वारा आसानी से प्रतिस्थापित नहीं किए जा सकते हैं और नए संदर्भों में अत्यधिक मूल्यवान हो सकते हैं।

नेटवर्किंग और सहयोग: उद्योग के साथियों, तकनीकी विशेषज्ञों और युवा पेशेवरों के साथ जुड़ना नए अवसरों और सीखने के संसाधनों तक पहुंच प्रदान कर सकता है।

**कंपनियों की भूमिका:** कंपनियों को भी अपने वरिष्ठ कर्मचारियों के पुनः कौशल और कौशल विकास में निवेश करना चाहिए। समावेशी नीतियाँ बनाना और ऐसे अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है जो अनुभवी कर्मचारियों को AI–संचालित भविष्य में योगदान करने में सक्षम बनाएँ।

**निष्कर्ष:--** AI का युग वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण मोड़ है। चुनौतियाँ वास्तविक हैं, लेकिन निष्क्रियता कोई विकल्प नहीं है। सक्रिय रूप से सीखने, अनुकूलन करने और अपने अद्वितीय अनुभव और कौशल का लाभ उठाने वाले वरिष्ठ कर्मचारी न केवल प्रासंगिक बने रह सकते हैं बल्कि – संचालित भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह एक ऐसा युग है जहाँ अनुभव और नवाचार का संयोजन सफलता की ओर ले जाएगा, और वरिष्ठ कर्मचारियों को इस यात्रा में पीछे नहीं रहना चाहिए।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# करणीसर भाटियान में 61 बीघा जमीन पर खेजड़ी के 200 पेड़ काटे

- **शिकायत पर तहसीलदार ने पटवारी को मौके पर भेजा तो उन्हें सात-आठ पेड़ ही मिले, इसके अलावा कुछ कटे हुए ठूंठ नजर आए**
- **परिवादी ने पूगल थाने पर परिवाद देते हुए कुछ लोगों पर जमीन पर खेजड़ी के पेड़ काटने का आरोप लगाया**

**बीकानेर,** (निसं)। बारानी के बाद अब नहरी जमीन पर भी सोलर प्लांट लगने शुरू हो गए हैं। नोखा दहिया और जयमलसर में सोलर कंपनी ने एक हजार बीघा से अधिक कमांड भूमि लीज पर ली है। जमीन के पास से नहर जा रही है। खेत में हरे–भरे पेड़ लहलहा रहे हैं, जिन पर धीरे–धीरे आरियां चलने लगी हैं। कोलायत तहसीलदार ने बुधवार को मौके से कटे हुए खेजड़ी के 96 पेड़ जब्त किए हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा एमओयू हुए हैं। कंपनियों ने पूगल, श्रीडूंगरगढ़, जामसर, नाल, कोडमदेसर, गजनेर, कोलायत आदि क्षेत्रों में सोलर प्लांट लगाने का काम शुरू कर दिया है। नोखा दहिया और जयमलसर में दो दिन पहले ही विवाद हुआ था।

पूगल तहसील के करणीसर भाटियान में 61 बीघा जमीन पर खेजड़ी के 200 पेड़ काट डाले गए। परिवादी अंतर कंवर पत्नी चांद सिंह, विशाल कंवर पत्नी शिव सिंह की शिकायत पर तहसीलदार ने पटवारी सुभाष बिश्नोई को मौके पर भेजा तो उन्हें सात–आठ पेड़ ही मिले। इसके अलावा कुछ कटे हुए ठूंठ नजर आए। परिवादी ने पूगल थाने पर भी परिवाद देते हुए कुछ लोगों पर उनकी जमीन पर खेजड़ी के पेड़ काटने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार यह जमीन सोलर प्लांट को लीज पर दी जा चुकी है। कमांड भूमि पर सोलर प्लांट लगाने के लिए एनओसी जारी करने पर इंदिरा गांधी नजर परियोजना ने आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन नहर अभियंताओं की सुनी ही नहीं गई। वर्ष 2021 में नहर विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता विवेक गोयल ने उपनिवेशन आयुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि कमांड क्षेत्र में सोलर प्लांट लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाए। पत्र में लिखा है कि नहर से पश्चिमी राजस्थान को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलता है। राज्य सरकार नहर पर करोड़ों रुपए खर्च करती है। उसके बावजूद उपनिवेशन विभाग की ओर से सोलर कंपनियों को एनओसी जारी की जा रही है। उधर उपनिवेशन विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि एनओसी उच्च स्तर से जारी हो रही है। उनके पास आवेदन ही नहीं आ रहे।

# लू से झुलसा बीकानेर शहर, पारा 44.8 डिग्री पहुंचा

- **25 मई से नौतपा लगेगा, 2 जून तक लोगों को सर्वाधिक तपिश और लू वाले दिनों का सामना करना होगा, नौतपा के कुछ दिन बाद प्री-मानसून की बारिश की संभावना बढ़ने लगती है**

**बीकानेर,** (निसं)। मौसम ने अब कड़े तेवर दिखाने शुरु कर दिये हैं। कड़ाके की धूप और सड़कों पर लू से लोग बाहर तो दूर घरों में ही परेशान हो उठे। दिन का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में बाजारों से लेकर गली–मोहल्लों की सड़कों पर सन्नाटा हो गया। हर कोई लू से बचाव के कारण छांव तलाशता रहा।

जानकारी के अनुसार बुधवार को ही अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री था, यानी 44 डिग्री तक पहुंच ही चुका था। तब तक मौसम विभाग ने प्रचंड लू के संकेत वेबसाइड पर शो नहीं किया था मगर अब गुरुवार से सोमवार तक प्रचंड लू का अलर्ट जारी किया है। तापमान 44 डिग्री से तो ऊपर ही रिकार्ड किया जाएगा। मई में लू का ये पहला चरण है। इससे पहले अप्रैल में 3–3 दिन के 3 चक्र में लू चल चुकी है, जो अप्रैल ज्यादातर सामान्य रहता था उसमें लोगों को 9 दिन लू झेलनी पड़ी थी। मई पूरा प्रचंड लू में बीतता था उसी मई के शुरू के 10 दिन सुकून और राहत में गुजरे। मगर अब बचे 20–22 दिन गर्मी से पूरी तरह छकाने वाले हैं। मौसम विभाग के हिसाब से 20 मई तक लगातार पारा 45 डिग्री और उसके आसपास ही रहेगा। इस वजह से रात भी तपने वाली है, यानी सुकून ना दिन में होगा ना रात में। परेशानी सिर्फ 20 मई तक की नहीं है। असली परेशानी तो नौतपा में आने वाली है जिसमें लगातार 9 दिन तपिश पीछा नहीं छोड़ती। 25 मई से नौतपा लगेगा। 2 जून तक लोगों को सर्वाधिक तपिश और लू वाले दिनों का सामना करना होगा। नौतपा के कुछ दिन बाद प्री–मानसून की बारिश की संभावना बढ़ने लगती है। नौतपा के बारे में कहा जाता है कि वो जितना तपेगा उतनी ही बारिश अच्छी होगी।

# अंतरराष्ट्रीय गुजराती गैंग की चार महिलाएं गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहनों में सवारियों के साथ समूह में बैठकर वारदात करने वालीअंतरराष्ट्रीय गुजराती गैंग की एक ही परिवार की चार महिलाओं को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामना आया है कि रेल्वे स्टेशन एवं कच्ची बस्ती में रहते हैं। जो दिनभर शहर में घूम कर रैकी करके ऑटो रिक्शा में अकेली महिला के साथ बैठकर ज्वैलरी व नकदी की चोरी की वारदात को अंजाम देती हैं और फिर दिल्ली एवं अहमदाबाद में जाकर वारदात के माल को ठिकाने लगाते हैं। इस गैंग ने माणकचौक, दूदू पुलिस थानों एवं अन्य थाना ईलाकों में दर्जनों वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल आरोपित महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।



विधायकपुरी थाना पुलिस ने वाहनों में सवारियों के साथ समूह में बैठकर वारदात करने वाली चार महिलाओं को गिरफ्तार किया हैं।

- वाहनों में सवारियों के साथ समूह में बैठकर वारदात करती हैं महिलाएं
- बातों में लगाना, ठेग लगाना, धक्का मारकर नजर बचाकर पर्स एवं गहने चुराने की वारदातों को अंजाम देती हैं

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहनों में सवारियों के साथ समूह में बैठकर बातों में लगाना, ठेग लगाना, धक्का मारकर नजर बचाकर पर्स एवं गहने चुराने वाली गुजराती गैंग की शातिर महिलाएं अंजनी उर्फ पंखुड़ी, सुशीला, पिंकी और वसन को गिरफ्तार किया है। चारों ही महिलाएं एक ही परिवार की है और गुजरात हाल खानाबदोश बेनाड रेलवे स्टेशन रहने वाली है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि बातों में लगाना, ठेग लगाना, धक्का मारकर नजर बचाकर पर्स एवं गहने चुराने की वारदात को देती हैं। अंजाम और फिर अपने पुरुष सहयोगियों के मार्फत दिल्ली, अहमदाबाद आदि स्थानों पर माल को बेच देती है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें देखने की आशंका जताई जा रही है।

# रीको प्रत्यक्ष आवंटन योजना के द्वितीय चरण में भूखंड आवंटन के लिये आवेदन मांगे

**जयपुर।** रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के द्वितीय चरण में भूखण्ड आवंटन के लिये 15 मई से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024" के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ 30 अप्रैल तक एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशकों के लिए रीको द्वारा चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आरक्षित मूल्य पर आवंटित किये जायेंगे। 98 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 7100 भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। योजना में विभिन्न श्रेणियों/वर्गों के लिए भी भूखण्ड आरक्षित किये गये हैं जिनमें से अनूसूचित जाति/जनजाति के लिये 253, महिला वर्ग के लिये 224, भूतपूर्व सैनिक के लिये 118, बेंचमार्क दिव्यांगता के लिये 151 तथा सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित के लिये 62 भूखण्ड हैं। करीब 6300 भूखण्ड अनारक्षित हैं।

- योजना में राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स के लिये करीब 7100 भूखंड आवंटन के लिये उपलब्ध

योजना में ईएमडी जमा कराने की अंतिम तिथि 28 मई है तथा ई-लॉटरी 5 जून को प्रस्तावित है। माह मार्च-2025 में प्रारंभ हुए प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के प्रथम चरण में निवेशकों का अत्यधिक उत्साह देखा गया जिसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान इंपेक्ट 1.0 के कार्यक्रम में इस योजना के समय विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि जो निवेशक 30 अप्रैल तक राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करेंगे। वह भी इस योजना में भूखण्ड आवंटन हेतु पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पूर्व लगभग चार माह में 2637 एमओयू निष्पादित हुए थे, परन्तु उक्त घोषणा के बाद 30 अप्रैल तक 1578 नए एमओयू निष्पादित हुए हैं। इस घोषणा के उपरांत एमओयू निष्पादन की तेजी से बढती संख्या से रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तहत भूखण्ड प्राप्त करने में निवेशकों का उत्साह बढ़ा है।

माह मार्च- 2025 में योजना के प्रथम चरण में रीको ने 98 औद्योगिक क्षेत्रों (86 मौजूदा एवं 12 नए) में भूखण्ड आवंटन हेतु ऑनलाइन पॉर्टल पर उपलब्ध कराये थे। इस योजना में करीब 350 करोड रूपये के 98 भू खण्डों के लिये निवेशकों को आफर लेटर जारी किये गये एवं भूखण्ड आवंटन प्रक्रियाधीन है।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के एमओयू होल्डर्स को रीको औद्योगिक क्षेत्रों में आरक्षित दर पर औद्योगिक भूखण्ड भूखण्ड उपलब्ध करवाने के लिये योजना का द्वितीय चरण प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत रीको द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 7100 भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य राइजिंग राजस्थान के जरिये अधिक से अधिक उद्यम राजस्थान में स्थापित करना है। प्रत्यक्ष आवंटन योजना में आवंटित इन भूखण्डों पर उद्योगों के स्थापित होने से राजस्थान के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा जिससे स्थानीय एवं राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# 'दंत चिकित्सकों का परिवीक्षा काल अधिक क्यों?'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, प्रमुख वित्त सचिव और प्रमुख कार्मिक सचिव से पूछा है कि समान कार्य और पद होने के बावजूद दंत चिकित्सकों का परिवीक्षा काल मेडिकल ऑफिसर के मुकाबले दो साल का क्यों रखा गया है। अदालत ने इन अधिकारियों से यह भी बताने को कहा है कि दंत चिकित्सकों को परिवीक्षा काल में मेडिकल ऑफिसर के समान भत्ते का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ प्रियंका सैनी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता निखिल सैनी ने अदालत को बताया कि दंत चिकित्सक और मेडिकल ऑफिसर का एक समान पे-ग्रेड होता है। वहीं इन दोनों श्रेणियों के चिकित्सकों का नियोक्ता और सेवा शर्ते भी एक समान ही होती है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने 3 दिसंबर, 2012 को नोटिफिकेशन जारी कर राजस्थान मेडिकल एवं स्वास्थ्य सेवा नियम, 1963 के नियम 28 में संशोधित कर मेडिकल ऑफिसर का परिवीक्षा काल दो साल के बजाए एक साल कर दिया। इसके पीछे राज्य सरकार का तर्क था कि मेडिकल ऑफिसर अपने एमबीबीएस कोर्स के दौरान ही एक साल की इंटर्नशिप कर लेते हैं। इस नोटिफिकेशन को चुनौती देते हुए कहा गया कि मेडिकल ऑफिसर और दंत चिकित्सकों की सभी सेवा शर्ते आदि समान हैं और दंत चिकित्सक भी अपनी पढ़ाई के बाद एक साल का इंटर्नशिप करते हैं। इसके बावजूद दोनों के बीच परिवीक्षा काल को लेकर भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसके अलावा जब दंत चिकित्सक भी मेडिकल ऑफिसर के समान कार्य कर रहे हैं तो फिर उन्हें भी परिवीक्षा काल में मेडिकल ऑफिसर के समान भत्ता दिया जाना चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# विक्रम सिंह धाकड़ राष्ट्रीय प्रवक्ता बने

**जयपुर।** धाकड़ समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक, शैक्षिणक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध श्री धाकड़ महासभा युवा संघ की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शुक्रवार को विधिवत ऐलान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक नरेंद्र नागर के निर्देशों पर युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड़ ने कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। घोषित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर कुल 75 से अधिक युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में 7 राष्ट्रीय महामंत्री, 8 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 18 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 12 राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, और 10 राष्ट्रीय मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा 3 पदाधिकारियों को राष्ट्रीय प्रसार-प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि 1 पदाधिकारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस कार्यकारणी में दुर्गालाल नागर, अरुण नागर, प्रवीण धाकड़, शिवलाल धाकड़ और घनश्याम धाकड़ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो संगठन को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूती देंगे। कार्यकारणी में निर्भय राम बाडोलिया को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन की वित्तीय संरचना को मजबूत करने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर होगी। संगठन की नीति, विचार और सामाजिक संदेशों को देशभर में पहुंचाने के लिए पत्रकार विक्रम सिंह धाकड़ और राम अवतार नागर को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। दोनों को मीडिया और संवाद मंचों पर संगठन का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यकारिणी में माधोसिंह धाकड़, पुरुषोत्तम धाकड़ समेत अन्य को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाया गया है। संगठन विस्तार और अनुशासन को बनाए रखने के लिए संगठन मंत्रियों की भूमिका प्रमुख मानी जा रही है।

# मसाला मेले के लिये सहकारिता विभाग और कॉनफेड की सराहना

**जयपुर।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी एवं संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले का विजिट किया। उन्होंने मेले में लगी स्टॉल्स का अवलोकन कर देश-प्रदेश की सहकारी समितियों द्वारा विक्रय के लिए लाए गए मसालों एवं अन्य उत्पादों की जानकारी ली। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल भी इस दौरान उपस्थित रहीं।

डॉ. भूटानी एवं श्री जैन ने वर्ष 2003 से निरन्तर राष्ट्रीय स्तर के मसाला मेले के आयोजन के लिए सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड की सराहना की। राजपाल ने उन्हें अवगत कराया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर मसाला मेले का आयोजन किया गया है। मेले में राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, केरल, तमिलनाडू, पंजाब आदि राज्यों की सहकारी संस्थाओं के मसाले एवं अन्य उत्पाद 145 स्टॉल्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवाये गए हैं। आगन्तुकों को मेले में एक ही छत के नीचे शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित दाम पर उपलब्ध हो रहे हैं। राजपाल ने बताया कि श्री अन्न के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले में लगभग 25 स्टॉल्स पर ये उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके प्रति लोगों का खास रूझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से लोगों का सहकारी उत्पादों पर विश्वास बढ़ रहा है और सहकारी समितियों को भी अपने उत्पादों की बिक्री के लिए उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो रहा है। डॉ. भूटानी एवं जैन ने इस अवसर पर डेली लक्की ड्रॉ के तीन विजेताओं को गिफ्ट हैम्पर भी प्रदान किए।



सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी एवं संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले का विजिट किया।

## संगठन की सफलता के प्रति समर्पण आवश्यक : बंठिया

**जयपुर।** सीआईआई-यंग इंडियंस अजमेर चैप्टर ने आज अभिनव बंठिया, प्रबंध निदेशक-मनु यंत्रालय प्रा. लि. के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। अपने संबोधन के दौरान, अभिनव बंठिया ने युवा उद्यमियों को इस बात पर जोर दिया कि अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाने की तीव्र इच्छा प्रदर्शित करना किसी की भूमिका के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह न केवल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को दर्शाता है, बल्कि संगठन की सफलता के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।

सत्र के दौरान, साक्षी अग्रवाल, अध्यक्ष, वाई अजमेर चैप्टर ने साझा किया कि बंठिया के साथ ओपन डिसक्सन ने युवा उद्योग प्रतिनिधियों को उद्यमिता की यात्रा में आवश्यक चुनौतियों और प्रतिबद्धता के स्तर के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

# आर.टी.यू. के पूर्व कुलपति के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कार्रवाई पर रोक

**जयुपर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरटीयू, कोटा के पूर्व कुलपति राम अवतार गुप्ता के खिलाफ पांच लाख रुपए की रिश्वत के मामले में एसीबी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर में कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार और राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश राम अवतार गुप्ता की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मामले में अभियोजन की मंजूरी राज्यपाल के सचिव ने 29 नवंबर 2024 को दी है। इसके लिए राज्यपाल की शक्तियों को हस्तांतरित किया गया। ऐसे में याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कार्रवाई पर रोक लगाना उचित होगा।

- पांच लाख रुपए की रिश्वत के मामले में एसीबी की ओर से दर्ज की गई थी एफआईआर

याचिका में अधिवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया कि राज्यपाल ही कुलपति को नियुक्त करता है और उन्हें ही उसे हटाने की शक्ति होती है। राज्यपाल की शक्तियों को किसी अन्य को हस्तातंरित नहीं किया जा सकता। जबकि इस मामले में राज्यपाल के सचिव ने तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया और एक प्रोफार्मा के आधार पर ही एसीबी को याचिकाकर्ता के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी। इसके अलावा मामले में राज्यपाल को स्वयं अपने विवेक से अभियोजन स्वीकृति पर फैसला करना था। इसलिए याचिकाकर्ता के खिलाफ मामले में की जाने वाली समस्त कार्रवाई को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि एसीबी की टीम ने राम अवतार गुप्ता को पांच लाख रुपए की रिश्वत के साथ 5 मई, 2022 को पकड़ा था। राम अवतार पर आरोप है कि एक निजी कॉजेल में छात्रों की सीट बढाने की एवज में यह रिश्वत ली गई थी। एसीबी को कुलपति के कमरे से लाखों रुपए की नकदी और परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में भी बडी धनराशि मिली थी।

# सीवरेज व नालों की सफाई कराने के निर्देश

**जयपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्टर सभाहगार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने जयपुर जिले के दुर्घटना सम्भावना वाले 118 ब्लैक स्पॉर्टस पर चल रहे स्थाई व अस्थाई प्रकृति के रेस्टोरेशन कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित रोड़ कट्स के कारण हो रही दुर्घटनाओ में कमी लाने के लिए रेक्टीफिकेशन कार्यो में शीघ्रता लाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। जिला कलक्टर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गो पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है ताकि रात्रि के समय प्रकाश न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं मे कमी लाई जा सके।

जिला कलक्टर ने नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हेरिटेज के क्षेत्रो में सीवरेज और नालों मे सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए हैं ताकि शहर में बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार का जलभराव न हो। बचाव व राहत कार्यो के लिए पर्याप्त संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने जे.डी.ए. को उनके क्षेत्र में आ रही सड़कों के गड्डे भरने के निर्देश दिए ताकि बरसात के मौसम में गड्डों में पानी भरने के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओ से आमजन को बचाया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा, एडीशनल एस.पी. एन.एन.एच. जयपुर पुष्पेन्द्र सिंह, ए.सी.पी. डी.सी.पी. वेस्ट सुरेन्द्र कुमार, ए.सी.पी. कोतवाली उत्तर अनुप सिंह, ए.डी. सी.पी. ईस्ट के.के. अवस्थी, अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग आर.के. सिंह, एस.ई. जे.डी.ए. मोहित चौधरी, एडीशनल डी.सी.पी साउथ पुनमचन्द विश्नोई सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सहज, सरल मनोज माथुर हमेशा याद रहेंगे : वासुदेव देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राष्ट्रवादी विचारधारा के सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी मनोज माथुर जैसे जागरूक पत्रकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका असमय चले जाना हम सभी मित्रगण, पत्रकार और पारिवारिक सदस्यों के लिए बहुत कष्टकारी है। मनोज माथुर के आदर्शों के अनुरूप पत्रकार आगे बढ़ें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। माथुर के लिए पत्रकारिता जौवन का आधार थी। देवनानी शुक्रवार को यहां नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में मनोज माथुर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित मनोज माथुर अवार्ड समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। देवनानी ने मनोज माथुर फाउण्डेशन को एक लाख रुपये धनराशि उनकी और से दिये जाने की घोषणा की। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रदान किये गये अवार्ड पुरस्कारों की सराहना की। समारोह में मनोज माथुर के जीवन पर आधारित वृत्त चित्र दिखाया गया।

- देवनानी ने मनोज माथुर फाउन्डेशन को एक लाख रूपये दिये
- देवनानी ने मनोज माथुर अवार्ड प्रदान किये





विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में मनोज माथुर फाउण्डेशन की ओर से आयोजित मनोज माथुर अवार्ड प्रदान किये।

समारोह में देवनानी ने प्रिन्ट मीडिया में अवधेश आकोदिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में महेश दाधीच और डिजिटल मीडिया में सौरभ भट्ट को मनोज माथुर अवार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार ओम सैनी थे। स्व. मनोज माथुर की पत्नी सुलक्षणा माथुर ने अतिथिगण और पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का पौधा भेंट कर अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका लोकतंत्र में महत्वपूर्ण होती है। पत्रकार जगत से जुडे हुए उन्हें भी 50 वर्षों से अधिक समय हो गया है। पत्रकार जगत सकारात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की आजादी के समय भी पत्रकार जगत ने राष्ट्र में देश भक्ति की को जगाये रखा। उन्होंने कहा कि नारद पत्रकारिता के जनक थे। वे संवाद के संवाहक थे। देवनानी ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर मिशन को पत्रकारों ने राष्ट्रवाद की भावना के अनुरूप प्रसारित किया, यह अभिन्दनीय है। देवनानी ने कहा कि आज भारत की विश्व में विशेष पहचान बनी है। भारत को बढ़ता हुआ अन्य देश नहीं देख पा रहे है। अन्य देशों की नजरों में भारत के प्रति खटखटाहट ही हमारे देश की ताकत है। नये भारत को श्रेष्ठ बनाने और उसे निरन्तर आगे बढ़ाने में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में विधायिका की महत्वूपर्ण भूमिका होती है। विधान सभा में नवीनता लाने के लिए श्रेष्ठ परिवर्तन करने का वे निरन्तर प्रयास कर रहे है। देवनानी ने इसके लिए पत्रकारों से सकारात्मक परामर्श देने के लिए कहा।

## 'एसएनए-स्पर्श के चरणबद्ध विकास एवं कार्यान्वयन में राजस्थान अग्रणी'

**जयपुर।** केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के निधि हस्तान्तरण की नवीन समयोचित प्रणाली एकीकृत शीघ्र हस्तान्तरण (एसएनए स्पर्श) के संबंध में केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में शासन सचिवालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय सहित राजस्थान, हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश के वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अतिरिक्त सचिव डॉ. सज्जन सिंह यादव ने नवीन प्रणाली में सफलतापूर्वक हस्तान्तरण किए जाने के लिए राजस्थान की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को भी राजस्थान की तर्ज पर उनके प्रदर्शन में सुधार लाने का सुझाव दिया।

# छात्रवृत्ति में समस्या के त्वरित समाधान के लिए बेहतर समन्वय से काम करें : बचनेश अग्रवाल

**जयपुर।** निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा छात्र-छात्राओं को तय समयावधि में छात्रवृति उपलब्ध कराने की है। इसमें होने वाले विलंब या समस्या के समाधान के लिए संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ काम कर छात्र-छात्राओं को राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अग्रवाल ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में जिले के लगभग 50 सरकारी और निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर छात्रवृति प्रक्रिया को आसान बनाने और छात्र-छात्राओं को प्रक्रिया समझाने और उचित परामर्श के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान या विद्यार्थी स्तर से समय पर आवेदन विभाग को अग्रेषित नहीं किए जाने, विद्यार्थियों द्वारा संस्थान में बायोमैट्रिक नहीं किए जाने, विद्यार्थी द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं किए जाने संबंधी समस्याओं को सुना और अधिकरियों को इनके त्वरित समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ने कहा समस्त संस्था प्रभारी संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति संबंधी कार्मिकों द्वारा प्रतिदिन निस्तारण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें तथा एक कलैंडर तैयार कर छात्रवृत्ति का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के आवेदनों पर लगने वाले आक्षेपों के निस्तारण के संबंध में एक एसओपी बनाई जाए तथा जिन विद्यार्थियों द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं की जा रही है या बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई जा रही है उनको व्हाट्सएप, दूरभाष या नोटिस चस्पा कर शीघ्र आक्षेप पूर्ति करवाएं।

# वायु सैन्य अधिकारी पत्नी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करने का आदेश

**जयपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-5 महानगर प्रथम ने वायु सैन्य अधिकारी पत्नी सहित उसके परिजनों के खिलाफ प्रताप नगर थाना पुलिस को दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश अभिनव जैन के परिवाद पर दिए।

- परिवादी अभिनव जैन के परिवाद पर अदालत ने प्रतापनगर थाना पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिये

परिवादी के अधिवक्ता संदेश खंडेलवाल ने बताया कि मर्चेंट नेवी में कार्यरत परिवादी और वायु सैन्य अधिकारी का विवाह फरवरी, 2022 में हुआ था। तब परिवादी तलाकशुदा और वह एयरफोर्स ऑफिसर की विधवा थी। पूर्व पति से उसके एक बेटा भी हुआ था। जिसके पालन पोषण के लिए उसे पेंशन के रूप में अलग से दो लाख रुपए मिलते हैं। शादी के बाद से ही पत्नी व उसके घरवालों का व्यवहार बदल गया। पत्नी आए दिन गुस्सा करने लगी। वहीं बाद में जयपुर ट्रांसफर होने पर भी उसे प्रताड़ित किया। उसके सास-ससुर उसकी शादी एयरफोर्स की बडी अफसर से होना बताकर बडी कार खरीदने के लिए कहते। वह सितंबर 2022 में जयपुर आया तो उन्होंने कहा कि यदि उसने डिमांड पूरी नहीं की तो वे उसका तलाक करा देंगे। इस दौरान 26 जून 2023 को उसके छोटा बेटा हुआ। लेकिन पत्नी की रुपए की मांग जारी रही। उसे अपने बेटे से भी नहीं मिलने दिया। वह 19 मार्च 2025 को जब एयरफोर्स स्टेशन बेटे से मिलने गया तो पत्नी व ससुर ने उससे पांच करोड रुपए व बीएमडब्ल्यू कार की मांग की और उसके बाद ही बेटे से मिलवाने के लिए कहा। परिवाद में कहा गया कि उसकी पत्नी व सास-ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रतापनगर थाना पुलिस को मामला दर्ज करने को कहा है।

# उदयपुर में सब्जी विक्रेता पर तलवार से हमला, व्यापारियों ने बाजार बंद रखे

## हमलावर आठ आरोपी गिरफ्तार व विधी से संघर्षरत दो अपचारी डिटेन

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के धानमण्डी थाना क्षेत्र तीज का चौक में नींबू खरीदने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद गुरूवार रात एकत्रित होकर आए बदमाशों ने सब्जी विक्रेता पर तलवार से हमला कर दिया। मामले में क्षेत्र में तनाव हो गया और रातभर क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इधर, घटना के बाद शुक्रवार को व्यापारियों ने बाजार बंद रखे। पुलिस व प्रशासन की समझाइश के बाद व्यापारियों ने दुकानें खोली। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें शामिल दो बाल अपचारी को डिटेन किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के धानमण्डी थाना क्षैत्र में तीज का चौक में गुरूवार रात को नींबू खरीदने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। यह बात गुरूवार शाम की बताई जा रही है लेकिन पास ही रहने वाले ये युवक रात को एकत्रित होकर आए और सब्जी विक्रेता सत्यवीर सिंह पर तलवार से हमला कर दिया उसे गंभीर घायल कर दिया। इसके बाद उपजे तनाव व एकत्रित हुई भीड़ ने क्षेत्र में पड़े सब्जी के थैलों आदि में आग लगा दी। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर दमकल की गाड़ी मंगवा कर आग पर

- उदयपुर के धानमंडी क्षेत्र के तीज का चौक में बीती रात की घटना
- प्रशासन व पुलिस ने समझाइश कर बाजार खुलवाए

काबू हालात शांत किए। इसके बाद व्यापारी के पुत्र राहुल ने पुलिस को घटना की जानकारी देकर मामला दर्ज करवाया है। इस मामले में अनुसंधान शुरू किया। हमलावरों की कहासुनी राहुल से हुई थी लेकिन वह मौके पर नहीं होने से बदमाश उसके पिता सत्यवीर सिंह पर हमला कर फरार हो गए। घटना के बाद जिससे क्षैत्र में हालात तनावपूर्ण हो गए। घायल सत्यवीर को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

घटना के दूसरे दिन शुक्रवार सवेरे तीज का चोक क्षेत्र के सभी व्यापारियों ने हमलावरों को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने तथा सुरक्षा की मांग करते हुए दुकानें बंद रखी। इस पर पुलिस एवं प्रशासन ने समझाइश कर बाजार खुलवाए।

इस मामले में पुलिस ने सब्जी विक्रेता सत्यवीरसिंह पर प्राणघातक हमला करने के मामले में धोलीबावड़ी निवासी तोफिक पुत्र अहसान, गणेश नगर पायड़ा निवासी अनस हुसैन पुत्र मुनव्वर, 80 फीट रोड़ निवासी तस्कीन खान पुत्र मो. शाहिद खान, मुर्शीद नगर सविना निवासी अरबाज हुसैन पुत्र इशाक, इलेय पुत्र मुर्तजा निवासी धानमंडी, गुल्लू पुत्र सरजील निवासी मल्लातलाई अंबामाता, हामिर हमजा पुत्रअल्ताफ हुसैन निवासी धोलीबावड़ी को गिरफ्तार किया है तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया है। घटना के बाद से क्षैत्र में माहौल शांतिपूर्ण है तथा मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है।

# ग्रामीणों ने बॉर्डर क्षेत्र के गांव में दो संदिग्धों को घूमते हुए पकड़ा

## अनाथालय के नाम पर चंदा व अनाज इकट्ठा कर रहे थे दोनों संदिग्ध युवक

**राववाला, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के गांव राववाला में ग्रामीणों ने अनाथालय के नाम पर चंदा इकट्ठा करते दो संदिग्ध युवक पकड़कर पुलिस को सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि एक बोलेरो गाड़ी में दो संदिग्ध युवक जो गलियों में घूमकर चंदा व अनाज इकट्ठा करते हुए पकड़ा है। गाड़ी में चार-पांच अनाज से भरे कट्टे थे। सीमाजन कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली कि राववाला गांव की गलियों में दो संदिग्ध युवक घर-घर घूमकर चंदा व अनाज इकट्ठा कर रहे हैं। राजू शर्मा ने बताया कि उनके कार्यकर्ताओं ने उन पर लगातार नजर रखी। जब उनकी हरकतें संदिग्ध लगने लगी तो दोनों को पकड़कर पूछताछ की। उनके हाथ पर बहुत ज्यादा रक्षा सूत्र

- गाड़ी के अंदर लक्ष्मी अनाथालय हनुमानगढ़ टाउन की एक बिल बुक और श्री कबीर साहेब फिजियोथेरेपी सेंटर के पर्चे मिले

बांधे हुए थे। दोनों के कानों में चांदी के कुंडल डाले हुए थे। उनसे उनका नाम पूछा गया तो एक व्यक्ति ने अपना नाम अमित और धर्म हिंदू बताया। ग्रामीणों ने दोनों को बैठाकर आईडी की जांच की गई जिसमें एक व्यक्ति के आधार कार्ड में उसका नाम अमीर खान पुत्र बीरबल खान गांव भोमपुरा जिला गंगानगर और दूसरे व्यक्ति का नाम महबूब खान निवासी केलनियासर जिला हनुमानगढ़ निकला। दोनों ने ग्रामीणों को गुमराह करते हुए बताया कि हमने हिन्दू धर्म अपना लिया है। ये आधार कार्ड पहले का है। गाड़ी के अंदर लक्ष्मी अनाथालय हनुमानगढ़ टाउन की एक बिल बुक और श्री कबीर साहेब फिजियोथेरेपी सेंटर के पर्चे मिले। इन पर गठिया आदि के इलाज की जानकारी लिखी थी। उनके पहनने के कपड़े और सोने के बिस्तर थे। ग्रामीणों ने भोमपुरा सरपंच गंगा सिंह से इनके नाम व धर्म के बारे में पूछा गया तो बताया कि ये मुसलमान है और हमारे गांव के अंदर एक घर है। ये वहा क्यो गए हमें पता नहीं है। ग्रामीणों ने रणजीतपुरा पुलिस थाना अधिकारी राकेश स्वामी को सूचना दी। उन्होंने हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र शर्मा जाप्ता के साथ राववाला भेज तो ग्रामीणों ने दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# परीक्षा केंद्र में संशोधन किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जनसंपर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) परीक्षा-2024 के जयपुर जिला मुख्यालय स्थित एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया गया है। आयोग

- जनसंपर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) परीक्षा-2024

सचिव ने बताया कि रोल नंबर सीरीज 5575217 से 5575600 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र परिवर्तित करते हुए (16-0072), टैगोर विद्या भवन सीनियर सेकंडरी स्कूल, मेजर शैतान सिंह कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर पिन कोड-302016 किया गया है। पूर्व में इन अभ्यर्थियों को (16-0022) महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, मालवीय नगर, जयपुर, पिन कोड-302017 परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था। अतः संबंधित परीक्षार्थी नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा 17 मई को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें।

# सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती

## राजस्थान सरकार ने हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में लीव-टू-अपील दाखिल की

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में लीव-टू-अपील दाखिल की। इसमें फिल्मी कलाकार सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जिसमें सभी संबंधित केसों पर एक साथ सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि एक अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ है शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था। प्रकरण में ट्रायल कोर्ट ने पांच

- जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है, मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी
- सन् 1998 में जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण के शिकार का मामला सामने आया था

अप्रैल 2018 को अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में सह आरोपी फिल्म अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। अब सरकार की लीव-टू-अपील स्वीकार होने पर इन सभी के खिलाफ मामले में फिर से सुनवाई होगी। राज्य सरकार की अपील में ट्रांसफर पिटीशन की अनुमति और एक्टर सलमान खान की सजा से जुड़े मामले को भी शामिल किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान एक अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण शिकार मामला सामने आया था। करीब दो दशक तक चली कानूनी लड़ाई के बाद अदालत ने अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। हालांकि मामले में शामिल अन्य फिल्मी कलाकार सैफ अली खान, नीलम, तब्बू और सोनाली बेंद्रे को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया था। सजा सुनाए जाने के बाद सलमान को जेल भेजा गया था, लेकिन फिलहाल वे जमानत पर हैं। उन्होंने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। इसी वर्ष 1998 में सलमान पर एक अन्य मामला भी दर्ज हुआ था, जिसमें उन पर लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी हथियार रखने का आरोप था। हालांकि इस मामले में उन्हें बरी कर दिया गया, लेकिन राज्य सरकार ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# सायबर ठग को गिरफ्तार किया



जरौली पुलिस ने सायबर ठग को गिरफ्तार किया।

**तिजारा, (निसं)।** जरौली पुलिस ने टटलूबाज सायबर फ्रॉड करने वाले अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत त्वरित कार्रवाई कर सायबर ठगी व टटलूबाजी करने वाले शातिर सायबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुबारिक खान भोले-भाले लोगों को पुराने सिक्के व नोट खरीदने व बेचने आदि के नाम पर एडवांस पैसे लेकर उनसे ठगी करता था।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया

- पुलिस अधिकारी की डीपी पर फोटो लगाकर करता था ठगी
- अकाउंट चेक करने पर फ्रॉड करने के मामले सामने आए

कि क्षेत्र में साइबर ठगी की सूचना मिल रही थी। डीएसपी शिवराज की निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस को अलापुर मोड पर भेजा गया, जहां पर एक युवक बैठा हुआ था। नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मुबारिक पुत्र हकमुदीन मेव उम्र 26 साल निवासी बेरला जिला खैरथल तिजारा का बताया, जिसकी तलाशी लेकर मोबाइल चैक किये गये तो उसकी जेब में दो मोबाइल फोन मिले। एक फोन में लगी हुयी सिम के वाट्सएप अकाऊंट-2 बना हुआ हैं।

दूसरे में व्हाटसप अकाउंट-2 का युजर नाम ऑल इंडिया हेल्प में, के नाम से बना हुआ है, जिसकी डीपी पर कोकोनेट टाफी के एड की फोटो लगायी हुयी है, जिसकी डीपी पर थ्री स्टार पुलिस अधिकारी की वर्दी में एक फोटो लगी हुयी है तथा अकाउंट का नाम के नाम से बना हुआ है। इस नम्बर के वाट्सएप को चैक किया गया तो विभिन्न लोगों के मोबाइल नम्बरों पर पुलिस की मारपीट की वीडियो, विभिन्न स्कैनर, विभिन्न प्रकार से आईडी कार्ड, ट्रांजेक्शन किये हुये विभिन्न प्लेटफार्म के स्क्रीन शॉट, विभिन्न मोबाइल नम्बरों पर पैसे डालने के मैसेज किये हुये हैं, जिस पर विभिन्न प्रकार के मोबाइलों के एड दिये जाकर उक्त ग्रुप के जरिये विभिन्न मोबाइल नम्बर पर भेजे हुये हैं।

मोबाइल फोन की गैलरी को चैक किया गया तो गैलरी में विभन्न प्रकार की टॉफी पैकिंग करने का ऐड दिया हुआ है तथा अनेक व्यक्तियों के आईडी कार्ड, सेल्फी फोटो तथा कम्पनी के नाम से विभिन्न व्यक्तियों के फर्जी आईडी कार्ड बना रखे हैं तथा लोकेशन भेजी हुयी स्क्रीन शॉट लिये हुये हैं तथा अनकों व्यक्तियों के पहचान दस्तावेज को फोन गैलरी में स्टोर किया हुआ है। विभिन्न बैंकों के पासबुक की फोटो व पुलिस व आर्मी के अधिकारियों के फर्जी फोटो व पहचान पत्र तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, आई कार्ड तथा भारतीय रिजर्व बैंक के लोगो का स्क्रीन शॉट लिया हुआ है तथा विभिन्न कम्पनियों के स्कैनर के स्क्रीन शॉट ले रखे है।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन में बने इन्स्टाग्राम अकाउट को चैक किया तो के नाम से युजर नेम बना रखा तथा इन्स्टाग्राम पर टाफी पैक करने के एड दे रखे हैं। पुछताछ करने पर उसने बताया कि मैं जरिये इंस्टाग्राम पेज पर टाफी पैक करने के एड देकर लोगों को चोकलेट पैकिंग का जॉब देने का फर्जी वीडियो डालते हैं। तब हमारे पास काल आते हैं, तो हम लोगों से जोईनिंग फीस के 450 रुपये की कहकर लोगों से पैसे डलवा लेते हैं। इस प्रकार उक्त युवक मुबारिक द्वारा लोगों को मोबाइल फोन पर फेसबुक पेज अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी कर आनलाइन फ्रॉड किया जा रहा है, जो लोगों को जॉब दिलाने का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगी करता है। पुलिस ने मुलजिम मुबारिक खान को गिरफ्तार किया।

# राजसमंद में मूसलाधार बारिश हुई



राजसमंद में शहर में हुई बारिश के बाद सड़क पर पानी भर गया।

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय और इसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को दिनभर उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया, लेकिन शाम होते ही मौसम ने करवट ली और बूंदाबांदी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जिससे वातावरण में थोड़ी ठंडक आई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह से ही तेज धूप खिली रही और हवा में नमी की अधिकता के कारण लोगों को चिपचिपाती गर्मी का सामना करना पड़ा। उमस के कारण लोग घरों और कार्यालयों में भी बेचैन नजर आए। दोपहर तक स्थिति और भी खराब हो गई, जिससे दैनिक कार्यों पर भी असर पड़ा। हालांकि, शाम करीब पांच बजे आसमान में अचानक काले बादल घिर आए, जिससे मौसम में बदलाव के संकेत मिले। कुछ ही देर में बूंदाबांदी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। दिनभर की उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने शाम की इस बारिश का स्वागत किया और राहत की सांस ली। इस बारिश से किसानों को भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। दिन में गर्मी और उमस बनी रहेगी, लेकिन शाम के समय हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। दिन का तापमान पिछले तीन दिनों से 38 डिग्री पर स्थिर है तो रात के तापमान में महज एक डिग्री की कमी के बाद न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

# जेईई-एडवांस्ड परीक्षा कल

**कोटा, (निसं)।** आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे कठिनतम और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड 18 मई को देश के 222 परीक्षा शहरों में प्रातः 9 से 12 और दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक होगी। परीक्षा कोटा में कई परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिसमें हजारों स्टूडेंट्स शामिल होंगे। प्रवेश पत्रों के आधार पर कोटा में रानपुर स्थित शिवज्योति इंटरनेशनल स्कूल, वाइबल सोल्युशंस और परिकल्क टेस्ट सेंटर कॉमर्स कॉलेज रोड तलवंडी हैं। इस वर्ष 1.90 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि दोनों परीक्षाओं के मध्य जो समय है। इसमें स्टूडेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए परीक्षा देनी है।

# मां और दो मासूम बच्चों की डिग्गी में डूबने से दर्दनाक मौत

**बीकानेर, (निसं)।** लूणकरणसर में सुबह मां सहित दो बच्चों के शव डिग्गी में मिले। तीनों की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। तीनों के शवों को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंपे जाएंगे। हादसा धीरेरां गांव की रोही में एक खेत में बनी डिग्गी का है।


पुलिस ने बताया कि डिग्गी में शव तैरने की सूचना मिली थी। इस पर मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों में राधा देवी (32), उसका पांच साल का बेटा लोकेश और दो साल की बेटी आरजू हैं। डिग्गी 15-20 फीट गहरी है। मरने वालों का घर डिग्गी के पास ही है। मामले में मृतका के भाई ने पुलिस में शिकायत दी है। मामले में मृतका के भाई नत्थुराम जाट ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन की शादी 12 साल पहले बजरंगलाल जाट के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे थे, जिनमें से दो की मौत हो गई। 15 मई की दोपहर के बाद बहन और दो बच्चे घर पर नहीं मिले। सूचना पर मैं ढाणी पहुंचा और मेरे बहनोई व अन्य रिश्तेदारी के साथ उनकी तलाश की। आज तड़के तीन बजे बहन के ससुराल के पास ही खेत में बनी डिग्गी में तीनों के शव मिले। इसकी पुलिस को सूचना दी। मृतका के भाई ने शिकायत में शक जताया कि कि भांजा-भांजी खेलते हुए पानी की डिग्गी में गिर गए होंगे। उन्हें बचाने के लिए बहन पानी में उतरी और तीनों डूब गए।

# असामाजिक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया, लोगों में आक्रोश

**रुदावल/भरतपुर, (निसं)।** रुदावल थाना क्षेत्र के गांव निभेरा में दो समाज के युवकों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद एक समाज के युवक एकत्रित होकर दूसरे समाज की बस्ती में पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। रात्रि को कुछ असामाजिक तत्वों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

शुक्रवार सुबह जब लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो मौके पर समाज के लोग एकत्रित हो गए और घटना को लेकर विरोध जताया। सूचना पर एडीशनल एसपी हरिराम कुमावत, सीओ नीरज भारद्वाज, तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा मय जाब्ता के मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने समाज के लोगों को समझाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। घटना को लेकर एक जने ने नामजदों के खिलाफ पत्थर मारकर बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने का मामला दर्ज कराया है।

रुदावल थाना पुलिस ने बताया कि गांव निभेरा निवासी रामसिंह पुत्र जोरावर सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि गांव



रुदावल थाना क्षेत्र के गांव निभेरा में अंबेडकर प्रतिमा को खंडित करने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

निभेरा में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगी हुई है। गुरूवार शाम करीब 8:30 बजे करीब 15-20 लोग हमारे बस्ती में आए। सभी लोगों के हाथों में लाठी डंडे थे। उन्होंने सभी बस्ती वालों को धमकाते हुए जातिसूचक गालियां दी। उन्होंने पथराव करते हुए बस्ती में लगी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। उन लोगों में गांव के अरुण, काना, सोनू, भानु, सेठी, दीपू, सचिन सहित करीब 10-12 लोग थे। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उन सभी लोगों ने बस्ती की महिलाओं को भी गालियां दी। सभी बस्ती वाले घबरा गए और अपने-अपने मकानों के गेट बंद कर लिए, उन सभी लोगों ने लाठी-डंडों से बस्ती के लोगों के गेट खटखटाये, लेकिन कोई बस्ती वाला डर की वजह से घर से

- लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो लोग एकत्रित हो गए और विरोध जताया
- सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया

बाहर नहीं निकला। ये लोग लगातार सभी लोगों को घरों से बाहर निकलने की धमकियां देते रहे।

एएसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि गुरुवार शाम को गांव निभेरा में दो पक्षों के युवकों के विवाद हो गया था। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना पर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर एक व्यक्ति की ओर से लिखित तहरीर दी गई है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया

अजमेर, (कासं)। नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में दो युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर एक नाबालिग छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने सदर थाने में शिकायत दी है कि उनकी बेटी को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजे गए और जबरन दोस्ती का दबाव बनाया गया। आरोपियों की हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

पिता का आरोप है कि पहले भी उन्होंने 4 अप्रैल को इस मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाई थी। इसके बाद एक आरोपी के पिता ने 100 रूपए के स्टांप पर राजीनामा करवा लिया, लेकिन आरोपियों की हरकतें नहीं रुकी। पांच अप्रैल को फिर से उनकी बेटी को उसकी मां के नाम से बनाई गई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से दोस्ती करने के मैसेज भेजे गए। साथ ही बदनाम करने की धमकी दी गई। पीड़िता मानसिक दबाव में आ गई और उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। फिलहाल पीड़िता अस्पताल में उपचाराधीन है। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**राजस्थान स्टेट सीड्स कार्पोरेशन लिमिटेड**
पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005
CIN-U75132RJ1978SGC001781, www.rajseeds.org
Phone no. 0141 2227514 E-mail:- rajseedsprod@gmail.com

F2(Gr-1)RSSC/Dhaincha Prod Tender/2025-26/ 3764 Date: 16.05.2025

**NIB /2025-26/Prod.-01**

Rajasthan State Seeds Corporation Limited, Jaipur invites E-Procurement NIB from interested Seed Production Companies/ Organizers to produce certified/truthfully labeled seed of Dhaincha DH-1 in Rajasthan state/out of state during kharif-2025.

Tender documents are available on website https://eproc.rajasthan.gov.in/ www.sppp.rajasthan.gov.in/www.rajseeds.org/ agriculture.rajasthan.gov.in
Last date and time of online submission of tender is 1.00 PM on 09.06.2025.

UBN-SDS 2526 GLOB 00011 Managing Director
Raj.Samwad/C/25/2505 DIN -10565348

**कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ - राजस्थान**

क्रमांक :- एफ.07(भण्डार)(गैराज)2025/1593 दिनांक :- 15/05/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा ई-निविदा सूचना क्रमांक 1455-1463 दिनांक 12.05.2025 द्वारा राशि 11.94 लाख रुपये का 01 कार्य करवाये जाने हेतु योग्य संवेदक/फर्म से ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.05.2025 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 30.05.2025 को 3:00 बजे खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

UBN No. : DLB2526WSOB04677, NIB Code : DLB2526A1283
राज.संवाद/सी/25/2414 आयुक्त

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-293 दिनांक-07.05.2025

**Notice Inviting Bid : 02 / 2025-26**

Bid for the" Construction of various missing link roads, RUB, MPLAD Works and Medical Works " are invited from interested bidders from 08.05.2025 [09:30 AM] to 19.05.2025 [06:00 PM] & Open date 20.05.2025 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 384.00 Lakh.
UBN No.- PWD2526WSOB01353, PWD2526WSOB01354, PWD2526WSOB01355, PWD2526WSOB01356, PWD2526WSOB01357, PWD2526WSOB01358, PWD2526WSOB01359, PWD2526WSOB01360

(Ramakant Trivedi)
Executive Engineer PWD
City Division, Bikaner
DIPR/C/6201/2025

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग भरतपुर 321 001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक-M&H/2025-26/495 **निविदा सूचना संख्याः 08/2025-26** दिनांक-05.05.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर में रू. 260.41 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| S.No. | Name of work | Amount | UBIN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Internal Electrification work IPHL Karauli Distt. Karauli | 35.00 | MHS2526 WSOB00770 |
| 2 | Internet-Electrification work IPHL Dholpur Distt. Dholpur | 40.35 | MHS2526 WSOB00771 |
| 3 | SITC of access CCTV & UPS Work at BPHU Rarah Distt. Deeg | 7.53 | MHS2526 WSOB00772 |
| 4 | SITC of access CCTV & UPS Work at BPHU Basai Nabab Distt. Dholpur | 7.53 | MHS2526 WSOB00773 |
| 5 | Construction of PHC With MO Qtr at PHC Atari-Distt. Bharatpur | 135.00 | MHS2526 WSOB00774 |
| 6 | Construction of SHC Building Kasba Nagar-Distt. Dholpur | 35.00 | MHS2526 WSOB00775 |

(एल. के. अग्रवाल)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर
DIPR/C/6210/2025

# फसल बीमा का कार्य पैक्स और सीएससी के माध्यम से करवाने के प्रयास हों : डॉ.आशीष कुमार भूटानी

## 'सहकारिता से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहा राजस्थान'

**जयपुर।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि राजस्थान में गोदाम निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस करते हुए नये गोदामों का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकृत व्यवस्था करते हुए खरीद केंद्रों के निकट क्षेत्रों की बजाय अधिक

■ **'अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने के लिए नवीन गोदामों के निर्माण पर करें फोकस'**

उपभोग वाले क्षेत्रों में ज्यादा गोदाम निर्माण किए जाने की आवश्यकता है। इससे ट्रांसपोर्टेशन पर होने वाले व्यय में कमी आएगी। डॉ. भूटानी शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही पहलों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारिता से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे गोदामों के निर्माण की बजाय पैक्स को बड़े गोदामों का निर्माण करने के लिए तैयार किया जाए। फसल बीमा का कार्य पैक्स और कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से करवाये जाने के गंभीरता से प्रयास किए जाएं। साथ ही, राज्य की सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई तीन नवीन सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन समितियों का सदस्य बनने से समितियों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने कहा कि माननीय केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा खाद वितरण के लिए पैक्स को प्राथमिकता दी जाए तथा इफको एवं कृभको आदि संस्थाओं द्वारा भी इसके लिए पैक्स को ही आवंटन किया जाए। केन्द्र सरकार के स्तर से इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 25 से 30 प्रतिशत अधिक खाद का वितरण पैक्स के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्री जैन ने कहा कि खाद की पैक्स स्तर तक डिलीवरी की व्यवस्था की जाए तथा जिन पैक्स के पास फर्टिलाइजर लाइसेंस नहीं है, उन्हें दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जैन ने कहा कि जन-धन केन्द्र लोगों की अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर खोले जाएं। जिन पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है, उन सभी में कॉमन सर्विस सेंटर बनाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की समयबद्ध क्रियान्विति तथा दुग्ध उत्पादकों को अधिक रूपे कार्ड जारी करने के लिए नाबार्ड के स्तर से मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने प्रस्तुतीकरण देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम की विभिन्न पहलों की प्रगति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि राज्य में 41 हजार से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनके एक करोड़ से अधिक सदस्य हैं। प्रदेश के लगभग 80 लाख कृषक सहकारिता से जुड़े हुए हैं। राजपाल ने बताया कि तक 4837 पैक्स को गो-लाइव किया जा चुका है और हम मई माह के अंत तक 5000 पैक्स गो-लाइव करने के लक्ष्य के बहुत निकट हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता के लिए राज्य की लगभग 2000 समितियों द्वारा आवेदन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की तीन नई सहकारी समितियों की नोडल एजेंसी के रूप में राजफेड को नामित किया गया है तथा उनके साथ एमओयू की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। साथ ही, नई एम-पैक्स एवं डेयरी सोसायटी के गठन की दिशा में भी राज्य में अच्छा कार्य हुआ है। बैठक में राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप वर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, उद्यानिकी आयुक्त सुरेश कुमार ओला, राजफेड के प्रबंध निदेशक मोहम्मद जुनैद एवं नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर डॉ. राजीव सिवाच सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही पहलों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया।**

## कैफे संचालक की जमानत याचिका खारिज

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम 2, महानगर प्रथम ने नाबालिग किशोरी के साथ संबंध बनाने के लिए अभियुक्त को अपने कैफे का कैबिन मुहैया कराने वाले आरोपी सारांश जैन की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी तिरुपति कुमार गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी का कृत्य मुख्य आरोपी को अपराध में सहायता पहुंचाने वाला है। समाज में दिनों दिन नाबालिगों के साथ इस तरह से दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। यदि ऐसे कैफे खुलते रहेंगे और यहां ऐसे स्थान उपलब्ध होते रहेंगे तो ऐसी घटनाएं नहीं रुकेगी। ऐसे में आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने जांच अधिकारी को कहा है कि वह मुख्य आरोपी के परिजनों व मकान मालिक की ओर से पीडिता के परिजनों से मारपीट करने को लेकर भी अनुसंधान करे।

जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि वह न तो प्रकरण के आरोपी को जानता है और ना ही पीडिता को पहचानता है। उसने अपने मैनेजर और स्टाफ को निर्देश दे रखे हैं कि वह बिना आईडी किसी भी नाबालिग को बैठने की अनुमति नहीं दे। उसका मात्र चाय कॉफी का रेस्तरां होने के कारण अपराध में कोई भूमिका नहीं है।

इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील राकेश महर्षि ने कहा कि 16 वर्षीय पीडिता के बयानों से स्पष्ट है कि आरोपी उसे बहला फुसला कर आरोपी सारांश के कैफे व रेस्तरां में ले जाता था और संबंध बनाता था।

### सार-समाचार

## देवनानी ने विधानसभा अधिकारी परिषद को शपथ दिलाई



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा के अधिकारियों का आव्हान किया कि वे विधान सभा की गरिमा को बनाये रखे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में परिवार के सदस्य की भावना से कार्य करें। जो कार्य आपको दिया जाये उसे ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करे। देवनानी शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय की नव निर्वाचित अधिकारी परिषद को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विधानसभा के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कोई समस्या हो तो वह उनसे सीधे आकर मिल सकता है। उन्होंने कहां कि समस्या का निराकरण के पूरे प्रयास किये जायेंगे। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा सहित विधान सभा के अधिकारी मौजूद थे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में दिनेश कुमार शर्मा अध्यक्ष, ललित त्रिवेदी उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार राव सचिव, शांति कुमार सैनी कोषाध्यक्ष, फारूक खान संगठन सचिव, रविन्द्र नैनावत संयुक्त सचिव, सदस्य कार्यकारिणी अनिता शर्मा, भागीरथ मल, फतह लाल जनवा, नवीन दाधीच, अजय मीणा शामिल हैं।

## जेकेके में जूनियर समर कैंप शुरू

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर हर साल आयोजित होने वाले जूनियर समर कैंप का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस बार कैंप में 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया है। केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा ने कैम्प का उद्घाटन किया। उन्होंने कैनवास पर रंगों से 'लेट्स लर्न एंड हैव फन' लिखकर बच्चों को मिलकर सीखने और पूरे उत्साह के साथ आनंद लेने का संदेश दिया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कैंप का बच्चे पूरे साल इंतज़ार करते हैं क्योंकि यह उनकी दैनिक दिनचर्या में थोड़ा आनंद भर देता है। कैंप में विभिन्न कलात्मक गतिविधियों को सीखने से वह स्क्रीन से भी दूर रहते हैं और अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने में वह सफल होते हैं। इस अवसर पर केंद्र की वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रीमती बिंदु भोभरिया, सहायक निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ता, सीनियर प्रोग्रामिंग कंसल्टेंट मैनेजर चन्द्रदीप हाड़ा, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, समस्त प्रशिक्षक, प्रतिभागी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# पिकअप में मिले 2 हजार किलो विस्फोटक मामले में दो गिरफ्तार

## पुलिस को अब तक नहीं पता विस्फोटक क्यों लाया गया

**जयपुर।** बस्सी टोल के पास 6 दिन पहले मिले 2075 किलो विस्फोटक मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप को एस्कॉर्ट करने वाले और पिकअप के खलासी को गिरफ्तार किया है। लेकिन पुलिस छह दिन में यह पता नहीं कर सकी कि विस्फोटक आखिर जयपुर में क्यों लाया गया। इसका जयपुर में क्या इस्तेमाल किया जाने वाला था। न ही विस्फोटक कहां से लाया जा रहा था इसकी कोई जानकारी अभी तक पुलिस के पास है। छह दिन बीतने के बाद भी पुलिस के पास इस विस्फोटक के बारे में कोई बड़ी लीड नहीं हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ जांच में सामने आया कि ये विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित श्रेणी में आता है।

जांच अधिकारी एसआई मनोज ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामजीलाल बलाई तूंगा (जयपुर) के हाथीपुरा और कृष्ण कुमार मीणा दौसा के खानवास के रहने वाला हैं। आरोपी रामजीलाल पिकअप वाहन को एक्सकॉर्ट कर रहा था। वहीं, कृष्ण कुमार उसी पिकअप पर खलासी के तौर पर काम करता था।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कई सालों से विस्फोटक सामग्री का अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। ज़ब्त किया गया विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित श्रेणी में आता है। इसका किसी भी रूप में उपयोग कानूनी अपराध है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने ऐसे दर्जनों लोगों के नाम बताए हैं, जो इस अवैध नेटवर्क से जुड़े हैं। नियमित रूप से विस्फोटकों की सप्लाई लेते हैं। पुलिस अब इन सुरागों के आधार पर पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में तेजी से कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल, 10 मई को जयपुर-भरतपुर नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप में पुलिस को 2075 किलो विस्फोटक मिला था। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर विस्फोटक को सीज कर लिया था। इसकी जानकारी पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन को दे दी। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन की टीम ने इस अवैध विस्फोटक का सैंपल किया। इसे जांच में अत्यधिक संवेदनशील बताया गया है।

पिकअप में रखे कार्टन पर ऑप्टिस्टार एक्सप्लोसिव लिखा हुआ था। वहीं सफेद कट्टों पर अमोनियम नाइट्रेट लिखा हुआ था।

कुल 63 कार्टन और 10 प्लास्टिक के कट्टे मिले थे। पिकअप के नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान ईश्वर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह रावत निवासी शिवपुर नरेली मांडल भीलवाड़ा के रूप में हुई थी। पिकअप मालिक से भी कोई संपर्क नहीं हुआ।

## अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए सहित एक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए की तस्करी करने वाले सप्लायर को पकड कर उसके पास से 12.94 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए और परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए 85 हजार रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए की तस्करी करने वाले सप्लायर सतीश पुरोहित निवासी हीरापुरा करणी विहार को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 85 हजार रुपये कीमत की 12.94 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए और परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है।

# एम.सेण्ड इकाइयों के 109 प्लॉटों का डेलिनियेशन कर ऑक्शन होगा : टी.रविकांत

**जयपुर।** राज्य में एम.सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए प्लॉटों के डेलिनियेशन कर ऑक्शन की कार्ययोजना को अंतिम रुप दिया गया है। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में एम. सेण्ड इकाइयों के लिए 109 प्लॉट के डेलिनियेशन और ऑक्शन की कार्ययोजना बनाई गई है जिसमें से करीब 158 हैक्टेयर के 77 प्लॉट और अवरबर्डन डंपिंग के 131 हैक्टेयर के 32 प्लॉट तैयार कर ई नीलाम किये जायेंगे। बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 26 प्लॉटों की सफल नीलामी की जा चुकी है।

टी. रविकान्त ने शुक्रवार को खनिज भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर प्रभावी रोक संभव है, इसलिए डेलिनियेशन के काम को गति देते हुए प्रधान और अप्रधान खनिजों के प्लॉट व ब्लॉक तैयार कर नीलामी में तेजी लानी होगी। राजस्व लक्ष्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा है और उसे हासिल करने के लिए हमें आय के नए स्त्रोत चिन्हित करने के साथ ही राजस्व छीजत को सख्ती से रोकना होगा। उन्होंने नई बकाया के साथ ही पुराने ओवरड्यूज की वसूली के लिए कारगर प्रयास करने की हिदायत दी।

निदेशक, खान दीपक तंवर ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही 22 मेजर मिनरल ब्लाकों की ऑक्शन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। एम. सेण्ड, माइनर मिनरल प्लॉट, आरसीसी-ईआरसीसी के बकाया ठेकों की नीलामी प्रक्रिया जारी है। संयुक्त सचिव आशु चौधरी ने बकाया जांच प्रकरणों, विधानसभा प्रश्नों, विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रकरणों और न्यायालयों के प्रकरणों में प्राथमिकता से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निदेशक, माइंस (मुख्यालय) महेश माथुर ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार कर ली है। एमओयू मॉनिटरिंग सहप्रभारी संजय सक्सैना ने बताया कि राइजिंग राजस्थान समिट में हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए राज्य सरकार गंभीर है, फील्ड अधिकारी अपने क्षेत्र के निवेशकों से समन्वय बनाते हुए क्रियान्वयन में तेजी लाएं।



**खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने शुक्रवार को खनिज भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।**

# खेलते समय तीन साल की बच्ची का नशेडी ने किया किडनैप

## पुलिस दबिश पर घर में सोता मिला

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में खेलते समय 3 साल बच्ची को दुकान के पास से नशेड़ी उठा ले गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस टीम के दबिश देने पर किडनैपर अपने घर पर बच्ची के साथ मिला। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर मासूम को सुरक्षित मुक्त करवा लिया।

डीसीपी (ईस्ट) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि किडनैपिंग के मामले में आरोपी अशोक कुमार बर्मन (30) निवासी कुच बिहार पश्चिम बंगाल को अरेस्ट किया है। वह मालवीय नगर के सेक्टर-7 में अपनी मां के साथ रहकर होटल में बर्तन धोने का काम करता है। मालवीय नगर के सेक्टर-11 निवासी व्यक्ति गुरुवार रात करीब 12 बजे जवाहर सर्किल थाने पहुंचा। व्यक्ति ने बताया कि वह सेक्टर-13 में सब्जी की दुकान करता है। रात करीब 10:45 बजे उनकी 3 साल की बच्ची दुकान के पास खेल रही थी। खेलते-खेलते अचानक गायब हो गई। बच्ची के लापता होने पर आस-पड़ोसियों के साथ काफी ढूंढा, लेकिन मासूम का पता नहीं चल सका। पुलिस ने तुरंत 3 साल की बच्ची के किडनैपिंग का मामला दर्ज

■ **पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर मासूम को सुरक्षित मुक्त करवा लिया।**

कर तलाश शुरू की। थानाधिकारी मदन लाल कड़वासरा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने रात में बंद दुकान-शोरुमों के मालिकों को बुलाकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगालना शुरू किया। फुटेज में लड़खड़ाते हुए पैदल जा रहे युवक की गोद में बच्ची दिखाई दी।

किसी नशेड़ी युवक के मासूम का किडनैप कर ले जाने पर पुलिस के हड़कंप मच गया। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के आधार पर रुट मैप तैयार करने के साथ किडनैपर की पहचान के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने महज 4 घंटे की मशक्कत कर किडनैपर की पहचान कर उसके घर पर दबिश दी। घर के अंदर किडनैपर अशोक अपनी मां और किडनैप कर लाई बच्ची के साथ सोता मिला।

पुलिस ने आरोपी किडनैपर अशोक के कब्जे से बच्ची को सुरक्षित मुक्त करवाया लिया। पुलिस ने तीन साल की बच्ची के किडनैप के मामले में आरोपी अशोक कुमार बर्मन को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पैदल-पैदल घर लौट रहा था। रास्ते में उसे बच्ची रोते मिली। रोते मिलने के कारण वह उसके गोद में उठाकर घर ले आया।

## आरएसएस प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत जयपुर पहुंचे

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केसरसंघचालक डॉ मोहनराव भागवत एक दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुचे। भागवत शुक्रवार को पारिवारिक कार्यक्रमों में रहेंगे तथा कार्यकर्ताओं से अनोपचारिक बातचीत करेंगे।

## सुन्दरकांड पाठ आज

**जयपुर।** मंदिर श्री लक्ष्मी नारायण जी, भगतसिंह मार्ग, सी स्कीम, जयपुर मंदिर प्रांगण में 17 मई को सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पाठ का समय दोपहर 4 से 6 बजे का है।

# सैमसंग शोरूम से 42 लाख के मोबाइल चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में सैमसंग शोरुम में 42 लाख के मोबाइल और कैश चोरी का मामला सामने आया है। ग्रुप में आए बदमाशों ने चद्दर की आड़ में शटर को खींचकर साथी को अंदर घुसाया। अलार्म सिस्टम को बंद कर बदमाश महज 15 मिनट में वारदात कर भाग निकले। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सोडाला के रामनगर निवासी वंशिता सैनी (30) ने चोरी का मामला दर्ज करवाया। पीडित ने बताया कि मैन टोंक रोड पर गोपालपुरा फ्लाईओवर के पास महावीर नगर में सैमसंग स्टोर पर वह मैनेजर के पद पर काम करता है। बुधवार रात करीब 9:30 बजे मोबाइल शोरुम को लॉक कर सभी अपने घर चले गए। देर रात बदमाशों ने शोरुम को निशाना बनाया। शटर को सेंटर से खींचकर ऊंचा कर बदमाश शोरुम के अंदर घुसे। अलार्म सिस्टम बंद कर शोरुम के लॉकर्स में रखे करीब 41 लाख के मोबाइल और कैश काउंटर में रखे करीब 1.40 लाख रुपए चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह शोरुम पर आने पर शटर झूलता दिखाई दिया। लॉक खोलकर अंदर जाने पर शीशे के गेट खुले हुए थे। शोरुम में रखे कीमती मोबाइल व कैश काउंटर में रखे रुपए गायब मिले। चोरी की सूचना पर बजाज नगर थाना पुलिस ने पहुंचकर मौके से सबूत जुटाए।

शोरुम के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। गुरुवार तड़के 4:54 बजे ग्रुप में आए 6 बदमाश शोरुम के बाहर घूमते दिखाई दिए। कुछ देर इधर-उधर घूमकर रैकी के बाद सभी शोरुम के शटर के पास आकर खड़े हो गए। एक बदमाश ने रोड की तरफ चद्दर की आड़ कर अपने साथियों को छिपाया। बदमाशों ने शटर को सेंटर से खींचकर अपने पतले-दुबले को नीचे से शोरुम के अंदर घुसा दिया। जिसके बाद शोरुम से कुछ दूरी पर जाकर खड़े हो गए। अंदर घुसते ही बदमाश ने अलार्म सिस्टम को बंद कर दिया। शोरुम के लॉकर्स को तोड़कर उसमें रखे करीब 42 लाख कीमत के महंगे मोबाइल और कैश काउंटर का लॉक तोड़कर उसमें रखे 1.40 लाख रुपए चोरी कर लिए। शोरुम से माल सहित अपने साथी को चद्दर की आड़ कर शटर ऊंचाकर बदमाश बाहर निकाल फरार हो गए।

## बस स्टैंड पर यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को धर-दबोचा है और उसके पास से चुराया गया मोबाइल भी जब्त किया गया है। साथ ही एक धारदार हथियार कटार भी बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी श्याम सुन्दर ने बताया कि बस स्टेण्ड पर यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले दिनेश नायक निवासी सीकर हाल करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चुराया गया मोबाइल और धारदार हथियार एक कटार जब्त की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सिंधी कैंप थाना पुलिस ने दूसरी कार्रवाई करते हुए अवैध धारदार कटार सहित एक बदमाश को पकडा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# कोर्ट स्टे के बावजूद धड़ल्ले से बन रही अवैध बिल्डिंग

## सांगानेर इलाके के ग्राम बुध्दसिंघपुरा स्थित रेनबो कॉलोनी का मामला

**जयपुर।** सांगानेर इलाके के ग्राम बुध्दसिंघपुरा स्थित रेनबो कॉलोनी में कोर्ट स्टे के बावजूद 30 फ़ीट की सड़क पर जीरो सेटबैक में अवैध निर्माण बदस्तूर जारी हैं।

जबकि जेडीए ट्रिब्यूनल ने जोन-9 प्रशासन को अवैध निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करने और बिल्डिंग का फिनिशिंग वर्क रोकने के आदेश दिए थे।

जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने भी अवैध निर्माणकर्ता को धारा 32-33 के नोटिस जारी किये थे, लेकिन कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साध ली। जबकि स्थानीय निवासी पिछले करीब 1 माह से रोज़ाना जेडीए के अफसरों के आगे पीछे चक्कर काट रहे हैं, क्योंकि 30 फ़ीट का यह आम रास्ता अब 15-20 फ़ीट का ही रह गया हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जेडीए टीम कई बार मौके पर आयी, लेकिन ऊँचे रसूख के आगे नतमस्तक होकर बैरंग होकर लौट गई। उधर भूखंड मालिक ग्रीन नेट तानकर रातोंरात बिल्डिंग बनाने में लगा है।


प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेनबो कॉलोनी में प्लाट न. 5-6 में अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिस पर जेडीए ने 28 अप्रैल को भूखंड मालिक को नोटिस जारी किया। इसमें लिखा कि तीन मंजिला निर्माण बिना सेटबैक के चल रहा है। जेडीए बायलॉज के उलंघन होने की वजह से निर्माण पूर्णत: अवैध है। इस नोटिस में जेडीए ने 7 दिन का समय दिया, परन्तु इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की शिकायत कॉलोनी निवासियों ने जेडीए ट्रिब्यूनल में की, जहाँ अदालत ने मई में इस भूखंड की भौतिक स्थिति को यथावत रखने और निर्माण कार्य व फिनिशिंग वर्क न करने के लिए कहा था। परन्तु इसके बाद भी निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। इस मामले में जोन 9 के प्रवर्तन अधिकारी बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि शिकायत पर अवैध निर्माणकर्ता को धारा 32-33 के नोटिस जारी किये थे, यदि अभी भी निर्माण कार्य जारी है तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।



## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी है। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस साउथ द्वितीय कर रही है।

पुलिस के अनुसार बदालिया निवासी श्रवण गुर्जर पुत्री बद्री गुर्जर रात को घर लौट रहा था। गुरुवार देर लालसोट रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।




## World Hypertension Day: A Wake-Up Call for India

Observed on May 17, World Hypertension Day raises awareness about the 'silent killer,' high blood pressure. In India, where over one in four adults suffers from hypertension, early detection and lifestyle changes are vital. Often symptomless, untreated hypertension can lead to heart disease, stroke, and kidney failure. This year's theme, 'Measure Your Blood Pressure Accurately, Control It, Live Longer,' urges people to get regular screenings. With rising stress, unhealthy diets, and sedentary lifestyles, it's time we take our heart health seriously. A small step today, like a walk or a low-salt meal, can go a long way.



#TRENDING

# Chillin' with Penguins

A heartwarming café experience at Ski Dubai lets visitors dine beside waddling penguins, blending icy charm with viral magic.



Imagine sipping hot chocolate in a glass igloo while a pair of tuxedoed penguins waddle past your table. Sounds like a scene from a winter fantasy, right? Well, it's real, and it's happening in the middle of the desert!

Welcome to Ski Dubai's Penguin Café experience, the latest viral sensation that's turning heads (and melting hearts) across social media. Set inside the Mall of the Emirates, this frosty experience invites visitors to enjoy a warm meal while adorable Gentoo and King penguins roam freely in the icy enclosure just inches away from your seat.

The concept, equal parts surreal and heartwarming, has taken the internet by storm. Videos of diners beaming with joy as curious penguins waddle around have racked up millions of views on Instagram, TikTok, and YouTube. One video captioned, 'I never thought I'd eat breakfast with penguins in Dubai' has over 3 million views and counting.



### A Chilling Experience in a Hot City

Dubai, known for its futuristic attractions and over-the-top luxury, has long been a magnet for unique experiences. But dining with penguins? That's a new level of cool, literally. Located within Ski Dubai, the indoor snow park that maintains sub-zero temperatures year-round, the Penguin Café is part of the Penguin Encounter program. Guests can book a session that includes a tour of the penguin habitat, educational interactions with trainers, and a cozy meal inside a dome surrounded by snow and, of course, penguins. And don't worry, the experience is designed with the penguins' well-being in mind. The enclosures are climate-controlled, supervised by veterinary staff, and follow ethical animal care standards.

### A Hit with Families, Influencers, and Couples

It's not just animal lovers flocking to this frozen paradise. Families see it as an educational and fun day out, couples consider it a romantic 'cool date,' and influencers? Well, let's just say a selfie with a penguin is pretty unbeatable on the Instagram feed. The café offers a selection of hot drinks, pastries, and comfort food, all served with a side of icy charm. Think sipping hot cocoa while watching penguins slide across ice, it's hard not to smile.

### What's Making It Go Viral?

Apart from the obvious 'aww' factor, the success of this experience lies in its unexpectedness. Who would expect a slice of Antarctica in the heart of Dubai? The element of surprise, coupled with the visually stunning setup, makes it irresistibly shareable. In an age where unique experiences trump material things, the idea of 'dining with penguins' perfectly taps into the experiential travel trend. People don't just want vacations, they want stories. And this one's a keeper.

### Would You Try It?

So, if you're heading to Dubai and looking to swap skyscrapers for snow, maybe it's time to pencil in a penguin date. After all, how many people can say they've had brunch with a bird in a bow tie? One thing's for sure, when it comes to unforgettable moments, Dubai just keeps raising the (ice) bar.




# How the Quit India movement brought down the Left Front



Villagers in some cases attacked armed soldiers taking away rice from the district, resisting the colonial scorched-earth policy which would soon lead to mass starvation. By the end of September, Dhara's team was taking over police stations and government officers. In this direct action, 71-year old Matongini Hazra was shot and killed as she attempted to take over the police station of the district headquarters located in Tamluk. Hazra's murder came to symbolise the immense British repression as well as the heroic grassroots resistance that characterises the Quit India movement and she remains an icon of anti-colonial struggle. Modern Kolkata remembers her with a statue at the Brigade Parade Grounds, proudly holding up the Congress flag, which is what she was doing when she was shot.

IN OCTOBER, 1942, A MASSIVE CYCLONE HIT THE REGION AND THE RAJ, AS COLLECTIVE PUNISHMENT, PROVIDED ALMOST NO RELIEF WORK. AFTER A WHILE, THOUGH, THE RAJ SIMPLY LET THE PROVISIONAL GOVERNMENT BE, GIVEN THAT IT DID NOT REALLY THREATEN THE WAR EFFORT, WHICH IS ALL THE BRITISH WERE INTERESTED IN AT THE MOMENT. TUCKED AWAY IN THE SOUTH OF BENGAL, MIDNAPORE DID NOT AFFECT EITHER THE ASSAM OR BURMESE FRONT OF WAR.



● Shoaib Daniyal


74 years ago, on August 8, 1942, the Congress passed what has come to be known to history as the Quit India resolution. The entire summer had seen Mohandas Gandhi in an unprecedentedly belligerent mood towards the British. Three years earlier, a month before the start of World War II, however, Gandhi had Subhas Bose expelled from the Congress for advocating a mass movement, preferring instead, along with entire right wing of the Congress, to work with the Raj. But now things were different and Gandhi was turning increasingly hostile, a change Jawaharlal Nehru attributed to 'Gandhiji's feelings that Japan and Germany will win World War II,' a popular sentiment at the time, before the allies turned the tide in Stalingrad. On July 10, Gandhi spoke vehemently against the Raj's scorched-earth policy in Bengal, built to deny provisions to Japan should it invade from Burma, a move that would cause a famine killing three million Bengalis. This statement was so incendiary that the British government thought it amounted to the declaration of a 'parallel authority acting in defiance of measures necessary for the prosecution of war.'

### Arrest and repression

Then, on July 14, the Congress passed a resolution asking for complete independence and speaking vaguely of a 'widespread struggle,' without giving any details how this was to be accomplished. The resolution of August 8, more or less, repeated the points made in the July 14 resolution: independence and a vague reference to mass struggle.

The British reaction this time, though, was different. Taking the Congress off guard, the Raj arrested the entire party leadership and banned the organisation. Historian Sumit Sarkar explains that the August 8 resolution was not a call for a mass movement per se or a complete break with the Raj: "Far from ruling out further negotiations, the whole thing may conceivably have been an exercise in brinksmanship and a bargaining counter.' The British, facing a life and death struggle of their own, though, were in no mood to negotiate with the Congress. Not only did they arrest the Congress leadership, before they could launch any sort of mass movement, the Raj also unleashed an unprecedented wave of repression with no less than 57 armed battalions deployed against Indian civilians. Leaderless and under heavy fire, nevertheless, Indians across the subcontinent fought back. On August 31, the Viceroy would write: "I am engaged here in meeting by far the most serious rebellion since that of 1857, the gravity and extent of which we have so far concealed from the world. In fact, so fierce was the Indian response that, for the first time in a century, the Raj actually lost control of some areas. One of them was located on the western coast of Bengal, in Midnapore district, where rebels ran an independent government for two whole years, called the Tamluk Jatiya Sarkar, the Tamluk National Government."

## #HISTORY



### British repression


The British response was initially brutal. Colonial security forces fired upon unarmed Midnaporis and even machine-gunned Tamluk town using aeroplanes. In October, 1942, a massive cyclone hit the region and the Raj, as collective punishment, provided almost no relief work. After a while, though, the Raj simply let the provisional government be, given that it did not really threaten the war effort, which is all the British were interested in at the moment. Tucked away in the south of Bengal, Midnapore did not affect either the Assam or Burmese front of war. The Jatiya Sarkar, meanwhile, launched a militia, in the hope of helping Bose's Indian National Army, should it succeed in invading British-held Bengal (it didn't). The Sarkar was also involved in cyclone relief work and was actually rather successful in famine relief, targeting hoarders and distributing surplus paddy to the poor. The parallel government was so organised that it even ran its own justice system, helping to dispose of 1,681 cases.


Eventually, while the Quit India movement did not succeed in its immediate aim, of making the British quit India, it did have a major impact on Britain's colonial policy after the war. Clear that they could not hold India by force, the British looked to work out a negotiated withdrawal from India, which they did on August 15, 1947.


### 1942 to 2007

And it wasn't only 1947. The culture of Midnapore, which had produced something as radical as the Tamluk Jatiya Sarkar, wasn't going to quieten down overnight. Sixty years later, in 2007, the Left Front government looked to acquire land forcibly in the Nandigram area of Midnapore, one of the areas liberated by the Tamluk Jatiya Sarkar. In a movement startlingly similar to 1942, Nandigram simply cut itself off from Kolkata. Protestors dug up roads, cut off telephone cables and declared a muktanchal, 'liberated zone' free from government control. Chief minister Buddhadeb Bhattacharya told the West Bengal Assembly, "For two and a half months, the administration could not function at Nandigram." Eventually, the state government would launch a massive operation involving 3,000 policemen supported by Communist Party of India (Marxists) cadre to try and 'take back' Nandigram. During this, the police opened fire on protestors, killing between 14 (official figures) to 50 people. Like in 1942, though, the events in Midnapore reverberated far beyond the district. Four years later, the Trinamool Congress would make opposition to forcible land acquisition, its main point of attack against the ruling Left, holding up the violence in Nandigram as a graphic example. The campaign would be a success and Nandigram would end the Left's 34-year rule over West Bengal.

rajeshsharma1049@gmail.com


Sushil Kumar Dhara


Satish Chandra Samanta




### Heroic resistance

Most of the revolutionary activities in the area were led by a Congressman, Sushil Kumar Dhara and Satish Samanta (although given the famine and the chaos, quite a bit of the resistance was also leaderless).

Villagers in some cases attacked armed soldiers taking away rice from the district, resisting the colonial scorched-earth policy which would soon lead to mass starvation. By the end of September, Dhara's team was taking over police stations and government officers. In this direct action, 71-year old Matongini Hazra was shot and killed as she attempted to take over the police station of the district headquarters located in Tamluk. Hazra's murder came to symbolise the immense British repression as well as the heroic grassroots resistance that characterises the Quit India movement and she remains an icon of anti-colonial struggle. Modern Kolkata remembers her with a statue at the Brigade Parade Grounds, proudly holding up the Congress flag, which is what she was doing when she was shot. By the end of 1942, the Tamluk Jatiya Sarkar had been fully established and the Raj, with the imperial centre of Calcutta only two hours away, completely cut off. Government buildings had been taken over, roads dug up and telegraph wires cut.



#TELECOMMUNICATIONS

# Wired for Progress: How India Dialled into the Future

From colonial telegraphs to 5G revolutions, tracing India's remarkable telecom journey on World Telecommunications Day!

"Hello, can you hear me?" - A phrase that once echoed across long-distance trunk calls is now a distant memory in the age of 5G, video calls, and instant messaging. On World Telecommunications Day, celebrated every May 17, we don't just honour the evolution of communication technology, we reflect on the way it has reshaped our lives, economies, and societies. And for India, the journey has been nothing short of revolutionary.



### Rewinding the Lines: India's Early Telecom History

Telecommunication in India dates back to 1851, when the first operational telegraph line was laid between Kolkata and Diamond Harbour. Back then, messages were transmitted using Morse code and required skilled operators. It was the British who introduced telegraphy, primarily to maintain administrative control over colonial India. Yet, post-independence, India took steady steps to indigenize and expand this infrastructure.

The first telephone exchange in India was established in Mumbai in 1882, with a modest 93 subscribers. Imagine that in a country of over 1.4 billion today! But things didn't move fast. Up until the 1980s, getting a landline phone meant applying, waiting for years, and sometimes pulling political strings!


The winds of change began to blow in the 1990s, with liberalization and economic reforms. The telecom sector was opened to private players, and India saw the birth of the mobile revolution. Remember those bulky black Motorola handsets from the '90s? They cost almost as much as a two-wheeler!

### The Numbers Speak Volumes

Fast-forward to 2025, and India now boasts over 1.2 billion mobile connections, making it the second-largest telecom market in the world after China. Internet penetration stands at over 55%, with rural connectivity improving steadily, thanks to initiatives like BharatNet. We're no longer talking about phones just for calling, they're tools for banking, learning, health consultations, shopping, and even governance.

### The Study of Telecommunications: Then and Now

In the earlier days, few academic institutions in India offered dedicated courses in telecommunications. The Indian Institute of Science (IISc) and some IITs pioneered research in electronics and communication. With the mobile boom in the 2000s, demand for skilled telecom engineers surged, and universities started offering B.Tech and M.Tech programs in Electronics & Telecommunication Engineering. Today, institutions are expanding into 5G research, IoT, satellite communication, and AI-driven telecom networks. The upcoming 6G roadmap, which India aims to lead by 2030, is also pushing new academic frontiers. Institutes like IIT Madras and IIIT-Hyderabad are already deep-diving into quantum communication and edge computing as the next big leap.



### Jugaad Meets Jio: The Desi Innovation Spirit

India's telecom success isn't just about imported technology, it's also a tale of desi innovation. The entry of Reliance Jio in 2016 disrupted the market by offering dirt-cheap data. Result? Internet became a basic necessity. From vegetable vendors to grandparents, everyone went online. Apps like Aarogya Setu, DigiLocker, and UMANG show how telecom can fuel e-governance. Meanwhile, initiatives like Digital India, Smart Cities Mission, and Start-up India are all riding on the backbone of robust telecom infrastructure. Let's not forget rural India. With mobile penetration increasing in villages, farmers now get crop prices via SMS, students learn on smartphones, and healthworkers access real-time medical data.

### Challenges on the Line

Yet, the call isn't all clear. Call drops, spectrum pricing, cybersecurity concerns, and rural network gaps remain challenges. India still struggles with last-mile connectivity in remote areas like the Northeast and parts of central India. Moreover, with rising data usage, sustainability is a concern. Telecom towers consume a huge amount of energy. Greener alternatives and 5G energy-efficient networks are now being explored.


### What's Next? A Connected Tomorrow

As we look ahead, India is positioning itself not just as a user but a global innovator in telecommunications. 5G is rolling out, and 6G is already on the drawing board. Satellite internet, like JioSpaceFiber and OneWeb, could make the digital divide a thing of the past. Also, the integration of telecom with AI, health tech, agritech, and fintech sectors will unlock new horizons. Think remote surgeries, smart irrigation systems, AI-powered tutoring in vernacular languages, all made possible by high-speed, reliable connectivity.

### On a Final Note

So, this World Telecommunication Day, when you pick up your phone for a quick chat, a reel scroll, or an online payment, pause and think. That little device is the end product of nearly two centuries of innovation, policy, and perseverance.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रदेश में ड्रोन उड़ाने पर रोक से खानों में माइनिंग प्लान नहीं स्वीकृत हो सकेंगे

## सैकड़ों पुराने खान मालिक ड्रोन सर्वे नहीं कर पा रहे हैं और एसएमई उनका माइनिंग प्लान अनुमोदित नहीं कर रहे हैं

- बीकानेर में नई खानें शुरू नहीं होने से भी सरकार को डेडरेंट, प्रीमियम राशि, आरएसएमईटी और टीसीएस के दो करोड़ रुपए का सीधा नुकसान होगा
- बीकानेर जिले में ही जिप्सम, क्ले, बजरी की ऐसी करीब 75 खानें हैं, इसके अलावा 55 से ज्यादा नए खनन पट्टे दिए जाने हैं जिनकी एलओआई भी जारी कर दी गई, अब खान मालिक ड्रोन सर्वे नहीं कर पाएंगे और माइनिंग प्लान अटक जाएगा

**बीकानेर**, निसं)। प्रदेश में अप्रधान खनिज के पट्टाधारियों को 30 जून से पहले अपने क्षेत्र और उसके आसपास का ड्रोन सर्वे कर खान एवं भूविज्ञान विभाग को रिपोर्ट पेश करनी है, लेकिन, पश्चिमी सीमा की सुरक्षा को देखते हुए बॉर्डर जिलों सहित पूरे प्रदेश में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा रखा है जिससे सैकड़ों खान मालिकों के माइनिंग प्लान स्वीकृत नहीं हो सकेंगे और खनन रुक जाएगा।

जानकारी के अनुसार सरकार ने 24 अक्टूबर, 24 को अधिसूचना जारी कर प्रतिवर्ष एक अप्रैल, 25 से खान मालिकों के लिए अपने खनन पट्टा क्षेत्र और उसके बाहर 100 मीटर की परिधि में स्वयं के खर्च पर ड्रोन सर्वे कर वार्षिक रिटर्न के साथ रिपोर्ट पेश करने का प्रावधान किया है। खान मालिकों को यह रिपोर्ट 30 जून तक पेश करनी होगी तभी अधीक्षण खनि अभियंता उनका माइनिंग प्लान अनुमोदित करेंगे। लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव को देखते हुए गृह विभाग के उप शासन सचिव महेश कुमार शर्मा ने पश्चिमी सीमा की सुरक्षा के लिए राज्य में ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा दी। इससे सैकड़ों पुराने खान मालिक ड्रोन सर्वे नहीं कर पा रहे हैं और एसएमई उनका माइनिंग प्लान अनुमोदित नहीं कर रहे हैं। बीकानेर जिले में ही जिप्सम, क्ले, बजरी की ऐसी करीब 75 खानें हैं। इसके अलावा 55 से ज्यादा नए खनन पट्टे दिए जाने हैं जिनकी एलओआई भी जारी कर दी गई। अब खान मालिक ड्रोन सर्वे नहीं कर पाएंगे और माइनिंग प्लान अटक जाएगा। माइनिंग प्लान स्वीकृत नहीं होने से खानों में काम ठप हो जाएगा। इससे खान मालिक और श्रमिक वर्ग तो संकट में आएगा ही, सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा। बीकानेर में नई खानें शुरू नहीं होने से भी सरकार को डेडरेंट, प्रीमियम राशि, आरएसएमईटी और टीसीएस के दो करोड़ रुपए का सीधा नुकसान होगा। ऐसे में खनन पट्टाधारक ही नहीं, खान विभाग के अधिकारी भी असमंजस में हैं।

खान विभाग के बीकानेर वृत्त में बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर जिले पाकिस्तान की सीमा से लगते हैं। इसके अलावा चूरू हनुमानगढ़ जिले भी वृत्त में शामिल हैं। इनमें से केवल बीकानेर जिले में जिप्सम की 36 लीज खाजूवाला, बज्जू के बॉर्डर एरिया में हैं। 25 लीज तो रेड जोन में आती हैं। भारत-पाक में तनाव को देखते हुए इन क्षेत्रों में वर्तमान में ही नहीं, सामान्य दिनों में भी ड्रोन उड़ाना सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकता है। इसके अलावा बॉर्डर जिलों में सैन्य गतिविधियों का संचालन होता रहता है। इंटरनेशनल बॉर्डर से 25 किमी, एयरस्ट्रिप व आर्मी कैंट एरिया से 3 किमी परिधि, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान से 2 किमी परिधि, आयुध डिपो व बीएसएफ मुख्यालय रेड जोन घोषित हैं। इन इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन का संचालन नहीं किया जाना चाहिए।

बीकानेर वृत्त के एसएमई एनके बैरवा ने अपने अधीन खनि अभियंताओं से ड्रोन सर्वे पर टिप्पणी मांगी है। एसएमई के अधीन जिलों के अभियंताओं ने भी ड्रोन सर्वे पर रोक के कारण माइनिंग प्लान अनुमोदन के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।

ड्रोन सर्वे नहीं होने से माइनिंग प्लान अनुमोदित नहीं होने पर खनन मामलों के जानकार देवेन्द्रसिंह धमोरा ने बीकानेर वृत्त के एसएमई एनके बैरवा को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि ड्रोन उड़ाने पर रोक कब तक रहेगी, यह निश्चित नहीं है। ऐसे में सरकार को खासकर बॉर्डर जिलों में वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए जिससे कि माइनिंग प्लान अनुमोदित किए जा सके।

खान एवं भूविज्ञान विभाग की ओर से प्रत्येक पांच साल में खनन पट्टेधारियों से माइनिंग प्लान लिया जाता है जिसमें वे बताते हैं कि किस तरह पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, नियमों की पालना करते हुए सुरक्षित तरीके से खनन करेंगे। एमई-एएमई और भूवैज्ञानिक माइनिंग प्लान की रिपोर्ट तैयार कर एसएमई को सौंपते हैं। एसएमई माइनिंग प्लान अनुमोदित करता है। इसके अलावा प्रत्येक नए खनन पट्टाधारी को माइनिंग प्लान देना होती है। तभी उसे सेंशन मिल पाती है।

# थार गाड़ी की चपेट में आने से दो की मौत, एक घायल



जालोर शहर के निकट बिशनगढ रोड पर थार की टक्कर से दो जनों की मौत हो गई।

- सीट बेल्ट लगे होने के कारण दोनों एयरबैग खुल गए, जिस कारण गाड़ी में सवार दोनों युवकों की जान बच गई

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के बिशनगढ़ रोड पर शुक्रवार को एक थार गाड़ी (जीप) की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो जनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा थार जीप चालक घायल हो गया, जहां उन्हें जालोर के राजकिय चिकित्सालय में लाया गया। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया।

जालोर शहर के निकट बिशनगढ़ रोड चुंगी नाका के पास बिशनगढ़ से जालोर की तरफ आ रही थार जीप के चालक ने वाहन को तेजगति से चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी जिससे आगे चल रही मोटरसाइकिल पर सवार पहाडपुरा निवासी भरत चौधरी पुत्र मीठालाल व मनोहर चौधरी पुत्र रावताराम की मौके पर मौत हो गई जबकि थार जीप चालक गोपाल देवासी निवासी एलाना घायल हो गए। गाड़ी इतनी तेज गति थी कि चालक गोपाल देवासी एलाना उसको कंट्रोल नहीं कर पाया और गाड़ी मोटरसाइकिल से टकराते हुए हाइवे पर लगे संकेतक बोर्ड के पिलर से टकरा गई। सीट बेल्ट लगे होने के कारण दोनों एयरबैग खुल गए, जिस कारण गाड़ी में सवार दोनों युवकों की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस थानाधिकारी अरविंद पुरोहित, एएसआई रामूराम जाणी समेत पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए हैं। परिजनों को सूचित किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर एम्बुलेंस 108 की सहायता से जालोर के राजकिय चिकित्सालय में लाया गया। कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर आगे की कार्रवाई शुरु की।

## रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**अलवर**, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कार्रवाई करते हुए खैरथल में तैनात पटवारी अशोक कुमार को एक हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र मीणा के निर्देशन में की गई। एसीबी चौकी अलवर को शिकायत मिली थी कि पटवारी अशोक कुमार, परिवादी से उनकी भाभी के बच्चों के नाम पर विरासत का इंतकाल दर्ज कराने के लिए दो हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत का सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए। सत्यापन के दौरान आरोपी ने परिवादी से पहले पांच सौ रुपये ले लिए थे, जबकि शेष एक हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उसे रंगे हाथों पकड़ लिया गया। एसीबी ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मवेशी ने बुजुर्ग पर हमला किया, इलाज के दौरान मौत

- पिछले एक माह में कई लोगों को घायल कर चुका है मवेशी

**पावटा**, (निसं)। विराटनगर मैड़ के पालड़ी तिराहे पर एक सांड (मवेशी) ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बुजुर्ग को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसे लेकर लोगों में लापरवाह बने जिम्मेदारों के प्रति नाराजगी है।

मृतक के पुत्र प्रकाश चंद ने बताया कि दांतली ढाणी निवासी पिताजी बोदूराम मीणा (68) 25 अप्रैल की शाम 7.30 बजे पालड़ी तिराहे पर खुद की दुकानों के चल रहे कंस्ट्रक्शन कार्य से कारीगरों की छुट्टी कर चाय की दुकान पर बैठ गए। इसी दौरान सांड भागता हुआ आया और टक्कर मार दी। जिसमें वो गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद मौजूद लोग उन्हें शाहपुरा अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में तीन दिन उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। लेकिन 14 मई को अचानक तबियत खराब होने पर मैड़ अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सांड पिछले एक माह में कई लोगों को घायल कर चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सांड एक माह में चंदाराम, गिरधारी सैनी, सीताराम गुर्जर सहित कई लोगों को घायल कर चुका है। पिछले कई दिनों से इस सांड के उत्पात से स्थानीय लोग भयभीत हैं। मामले को लेकर ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत की उन्होंने पल्ला झाड़ लिया। जिससे लोगों में नाराजगी है।

ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण गजराज ने कहा कि ग्राम पंचायत के पास मवेशियों को पकड़ने के लिए कोई फंड नहीं आता है और ना कोई विभाग का आदेश है। इनको पकड़ने के लिए वन विभाग जिम्मेदार है। इस घटना से क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है।

## ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। झल्लारा थाना पुलिस ने सायबर शील्ड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला ने बताया कि आरोपी मुकेश पटेल पिता रामलाल निवासी डगार झल्लारा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि डगार तालाब कि पाल के नीचे रोड किनारे झाड़ियों में एक युवक मोबाइल पर एस्कोर्ट सर्विस नाम से लड़कियां उपलब्ध कराने का काम कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो बबूल की झाड़ियों में एक युवक छिपा हुआ मिला जो पुलिस जीप को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ा और उसके कब्जे से दो मोबाइल व सिम कार्ड जब्त किए। जांच के दौरान जब उसका मोबाइल चेक किया तो उसमें फर्जी लड़की के नाम की इंस्टाग्राम आईडी मिली, जिससे उसके द्वारा कई लोगों से चेटिंग थी। इसी तरह टेलीग्राम एप पर भी 4 अलग-अलग नाम से फर्जी आईडी होना पाया गया, जिसमें लडकी उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठने संबंधी मैसेज मिले।

# ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के आदेश

- वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत गणित एवं विज्ञान विषय की विचारित सूचियों में सफल अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने होंगे

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत गणित एवं विज्ञान विषय की विचारित सूचियों में सफल अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने होंगे। विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने का लिंक 19 से 25 मई (रात्रि 11.59) तक खोला जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन तथा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करनी होगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षान्तर्गत गणित एवं विज्ञान विषय की विचारित सूचियां 12 मई 2025 को जारी की गई थी। विचारित सूचियों में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर माय रिक्रूटमेंट-डीटेल्ड फॉर्म कम स्क्रूटनी-अप्लाई नाउ का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें। विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच संबंधित विभाग (संस्कृत शिक्षा विभाग) द्वारा ही की जायेगी। अतः ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने व सबमिट करने के उपरांत प्रिंट ऑप्शन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 2 प्रतियों में प्रिंट कर अपने पास संभाल कर रखें एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही संपादित की जायेगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जायेगी। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए परिणाम में विचारित नहीं किया जायेगा। संबंधित विभाग से दस्तावेज जांच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभाग द्वारा आयोग को भेजी जाएगी, जिसके उपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग को अभिस्तावित किये जायेंगे।

## पटवार भवन पर पटवारी की अनुपस्थिति से आमजन में रोष

- पटवारी की गैर-मौजूदगी में आम नागरिकों को बुनियादी सेवाएं नहीं मिल पा रहा है

**भीलवाड़ा**, (निसं)। शहर में आये दिन पटवारियों की मनमानी के चलते आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांगानेरी गेट स्थित पटवार भवन पर लंबे समय तक पटवारी के अनुपस्थित रहने या कार्यालय न पहुंचने की शिकायत को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा असंतोष फैला है। पटवारी भू-अभिलेखों, जमीन संबंधी दस्तावेजों (जैसे खसरा-खतौनी), और राजस्व विवादों के निपटारे में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी गैर-मौजूदगी में आम नागरिकों को बुनियादी सेवाएं नहीं मिल पाती, जिससे उनके दैनिक कार्य प्रभावित होते हैं।

स्थानीय लोगो ने आरोप लगाते हुए बताया कि जमीन खरीद-बिक्री, उत्तराधिकार या अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में अटकने के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान हुआ है। यही नहीं लोगों का आरोप है कि पटवारी मनमानी शुल्क वसूलते हैं या काम रोककर रिश्वत की मांग करते हैं। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाने से इनके हौसले बुलंद है। स्थानीय लोगों ने पटवारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस आधारित मॉनिटरिंग या बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया जाने और अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए की मांग की है।

## छात्र लापता, मामला दर्ज

**निवाई**, (निसं)। पुलिस थाने में शुक्रवार को एक छात्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि शिवजीराम शर्मा निवासी जयसिंहपुरा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका पुत्र निरंजन शर्मा राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में अध्ययनरत है। उसका बुधवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं परीक्षा का परिणाम आया था। परिणाम के बाद से ही वह बिना कहे घर से निकल गया। उन्होंने बताया कि शिवाजी पार्क रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे में उसी शाम को करीब सात बजे मोटरसाइकिल से निकलते हुए की फुटेज देखी गई। उसके बाद उसका कहीं पता नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## भागवत आज पुष्कर में

**अजमेर**, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत शनिवार शाम एक विवाह समारोह में शिरकत करने पुष्कर आएंगे। भागवत की पुष्कर यात्रा को लेकर पुलिस द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार भागवत शनिवार शाम छह बजे अल्प प्रवास यात्रा के दौरान गनाहेड़ा में स्थित निजी रिजॉर्ट में आयोजित परिचित के शादी समारोह में शामिल होंगे। भागवत के कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। पुष्कर थाना प्रभारी विक्रम सिंह व नगर परिषद के आयुक्त जनार्दन शर्मा ने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

# दूरसंचार विभाग को जमा सिक्योरिटी राशि देने सहित दस हजार का जुर्माना लगाया

- राशि नहीं लौटाने पर परिवादी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग में परिवाद पेश किया

**जालोर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिताष आायोग जालोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव ने शुक्रवार को उपभोक्ता द्वारा दूरसंचार कनेक्शन विच्छेद करने के बाद भी सिक्योरिटी राशि 2865 रूपये परिवादी को मय ब्याज सहित दस हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

परिवादी कांतिलाल भंडारी पुत्र लालचंद भंडारी जाति जैन निवासी शिवाजी नगर जालोर ने उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश कर बताया कि सन् 2001 में अपने घर पर दूरसंचार विभाग से लैण्डलाइन टेलीफोन कनेक्शन ले रखा था। लैण्डलाइन की आवश्याकता नहीं होने पर परिवादी ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिसम्बर 2014 में उक्त लैण्डलाइन कनेक्शन विच्छेद कर दिया। उस समय दूरसंचार विभाग जालोर के अधिकारियों ने अवगत करवाया कि उक्त कनेक्शन को लेकर सिक्योरिटी राशि 2865 रूपये सिरोही कार्यालय से आपके खाते में जमा हो जायेंगे लेकिन परिवादी द्वारा बार-बार दूरसंचार विभाग जालोर व सिरोही को सिक्योरिटी पेटे जमा डिपोजिट राशि लौटाने का आग्रह किया, लेकिन डिपोटिज राशि नहीं लौटाने पर परिवादी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग में परिवाद पेश किया। आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद शुक्रवार को आदेश दिया कि दूरसंचार विभाग परिवादी कांतिलाल भण्डारी को जमा सिक्योरिटी पेट राशि 2865 रूपये परिवाद पेश करने की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज के अदा करने के साथ दस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# अजमेर में दो और बांग्लादेशी पकड़े, अब तक 37 डिटेन

**अजमेर**, (कासं)। जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। एसपी वंदिता राणा के निर्देशों के तहत गंज थाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को लगातार सातवीं कार्रवाई करते हुए दो और बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है।

- सभी लोग बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे और इनकी गतिविधियां संदिग्ध थी
- ग्रामीण और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है




गंज थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दो और बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है।

गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने लोंगिया, बाबूगढ़ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में दबिश देकर अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों पर कार्रवाई की है। शुक्रवार को दो और बांग्लादेशी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। गंज थाना पुलिस ने अब तक इस विशेष अभियान के अंतर्गत 37 बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेन किया जा चुका है। बताया गया कि ये सभी लोग बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे और इनकी गतिविधियां संदिग्ध थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन लोगों से पूछताछ की जा रही है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत इन्हें रिमांड होम के जरिए डिपोर्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी वंदिता राणा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यक्ति बिना वैध पहचान दस्तावेजों के संदिग्ध रूप से रह रहा हो, उसकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके तहत खासतौर पर ग्रामीण और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# डाटा सेंटर की कम्पनी में निवेश राशि को हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**निवाई/टोंक**, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने डाटा सेंटर की कम्पनी में निवेश करने का प्रलोभन देकर निवेश राशि को हड़पने के दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी 3 मामले दर्ज हैं।

थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि 7 सितम्बर 2023 को परिवादी नेहनुलाल गुर्जर निवासी दीनदयाल कॉलोनी ने डाटा स्पेश खरीदने एवं बदले में 12 साल तक 29 हजार 100 रूपए देने का प्रलोभन देकर परिवादी के साथ धोखाधड़ी करने वाली सीनाव क्लाउड टेक्नोलोजी प्रा. लि. के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया था। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी के निर्देशन एवं डीवाईएसपी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन में गठित पुलिस टीम ने दिल्ली, आगरा, फरीदाबाद व गाजियाबाद सहित कई शहारों में आरोपियों की तलाश की। आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर की सूचना पर तकनीकि संसाधनों एवं फिल्ड आसूचना के आधार पर आरोपी अनुज कुमार त्यागी पुत्र कांति प्रसाद त्यागी निवासी बैंक कॉलोनी गोविन्दपुरम गाजियाबाद थाना मधुवन बापूधाम जिला गाजियाबाद उत्तरप्रदेश हाल निवासी रॉयल गार्डन थाना मसूरी जिला गाजियाबाद उत्तरप्रदेश को गाजिया बाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी से कड़ी पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि आरोपी डाटा सेंटर खोलने के बहाने सीनाव क्लाउड टेक्नोलोजी प्रा. लि में निवेश करने का प्रलोभन देकर निवेश राशि को धोखाधड़ीपूर्वक हड़पता था। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरूद्ध कवि नगर जिला गाजियाबाद में दो मामले दर्ज है।



पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

## पुजारी की हत्या करने का आरोपी रिमांड पर

- दो साल से फरार था आरोपी, पहले भी तीन मामले दर्ज हैं

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले के रायपुर थाना क्षेत्र के चामुंडा माता मंदिर पुजारी की पीट-पीट कर हत्या करने के आरोपी पिंटू को शुक्रवार को अदालत में पेश कर तीन दिन रिमांड पर लिया गया।

रायपुर पुलिस के अनुसार, रायपुर कस्बे में चामुंडा माता मंदिर के पुजारी सुखानाथ (62) पुत्र हजारीनाथ योगी पर बुधवार देर शाम रायपुर निवासी पिंटू पुत्र नगजीराम सैन ने हनुमानजी की गदा से ताबड़तोड़ हमला किया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। पुजारी योगी ने एमजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भतीजे केमूनिया निवासी लक्ष्मण पुत्र भैंरूनाथ योगी ने पिंटू सैन के खिलाफ जानलेवा हमला कर हत्या करने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को ही आरोपित पिंटू को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को शुक्रवार को रायपुर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन रिमांड पर भेज दिया गया।

## संक्षिप्त

### जिला कोषालय का निरीक्षण किया

**कोटपूतली।** पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग जयपुर के निदेशक (पेंशन) डॉ. देवराज के द्वारा जिला कोषालय कोटपूतली-बहरोड़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोषाधिकारी अशोक वर्मा, उप कोषाधिकारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, गिरधारी लाल आर्य, किशन लाल शर्मा एवं कोषाधिकारी ने माला पहनाकर निदेशक डॉ. देवराज का अभिवादन किया और कोटपूतली में पेंशन ट्रेजरी खुलवाने हेतु ज्ञापन दिया।

### डिम्पल सोनी बनी राजस्थान प्रदेश महामंत्री

**मनोहरपुर।** स्वर्णकार सेवा दल के संस्थापक निरंजन कड़ेल प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीकांत सुनालिया, मुरली कड़ेल, संजय बूटन ने सामूहिक एक मीटिंग गठित कर एडवोकेट डिम्पल सोनी को राजस्थान प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है !अध्यक्ष सपना कड़ेल ने की जयपुर जिला कार्यकारणी की घोषणा जिसमें राकेश कड़ेल संरक्षक पवन उदावत महामंत्री सूरज सहदेव उपाध्यक्ष अशोक कड़ेल कोषाध्यक्ष रतनी देवी सहलाकर,मीनू डावर मंत्री मुरारी रोडा मंत्री कृष्णा सोनी सांस्कृतिक मंत्री विक्रम डावर प्रचार मंत्री श्याम बेवाल व्यवस्था मंत्री पवन कुल्थिया अशोक मौसूण को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

### महावीरप्रसाद पराणा अध्यक्ष एवं विमल बने मंत्री

**निवाई।** दिगम्बर जैन सोशल गुरप फेडरेशन राजस्थान रीजन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधि का संचालन फेडरेशन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने रीजन संभाग एवं जैन सोशल गुरप प्रज्ञा के नवनियुक्त अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा एवं मंत्री विमल जौंला को फेडरेशन के संविधानुसार पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सुनीता गंगवाल एवं सोनल जैन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर के अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्रकुमार जैन ने जैन सोशल गुरप फेडरेशन की उपलब्धियों एवं धार्मिक सामाजिक सेवाभावी गतिविधियों की जानकारी दी।

### कालका माता मंदिर धाम में जल मंदिर की स्थापना

**निवाई।** देवभूमि नोहटा पर्वत श्रृंखला में स्थित घाटी वाली कालका माता मंदिर धाम में आयोजित 51 कुंडात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ मे स्वर्गीय नंद कंवर व ठाकुर स्वर्गीय भंवरसिंह गौड की पुण्य स्मृति में दशरथसिंह गौड परिवार ने कालका माता मंदिर में जल मंदिर की स्थापना की है।


**खोया पाया**

मेरे भूखण्ड संख्या 345 रोहिणी नगर 3, का मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें संजीव शर्मा, फोन नंबर - 9982822772

आवास संख्या 119/200 मानसरोवर जयपुर का मूल नियमितिकरण एंव अदेय प्रमाण क्रमाक 3553 दिनांक 30/11/96 राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जारी पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। चन्द्र प्रकाश मो. 9798873029

**नाम परिवर्तन**

मै, नं.22053179एफ, सिपाही (शेफ मेस) मदन लाल जाट निवासी जाटो का बास, रामपुरा, हरमारा, अजमेर, राजस्थान ने जिला जयपुर न्यायालय के समक्ष हलफनामा दिनांक 14.05.2025 द्वारा अपनी मां का नाम काली देवी से बदलकर केली देवी कर लिया है।

मै आर्मी नं. 16031115X राइफलमैन विमल सिंह तोमर यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता जी का नाम कृष्णा तोमर है जो कि गलत है। मेरी माता जी का सही नाम कृष्णा सेंगर है।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ‘संतों के दिखाए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल और सार्थक बनाएं’

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास से करीब 6 किलोमीटर दूर गांव मोठूका मैं स्वामी दयाराम साहिब का दो दिवसीय वार्षिक मेला सुबह 11 बजे झंडे की रस्म के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर प्रतिपक्ष नेता टीका राम जूली, विधायक दीपचंद खेरिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

मैलै मे संत लाल भगत ने प्रवचन देते हुए कहा कि संतो के दिखाएं मार्ग पर चलकर जीवन सफल और सार्थक बनाएं, व्यक्ति द्वारा अपने धन व समय ऐसे धार्मिक आयोजन में लगाए जाने से हमेशा उन्नित होती है। ऐसे धार्मिक आयोजन में शामिल होने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जूली ने मेला स्थल पर पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया और देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जूली बोले ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक भावनाओं को मजबूत करते हैं।

मैले में सुबह से ही अजमेर, जयपुर, आगरा, अहमदाबाद, दिल्ली, मंदसौर ,भोपाल, ब्यावर, बीकानेर,सूरत, डूंगरगढ़, अलवर, भरतपुर, खैरथल ,तिजारा सहित क्षेत्र के अनेक शहरों व आसपास के हजारों श्रद्धालु पहुंचे ।



मेले के शुभारंभ पर पहुंचे प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली संत लाल भगत से लिया आशीर्वाद।

मैले में संत लाल भगत, संत मोहन भगत खैरथल, संत कल्याण भगत इस्माइलपुर, बब्बू शर्मा मुंबई, अशोक घायल अजमेर, भगत मंगाराम आगरा, सतगुरु साहय सेवा मंडली आगरा, सहित अनेक भजन मंडलिया एवं संतो ने सत्संग कर प्रवचन दिए। मैले में सुबह शाम महा आरती ,रात्रि 8 बजे बहराना साहब का आयोजन हुआ बहराना साहिब में आगरा के सतगुरु सहाय सेवा मंडली द्वारा अनेक करतब दिखाए गए।

इस दौरान मेले में सजी हुई दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। मेले में लगे झूलौ मैं बच्चे झूलों का आनंद लेते दिखाई दिए। युधिष्ठिर पमनानी ने बताया श्रद्धालुओं की खाने, रुकने व चिकित्सा व पार्किंग की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए चाय, ठंडा पानी, शरबत की 24 घंटे व्यवस्था की गई है। भंडारे में

- प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, विधायक दीपचंद खेरिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंच कर लिया संतों का आशीर्वाद

रोजाना करीब 7 से 8 हजार श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं रोजाना 600 किलो आटा, 600 किलो चावल, 200 किलो दाल , 300 किलो आटा की खपत हो रही है।

समाज के लोग स्वयं की प्रेरणा से राशन, फल, सब्जियां पहुंचा रहे हैं। मैले की व्यवस्था सुनील भगतानी, प्रदीप भगतानी, डॉ राजेश पमनानी, श्याम मघनानी, इंदर भगतानी, कमलेश पमनानी, नंदलाल भगतानी, गोरधन भगतानी, मनोज भगतानी, अर्जुनदास भगतानी, चेतन दास, जीवत राम, कैसामल, रूपचंद देवजानी, रघुवीर भगतानी, राम भगतानी, प्रेम भगतानी, मुरलीधर, लालचंद बचानी, किशन चंद सहित अनेक सेवादार ने संभाली हुई है।

# छात्रावास की बालिकाएं पहुंची जज को शिकायत करने

**अलवर।** अलवर शहर के सूर्य नगर स्थित बालिका अल्पसंख्यक छात्रावास की छात्राएं शुक्रवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश को शिकायत करने पहुंच गई। वार्डन मंजू मीणा के खिलाफ शिकायत दी कि उनको 3 तीन से नहाने का पानी नहीं दिया। छात्रावास से बाहर भगाने की धमकी दी है।


**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5 वीं व 6 वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक: 32/25 **आम सूचना** दिनांक: 08.05.2025
आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट, विद्याधर नगर जयपुर के फ्लैट संख्या – टी–2/39 – एएफएफ की संघ द्वारा श्री अमर सिंह गोठवाल पुत्र श्री बुध राम गोठवाल के नाम कन्वेंस डीड दिनांक 18.03.2009 को जारी कर रजिस्ट्री करवा दी गई थी, जिसे श्री अमर सिंह गोठवाल से श्रीमती ममता कंवर राठौड़ पत्नि श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा दिनांक 30.08.2024 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए स्वयं के नाम ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया है। जिस किसी को भी उक्त फ्लेट के ट्रांसफर पर आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित प्रस्तुत करे अन्यथा फ्लैट संख्या – टी–2/39 – एएफएफ, श्रीमती ममता कंवर राठौड़ पत्नि श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा। (योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक

**NOTICE**
Notice is hereby given that certificate for **500 shares of Safari Industries (India) Ltd. in the name of Sarita Sharma under Folio No. S05824 bearing cert. No. 369 and Dist. Nos. 205256-205755** have been lost and application has been made to the company to issue duplicate in lieu thereof. Any person who has a claim in respect of the said shares should lodge such claim with the Company's Registrars & Transfer Agents at **"ADROIT CORPORATE SERVICES PVT LTD." 18-20, Jaferbhoylnd Estate 1st Floor, Makwana Road, Marol Naka, Andheri (E), Mumbai-400059** within 15 days from the date of publication on this Notice, else the company will proceed to issue Duplicate Certificates.
**Place : Jaipur Date : 15.05.2025**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा प्लॉट नम्बर सी-136-ए, त्रिवेणी नगर, ब्लॉक- सी.डी. ग्राम राजावास, सीकर रोड, तहसील आमेर जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 175 वर्गगज है को क्रय किया जा रहा है. यह कि उक्त प्लॉट का जे.डी.ए जयपुर द्वारा पट्टा विलेख 03.10.2008 को राजेश्वरी देवी अग्रवाल के नाम से जारी किया गया, राजेश्वरी देवी अग्रवाल ने उक्त प्लॉट को जरिये विक्रय पत्र 28.03.2010 द्वारा पूनम गोयल को विक्रय किया, तत्पश्चात् पूनम गोयल ने उक्त सम्पत्ति को जरिये विक्रय पत्र 10.06.2010 द्वारा खेमराज खत्री को विक्रय किया, खेमराज खत्री का स्वर्गवास 16.10.2017 को हो गया, खेमराज खत्री के स्वर्गवास के बाद उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियों / वारिसान में उनकी पत्नी कृष्णा खत्री, पुत्र विनोद खत्री, विनीत खत्री, विवेक खत्री संयुक्त रूप से उक्त वर्णित सम्पत्ति में अपने-अपने 1/4-1/4 हिस्सा के मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुए। तत्पश्चात विनोद खत्री, विनीत खत्री, विवेक खत्री ने उक्त सम्पत्ति में अपने संयुक्त अविभाजित 3/4 हिस्से का हक त्याग जरिये हक त्याग पत्र 17.12.2022 द्वारा कृष्णा खत्री के हित में त्याग कर दिया, तत्पश्चात् कृष्णा खत्री ने उक्त सम्पत्ति को जरिये विक्रय पत्र 27.03.2023 द्वारा जानकी टिकर को विक्रय कर दिया, इस प्रकार जानकी टिकर उक्त सम्पत्ति की एकमात्र मालकिन, स्वामीनी, काबिजा व अधिकारी है, जानकी टिकर द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है, यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, ऐतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति / ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात् इस आम सूचना बाबत् कोई भी आपत्ति / ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
B. C. Shankla Advocate, Mob. 9829063273

इत्तलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट, न्यायालय राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण, जयपुर, राजस्थान
अपील नम्बरी सुतफरिक या इजराय डिग्री नं. 19 सन् 2015 बिनाराजी तजबीज ..... अदालत मुकाम..... मुकाम....... मवरिखा .....सन्.... कंवरपाल जैन अपीलान्ट बनाम पंच निर्णायक व अन्य रेस्पाडेन्ट बनाम मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर जरिए अध्यक्ष रामेश्वर कुमावत, पतन टॉवर, सोडाल, जयपुर मुत्तिला हो कि अपील बिनाराजी डिग्री व तारीख...... इस मुकद्दमें ने में पेश किया है और इस अदालत की तजबीज 10 माह 06 सन् 2025 ई. वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की गई है अगर खुद आप या आपके वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवालत करने का माजज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और की जायेगी। आज तारीख 06 माह 05 सन् 2025 ई. मेरे दस्तखत और मोहर अंदालत से जारी किया। सहायक रजिस्ट्रार, राजस्थान राज्य सरकारी अधिकरण महानगर बनीपार्क, जयपुर-302016

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक :- 2764 दिनांक :- 14/05/25
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/468 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर,) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री महेन्द्र टिक्कीवाल पुत्र स्व. श्री ऋषी केशजी टिक्कीवाल को किया जाकर आंवटन पत्र क्रमांक 5912 दिनांक 17.10.2003 को जारी किया गया। श्री महेन्द्र टिक्कीवाल द्वारा श्रीमती रचना वाणी पत्नी श्री राजेश वाणी पुत्री श्री महेन्द्र टिक्कीवाल को दिनांक 07.09.2007 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती रचना वाणी के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री महेन्द्र टिक्कीवाल के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहाँ दिनांक 23.09.2009 को पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती रचना वाणी द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 02.07.2010 के द्वारा श्री महेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा एवं श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री महेश कुमार शर्मा एवं श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा श्रीमती पूजा चुग पत्नी श्री सुरेश कुमार चुग को दिनांक 05.03.2012 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती पूजा चुग द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 23.07.2012 के द्वारा श्री दीप चन्द पुत्र स्व. श्री पोहूमल को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री दीप चन्द द्वारा उक्त आवास दिनांक 06.04.2016 को श्री कौशल किशोर पुत्र श्री दामोदर चौधरी को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री कौशल किशोर द्वारा श्री रामेश्वर प्रसाद बंसल पुत्र श्री रमेश चन्द बंसल को दिनांक 31.12.2022 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री रामेश्वर प्रसाद बंसल द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 29.03.2024 के द्वारा श्री निरंजन कुमार शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता /केती श्री निरंजन कुमार शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है. श्री निरंजन कुमार शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर**
क्रमांक-भू.अ./2025/1255 दिनांक-16/5/2025
**आम सूचना**
जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी रामदेव पुत्र रोड़ूराम जाति जाट निवासी माधोपुरा तहसील दूदू द्वारा में मृतक खातेदार रोड़ूराम पुत्र किशना जाति जाट सा0 देह खातेदार के नाम दर्ज खाता स0 171 ख0न0 341, रकबा 0.61 हैक्ट. में हिस्सा 1/2 वाके ग्राम माधोपुरा कि विरासत का नामान्तरण मृतक खातेदार के बजाय रामदेव पुत्र रोड़ू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 9/2025 अन्तर्गत धारा 135 (2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 विचाराधीन है। खातेदार पूर रोड़ूराम पुत्र किशना जाति जाट सा0 देह खातेदार तह0 दूदू की दिनांक 21.06.2020 को ही मृत्यु हो चुकी है। प्रार्थी रामदेव व स्वतंत्र गवाहान् द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रो के आधार पर मृतक खातेदार के बजाय रामदेव पुत्र रोड़ूराम जाति जाट निवासी माधोपुरा तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति / दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। कोई दावा / आपति प्राप्त नही होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
तहसीलदार (भू.अ.) दूदू, जयपुर


# खाद्य सुरक्षा योजना में 6660 व्यक्तियों ने किया गिव अप

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। सीएम शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1 में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी अर्द्धसरकारी स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में शामिल है। अभियान के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अब तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा जिले में 6660 व्यक्तियों ने गिव अप किया।

जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गिव अप अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ में 260 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में जिला रसद अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ एवं प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर, सन्तोष मीना द्वारा पावटा, कोटपूतली, बहरोड़, विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर तहसीलों में 66 निरीक्षण किये गये तथा 60 अपात्र एनएफएसए परिवारों को नोटिस जारी किये गये। निरीक्षण के दौरान राशन डीलर्स एवं लाभार्थियों को स्वैच्छा से पात्रता के आधार पर नाम हटवाने के लिये निरन्तर मोटिवेशन दिया जा रहा है। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेगें और वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

## दुकानदारों को थमाया नोटिस

**निवाई।** स्वच्छ भारत मिशन योजनार्गत गांव को साफ सुथरा रखने एवं गंदगी मुक्त गांव बनाने के लिए ग्राम पंचायत प्रशासन ने शुक्रवार को दुकानदारों को नोटिस देकर कचरा सडक़ ऊपर नहीं डालने के लिए पाबंद किया। ग्राम पंचायत रजवास में चाय की दुकानों व किराणे के दुकानदारों को नोटिस देकर कचरा सडक़ मार्ग पर नहीं फैंकने के लिए नोटिस देकर पाबंद किया गया। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि राज्य सरकार की आदेशानुसार ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत गांव को साफ सुथरा रखने एवं गंदगी मुक्त बनाने पर विशेष फोकस किया गया है। सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायत रजवास में भी गांव में नियमित सफाई करवा कर कचरे का निष्पादन का कार्य कर रही है। हमारा गांव स्वच्छ एवं साफ रहे। ग्राम पंचायत प्रशासन ने दुकान प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे, प्लास्टिक थैलियां, डिस्पोजल गिलास इत्यादि कचरे को अपनी दुकान प्रतिष्ठान में कचरा पात्र रखकर संग्रहित करें एवं प्रतिदिन ग्राम पंचायत की कचरे की गाड़ी में डालने का श्रम करें।

# पशुपालन विभाग उपनिदेशक ने पशुपालकों को किया जागरूक

**कोटपूतली।** गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक से बचाव हेतु रखे विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है। पशुपालन विभाग उपनिदेशक डॉ. हरीश कुमार ने बताया कि पशुओं में ग्रीष्म ऋतु में बढ़ा हुआ तापमान अत्यधिक परेशानी पैदा करता है, क्योंकि अधिक गर्मी से पशु तापघात का शिकार हो जाता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो ऐसी स्थिति में पशु को अधिक देर तक धूप में रखने या सीधे गर्म हवा के संपर्क में आने से पशु को लू लग जाती है एवं यदि पशु अधिक देर तक लू के संपर्क में रहता है तो उसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक हो जाता है जिससे पशु की उत्पादन क्षमता घट जाती हैं या कभी कभी पशु की मौत भी हो जाती है।

तीव्र ज्वर की स्थिति, पशु का हांफना यानी मुँह खोलकर श्वास लेना, मुँह से लार गिरना, पशु का बेचन होना एवं भूख की कमी होना, पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना या बंद होना, पशु की धडकन कम होना एवं कभी कभी आफरा की शिकायत होना आदि लक्षण है।

पशुओं को सूर्य की सीधी किरणों से दूर रखे, पशुओं को हवादार छप्पर या छायादार पेड़ों के नीचे रखे, पशुशाला को ठण्डा रखने के लिये दीवारों पर जूट की टाट लगाकर बार बार ठण्डे पानी से भिगोये ताकि बाहरी की हवा से ठंडक बनी रहे, पंखे एवं कूलर का प्रयोग करे, दिन में लगभग चार बार साफ एवं शीतल जल पिलायें, पशुओं को संतुलित आहार एवं उचित मात्रा में खनिज आहार देवे एवं सुपाच्य एवं उच्च गुणवत्ता का चारा खिलवायें, पशुओं को सुबह जल्दी व शाम को देर से खाना खिलायें, हरे चारे के लिये अजोला घास या अन्य हरा चारा का प्रायोग करे एवं साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर या जौ की मात्रा देवे, पशुओं का परिवहन एवं अन्य संचालित गतिविधियां सुबह या शाम को करें, यदि किसी पशु की अधिक तबीयत खराब हो तो अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्था या 1962 कॉल सैंटर पर सूचित करें।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAIWASA, P.S. PALSANA (SIKAR)**
No. : Proc./2025-26/76 Notice Inviting Bid Date : 15-05-2025
Bids for open tender of various Work are invited from interested upto 06:00 Pm of 24.05.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portel http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state and at Gram Panchayat Raiwasa Office in all working Days.
NIB No.:- PSP2526A0018 UBN No.:- PSP2526SSRC00019
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT RAIWASA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH, GRAM PANCHAYAT RAIWASA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बांदीकुई (दौसा)**
Email: bandikui.jaipur@gmail.com
क्रमांक :– न.पा.बा./2025/651 दिनांक :– 14.05.2025
**BID सूचना**
समस्त पंजीकृत संवेदक/सामाजिक संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बांदीकुई NIB Code. DLB2526A1362 तथा UBN No. DLB2526GSRC04908, DLB2526SSRC04896, DLB2526SSRC04899, DLB2526SSRC04900, DLB2526SSRC04902, DLB2526SSRC04905, DLB2526SSRC04909 कार्य करवाना चाहती है अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक 22.05.2025 को मध्यानः 1:00 बजे तक अपनी दर ऑफलाईन प्रस्तुत कर सकते है । निविदा आनलाईन बेबसाईट http://sppp..goverment.gov.in पर देखी जा सकती है । निविंदा से संबंधित शर्ते उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बांदीकुई
राज.संवाद/सी/25/2430

**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज)**
क्रमांकः न.प.कि./गैराज/2025/191 दिनांक :– 12/05/2025
**-:: ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या- 01 (वर्ष 2025-26 ::-)**
नगर परिषद, किशनगढ (अजमेर) के लिए परिषद क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हेतु किराये पर सी.एन.जी. टेम्पो (क्षमता 1000 किलों) मय ड्राईवर उपलब्ध कराने हेतु 20 ऑटो टीपर/ऑटोहोपर (क्षमता 1000 किलोग्राम) 12 माह के लिये किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य हेतु इच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योर्मेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 13.05.2025 को प्रातः 09.00 बजे से तथा प्राप्त करने की दिनांक 26.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
यूबीएन नं. DLB2526A1212
आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़
राज.संवाद/सी/25/2498


# ‘निवेशकों से निरंतर संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें’

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को राइजिंग राजस्थान के तहत हुए टोंक जिले से संबंधित एमओयू को धरातल पर उतारने को लेकर कलेक्ट्रेट कक्ष में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व जिले में इच्छुक निवेशकों से निरंतर संवाद कर उनकी अपेक्षाओं एवं समस्याओं को पूरा करें। भूमि आवंटन के संबंध में संबंधित अधिकारी राजस्व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हर संभव विकल्पों को देखे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे राज्य एवं जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही, रोजगार के नए अवसर सृजित होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। इसलिए एमओयू कि क्रियान्विति को गति प्रदान करने के लिए बेहतर सामंजस्य बनाकर कार्य करें।



जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने समीक्षा बैठक ली।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि टोंक जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत 220 एमओयू हुए। उनमें से 68 में निर्माण शुरू हो चुका है तथा 23 में उत्पादन चल रहा है। बैठक में रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम मीणा, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता पीके करनाल, सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी, डीईओ मीना लसारिया एवं जिला उद्योग अधिकारी रमाकांत शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में जल संकट, लोगों को रहता है टैंकर का इंतजार

**पावटा।** प्रचंड गर्मी की मार झेल रहे पावटा कस्बे में अब जल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी के चलते गांवों में जल स्त्रोतों के सूखने से जलसंकट बढ़ा है, लेकिन पेयजल व्यवस्था के लिए किए गए इंतजामों का उचित रखरखाव नहीं होने से पेयजल संकट गहरा रहा है। जिसके चलते ग्रामीण दिनभर पेयजल की व्यवस्था करते नजर आते हैं।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा कस्बे के वार्डो में जलदाय विभाग द्वारा टंकी में पानी सप्लाई करने वाली मोटर खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल संकट इतना गहरा गया है कि प्यास बुझाने के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग द्वारा पानी की समस्या को देखते हुए टैंकरों की व्यवस्था की गई लेकिन उसमें भी कुछ लोग अपना निजी फायदा लेते हुए जनता की सुविधा के लिए भेजे गए पानी के टैंकरों को अपनी टंकियों व होदो में डलवा एकत्रित करने में लगे है। वही शुक्रवार को पावटा कस्बे के विभिन्न वार्डो में सार्वजनिक नलों पर सुबह से ही महिलाएं और बच्चे बाल्टी और बर्तन लेकर पानी का इंतजार करते नजर आए । पानी की कमी के कारण दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इससे समय की बर्बादी हो रही है और जरूरत लायक पानी भी नहीं मिल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी तो पहले से ही जानलेवा है और अब पानी की किल्लत ने जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह पांच बजे ही पानी भरने के लिये जगना पड़ता है। जलदाय विभाग की जिम्मेदारी है कि अगर वार्डो में पानी सप्लाई के लिए लगी मोटर खराब हो जाए तो इसका मेंटनेंस कराया जाए। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।


**Office of The Gram Panchayat LOHARWADA Khandela**
S.No.-tender/2025-26/SPL-Ist Date: 16.5.25
**TENDER NOTICE**
E-tenders are invited under open tener process from registered contractors/contractors etc. for CLEANING AND SANITATION WORK in Gram panchayat LOHARWADA in the financial year 2025-26. Detailed details of tenders can be seen on sppp.rajasthan.gov.in. The UBN NUMBER of the tender is PIT25265SRC00079
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लोहरवाडा, पं.स.खण्डेला, जिला सीकर
सरपंच, ग्राम पंचायत लोहरवाडा, पं.स.खण्डेला, जिला सीकर

**कार्यालय ग्राम पंचायत क्यारदा कलां, पंचायत समिति-खण्डार जिला-सवाई माधोपुर**
क्रमांकः-2025-26/10 **ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26** दिनांक-08/05/2025
वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत क्यारदा कलां प.स. खण्डार में समस्त योजनाओ यथा ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं मनरेगा में स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों हेतु अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए जीएसटी में पंजीकृत सक्षम संवेदक/ फर्मों अथवा जो राजस्थान सरकार के विभिन्न निर्माण विभागो में सी श्रेणी में पंजीकृत हो से निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। निविदा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB No.ZSM2526A0304
UBN No. ZSM2526GLOB00354
प्रशासक, ग्राम पंचायत क्यारदा कलां — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत क्यारदा कलां

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा, पंचायत समिति खण्डार जिला-सवाई माधोपुर**
क्रमांकः-2025-26/20/21 **ई-निविदा सूचना संख्या-02-03/2025-26** दिनांक-02/05/2025
ग्राम पंचायत रामपुरा पंचायत समिति खण्डार के अधीनस्थ ग्रामो में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं एवं मनरेगा, ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं अन्य समस्त योजना में स्वीकृत निमार्ण कार्यों के लिए आनुसांगिक सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/ फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओ से संबंधित नियम, शर्तें व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB No.Z.SM2526A0311, ZSM2526A0307
UBN No. ZSM2526GLOB00355, ZSM2526WSOB00361
प्रशासक, ग्राम पंचायत रामपुरा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रामपुरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत हलौंदा, पंचायत समिति खण्डार जिला- सवाई माधोपुर**
क्रमांकः-2025-26/16/17 **ई-निविदा सूचना संख्या-02-03/2025-26** दिनांक-02/05/2025
ग्राम पंचायत हलौंदा पंचायत समिति खण्डार के अधीनस्थ ग्रामो में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं एवं मनरेगा, ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं अन्य समस्त योजना में स्वीकृत निमार्ण कार्यों के लिए आनुसांगिक सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओ से संबंधित नियम, शर्तें व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB No.ZSM2526A0310, ZSM2526A0306
UBN No. ZSM2526GLOB00356, ZSM2526WSOB00360
प्रशासक, ग्राम पंचायत हलौंदा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत हलौंदा

**कार्यालय ग्राम पंचायत अल्लापुर, पंचायत समिति- खण्डार जिला- सवाई माधोपुर**
क्रमांकः-2025-26/06/10 **ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26** दिनांक-02/05/2025
ग्राम पंचायत अल्लापुर पंचायत समिति खण्डार के अधीनस्थ ग्रामो में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं एवं मनरेगा, ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं अन्य समस्त योजना में स्वीकृत निमार्ण कार्यों के लिए आनुसांगिक सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओ से संबंधित नियम, शर्तें व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB No.ZSM2526A0309, ZSM2526A0305
UBN No. ZSM2526GLOB00357, ZSM2526WSOB00358
प्रशासक, ग्राम पंचायत अल्लापुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अल्लापुर


# फायर फाइटिंग पर चार दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण सम्पन्न

**दौसा।** नागरिक सुरक्षा संरचना को सुदृढ़ करने के लिए यहां होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर पर जिला प्रशासन की सिविल डिफेंस टीम के साथ गृह रक्षा (होम गार्ड्स) का सर्च एंड रेस्क्यू तथा फायर फाइटिंग पर चार दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। गृह रक्षा के 32 एवं नागरिक सुरक्षा के 11 जवानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा रामस्वरूप चौहान ने समापन कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सदैव तैयार रहें। अपने सभी उपकरणों को चालू हालत में रखें। वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार नवीन उपकरण भी क्रय किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियारत है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षा स्वयंसेवकों के बेहतर प्रशिक्षण से किसी भी आपदा की स्थिति में जान-माल से होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सकता है।



होमगार्ड को प्रशिक्षण देते हुये।

साथ ही, आमजन को मानसिक संबल मिलता है और यह संदेश जाता है कि प्रशासन उनकी परेशानी में उनके साथ खड़ा है। गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र के समादेष्टा (कमांडेंट) डॉ. अमन रुस्तगी ने बताया कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के दौरान बनी परिस्थितियों में जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में संयुक्त प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया। इस दौरान किसी भी आपदा की स्थिति में सिविल डिफेंस एवं गृह रक्षा द्वारा अन्य प्रशासनिक इकाइयों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने, सदैव तैयार रहने और प्रभावी कार्य कुशलता के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। सीपीआर, अग्नि शमन, खोज एवं बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लाइव डेमोंसट्रेशन दिया गया। समादेष्टा डॉ. अमन रुस्तगी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिले का नागरिक सुरक्षा प्लान समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। इस प्रशिक्षण सत्र में नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं के प्रभारी अधिकारियों के बारे में भी सभी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त

### दिनेश विजय बने अध्यक्ष

**मालपुरा।** छत्रेश्वर महादेव विकास समिति की बैठक पवन जैन संगम की अध्यक्षता मे आयोजित की। बैठक मे मौजूद समिति से जुडे सदस्यो ने सर्वसम्मति बनाते हुये दिनेश विजय को समिति का नवीन अध्यक्ष मनोनीत किया। नवीन कार्यकारिणी मे मंत्री सत्यनारायण जीनगर,व्यवस्थापक राजेन्द्र सैन,मिडिया प्रभारी लेखराज सोनी,कोषाध्यक्ष लादूलाल जैन गनवरिया, को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान लम्बे समय से अधुरे पडे मंदिर निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने सहित अतिप्राचीन छत्रेश्वर महादेव मंदिर विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा की गई।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**निवाई।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11 के लिए रिक्त सीटों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार जिला स्तर पर गठित प्रवेश समिति की ओर से नियमानुसार प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों पर पात्र आवेदकों से प्रवेश के लिए 23 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित एवं जीव विज्ञान विषय के इच्छुक विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय प्रभारी निकलेश सैन से विद्यालय समय 7:30 से 11:30 बजे तक नि:शुल्क प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कराए जा सकते हैं । कक्षा 11 में प्रवेश के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान में कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को न्यूनतम 55 प्रतिशत व संबंधित विषय में 60 प्रतिशत तथा अन्य बोर्ड से कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए 60 प्रतिशत व संबंधित विषय में 65 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता है।

### धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर कल

**निवाई।** आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर सहित शहर के पांच स्थानों पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। महासमिति ईकाई की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि 18 से 27 मई तक बच्चों के लिए धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष शशी सोगानी ने बताया कि शिविर में नसियां जैन मंदिर पाठशाला, इन्द्रा कॉलोनी जैन पाठशाला, बड़ा जैन मंदिर पाठशाला, भगतसिंह कालोनी शांतिसागर पाठशाला, एवं चंद्र प्रभु पाठशाला बंपुई वालों की धर्मशाला में बालक बालिकाओं को महासमिति महिला ईकाई के पदाधिकारियों द्वारा धार्मिक शिक्षण दिया जाएगा।

### 16 जून तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

**टोंक।** चिकित्सा विभाग की ओर से शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया कर एक माह तक जागरूकता कैंपेन चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकता है। आमजन को उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूक करने के लिए कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ फॉर एवरीवन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### 3 घण्टे बिजली बंद

**निवाई।** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र में 3 घण्टे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता रणधीर वर्मा ने बताया की शनिवार को सुबह 8 से 11 बजे तक विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते 33 व 11 केवी जीएसएस फीडर सूरिया, डागरथल, जोधपुरिया में आने वाले सभी गांवों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### बड़बड़वाल तिरंगा यात्रा जयपुर उत्तर के जिला संयोजक बने

**शाहपुरा ।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकल जा रही तिरंगा यात्रा के लिए क्षेत्र के लेटकाबास निवासी अमित बड़बड़वाल को जयपुर देहात उत्तर का जिला संयोजक बनाया गया है।बड़बड़वाल को जिला संयोजक पद की बागडोर भाजपा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सौपी।बड़बडवाल के जिला संयोजक बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

# 'आवंटित कार्यों की टाइमलाइन निर्धारित कर समयावधि में कार्य पूर्ण कराएं'

- भिवाड़ी बीड़ा सभागार में संभागीय आयुक्त ने ली बैठक मुख्य सचिव की ओर से दिए गए

**भिवाड़ी।** संभागीय आयुक्त पूनम ने शुक्रवार को भिवाड़ी बीड़ा सभागार पहुंचकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवंटित कार्यों की स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित कर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कहीं पर अड़चन आती है तो उनकी सूचना तत्काल से जिला कलेक्टर एवं उच्च अधिकारियों अवगत कराएं जिससे कार्य रूके नहीं।



भिवाड़ी बीड़ा सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते संभागीय आयुक्त पूनम।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी परियोजना के पहले चरण की प्रगति की समीक्षा की तथा नगर परिषद भिवाड़ी को निर्देशित किया गया कि फंड की कमी की स्थिति में संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा कर, सभी विभागों को लक्ष्यानुसार वन विभाग को पौधों की मांग भेजने तथा अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल पौधों के रोपण के निर्देश दिए गए। औद्योगिक इकाइयों को भी अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने जैविक पार्क निर्माण के लिए टाइमलाइन तय करने, अलग-अलग प्रजातियों के पौधों के रोपण तथा औद्योगिक क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को आगामी सप्ताह में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए। बीड़ा को अपनी परिसंपत्तियों का प्रॉपर्टी आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य जुलाई तक पूर्ण कर आमजन से आपत्तियाँ आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने एनएच-919 के जीर्णोद्धार के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को उच्च अधिकारियों से संपर्क कर कार्यवाही की जानकारी से निरंतर अपडेट रहने के लिए निर्देशित किया। रीको औद्योगिक क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा एसटीपी के लिए सदस्यता नहीं लेने वाले प्लॉटधारकों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जून माह में निर्धारित कार्यों की समय पर पूर्ति, राज्य स्तर से अपेक्षित कार्यों के लिए नियमित फॉलोअप, तथा तापमान में वृद्धि के मद्देनजर जल, बिजली व चिकित्सा विभाग की तैयारियों की समीक्षा की।

खैरथल पेयजल प्रोजेक्ट के अनुमोदन हेतु एनसीबीआर के अधीक्षण अभियंता को मुख्यालय स्तर पर सतत फॉलोअप करने, संवेदनशील क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, तथा जिला अस्पताल भिवाडी का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने हीट वेव को देखते हुए सभी चिकित्सा संस्थानों में दवाइयों, कूलर, पंखों की उपलब्धता, बिजली आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था, विधुत लाइनों की नियमित जांच, तथा जल एवं विधुत से संबंधित जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

## प्रजाति दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी आयोजित

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने कहा कि लुप्तप्राय प्रजाति वह प्राणी या पौधा है जिसके पृथ्वी से विलुप्त होने का खतरा है। पृथ्वी पर विकसित प्रत्येक प्रजाति का अस्तित्व एक-दूसरे से माला की कडी की तरह जुडा है, यह एक श्रंखला है, इसके विखरने से स्वयं मानव के जीवन अस्तित्व पर खतरा हो सकता है। प्रजातियों के विलुप्त होने के प्रमुख कारणों में मानव अतिक्रमण, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाऐं, षिकारियों की वृद्धि, प्रजातियों की कमजोर आनुवांषिकी एवं कम प्रजनन दर है। मानव पृथ्वी एवं उसके संसाधनो पर अपना एकाधिकार समझने लगा है, जहॉ अन्य प्रजातियों के लिए कोई स्थान नही है।

# कलेक्टर ने एनिकट निर्माण तथा पौधारोपण कार्यों का अवलोकन किया

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को बांदीकुई उपखण्ड क्षेत्रा में पम्प हाउस एवं एनिकट निर्माण तथा पौधारोपण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने उपखण्ड क्षेत्रा बांदीकुई के भ्रमण के दौरान पीचूपाड़ा कलां में पीएचईडी के पम्प हाउस का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने, 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधारोपण करने, इसरदा परियोजना के पम्प हाउस का कार्य जल्दी पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। तत्पश्चात् ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम पंचायत की खाली जमीन पर और अधिक पौधे लगाने, पौधों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था एवं रखरखाव करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने ग्राम पंचायत भाण्डेडा में पीएचईडी के पम्प हाउस का निरीक्षण किया जिसमें टैंकरों द्वारा पानी की सप्लाई का रिकॉर्ड संधारित करने को निर्देशित किया। उन्होंने नगरपालिका के एफएसटीपी प्लांट, स्कूल में मनरेगा के निर्माण कार्य एवं एमजेएसए एनीकट निर्माण कार्य का अवलोकन किया एवं निर्माण कार्य को समय पर एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत नन्देरा में भी वाटरशेड विभाग की ओर से एमजेएसए योजना के तहत बनाए एनीकट का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बांदीकुई में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार।

## 'छात्रों की लड़ाई अब संवाद से जन आंदोलन की ओर'

**मनोहरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा देश में शिक्षा व्यवस्था की गिरती हालत और छात्रों की अनदेखी के खिलाफ बिहार में "शिक्षा न्याय संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संवाद की अगुवाई कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। कार्यक्रम के तहत बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें वरिष्ठ नेताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। पटना के कुम्हरार, पटना टाउन क्षेत्र में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं-जैसे तीन साल की डिग्री में पाँच साल लगना, सरकारी कॉलेजों की बदतर स्थिति, प्राइवेट शिक्षा का महँगा होना, छात्रों की आवाज़ को दबाना आदि-पर छात्रों के साथ खुलकर चर्चा की।

# आठ करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक बस अड्डा, सफाई कार्य शुरू

**मालपुरा।** मालपुरा मे अत्याधुनिक व सुविधाओं युक्त नवीन बस स्टेण्ड निर्माण के लिये पालिका व उपखण्ड प्रशासन ने प्रथम चरण मे सरकारी भूमि पर बने पालिका के तीन दर्जन कियोस्क व पीएचईडी का पूराना ऑफिस सहित पीडब्ल्यूडी की दिवार व पक्के निर्माण कार्यो पर चलाया पीला पंजा। आठ करोड की लागत से प्रस्तावित नवीन बस अड्डे का जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य। अब

- जलदाय विभाग, पीडब्ल्यूडी का सरकारी डाक बंगला व विधुत विभाग के कब्जे मे पालिका की भूमि से हटाये गये निर्माण

धरातल पर दिखेगा शहर मे विकास। मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्रवासियो को केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा शहर मे विकास के कीर्तिमान स्थापित करने का किया गया वादा अब हकीकत मे तब्दील होगा। मालपुरा शहर मे आधुनिक बस अड्डा का निर्माण करवाने के लिये पालिका प्रशासन ने चिन्हित की गई पालिका की सरकारी भूमि से कच्चे-पक्के निर्माण हटा सफाई कार्य शुरू किया। गुरूवार को एसडीएम व पालिका ईओ अमित चौधरी के निर्देशो पर पालिका के जेईईएन की देखरेख मे जेसीबी मशीनो की सहायता से उक्त सरकारी भूमि पर सफाई कार्य शुरू किया गया।



नवीन बस अड्डा निर्माण के लिये सरकारी भूमि पर बने ऑफिस व चार दिवारी सहित पालिका के तीन दर्जन कियोस्क धराशाही।

प्रशासनिक सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन सरकारी डाक बंगला व विधुत विभाग उक्त तीनो ही सरकारी विभाग जो कि नगरपालिका की सरकारी भूमि के बडे भाग पर काबिज चले आ रहे है। नगरपालिका ने राजस्व रिकॉर्ड का अध्ययन कर उक्त तीनो ही विभागो के द्वारा अपने क्षेत्राधिकार मे ली गई व अनुपयोगी पडी तकरीबन दस से बारह बीघा सरकारी भूमि पर उक्त विभागो द्वारा करवाई गई चार दिवारी तकरीबन पालिका द्वार निर्मित तीन दर्जन कियोस्क व अन्य निर्माण कार्यो को पालिका ने ध्वस्त करवाने का कार्य शुरू किया। राजस्व टीम ने भूमि की पैमाईश कर सीमा चिन्हितकरण करते हुये जेसीबी मशीन से सफाई कार्य शुरू करवाया गया। प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर सफाई कार्य व तोडफोड शुरू करने एवं पालिका के कियोस्क काबिज लोगो मे खाली करने की प्रशासनिक चेतावनी के साथ ही हडकम्प मच गया।

## कुशालगढ़ में बन रहे एलिवेटेड रोड के मामले में अनदेखी का आरोप

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम में जूली ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बना चुका सरिस्का क्षेत्र में एलिवेटेड रोड की मांग को लेकर संघर्ष समिति और किसान यूनियन का समर्थन जताते हुए कहा कि सरकार की यह नाइंसाफी है।उन्होंने कहा कि सरिस्का एलिवेटेड रोड संघर्ष समिति व भारतीय किसान यूनियन की सभा ने भर्तृहरि, कुशालगढ़ बन रहे एलिवेटेड रोड के मामले में सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि सरिस्का के एलिवेटेड रोड का मार्ग बदलने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले कल ही बड़ी बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं कर रही। इसलिए अब आंदोलन के रास्ते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन तथा केंद्रीय और राज्य मंत्री को दिए जा चुके ज्ञापनों का सकारात्मक परिणाम नहीं आने पर ग्रामीणों में रोष है

जूली ने कहा कि यह अलोकतांत्रिक रवैया है। 31 सूत्री मांगपत्र का मसौदा तैयार किया गया। जिसमें एलिवेटेड सडक़ का निर्माण सरिस्का से थैंक यू बोर्ड तक करने, कुशालगढ़, सरिस्का, थानागाजी सडक़

- ग्रामीणों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं कर रही, इसलिए अब आंदोलन के रास्ते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा

मार्ग का डामरीकरण करने, सरिस्का वन क्षेत्र में वन अधिकार 2008 लागू करने, पट्टे एवं रजिस्ट्रियों से पाबंदी हटवाने, सरिस्का क्षेत्र में अलॉटमेंट भूमि का इंतकाल दर्ज करा कर किसानों को खातेदारी हकूक दिलाने, गैर खातेदारों को खातेदारी के हकूक दिलवाए जाने, सरिस्का के अधीन आने वाले गांवों की जमीन खरीद बेचने पर पाबंदी हटाने, सिवायचक भूमि पर कब्जाधारियों को खातेदारी हकूक दिलाए जाने, वन्यजीवों से फासले नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने, पांडुपोल में दो पहिया वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक हटाने, 492 वर्ग किलोमीटर कोर एरिया का सीमांकन करवाने, ग्राम माधोगढ़ की खाता संख्या एक में दर्ज आबादी भूमि का इंतकाल ग्राम पंचायत के नाम खोले जाने, अलवर टहला रोड यात्रियों के लिए खोले जाना शामिल है।

# कलेक्टर ने 'हरियालो राजस्थान' अभियान के दौरान लगाए गए पौधों को नियमित संभालने के दिए निर्देश

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने पंचायत समिति विकास अधिकारियों को पिछले साल 'हरियालो राजस्थान' अभियान के दौरान लगाए पौधों की नियमित सार-संभाल करने और पानी पिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर शुक्रवार को यहां जिला कलक्ट्रेट में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं पंचायत समिति विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने पंचायत समिति विकास अधिकारियों के साथ 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत लगे पौधों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि गत वर्ष व्यापक स्तर पर पौधे लगाए गए थे, जिनकी जीवितता को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि विकास अधिकारी इनकी सतत मॉनिटरिंग करें और नियमित पानी पिलाने एवं समुचित रखरखाव कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए मनरेगा के तहत जरूरी बजट का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही, उन्होंने मृत हुए पौधों के कारणों पर चर्चा करते हुए वहां इस साल पुन: पौधे लगाने के निर्देश दिए।




जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने आगामी 'हरियालो राजस्थान' अभियान की तैयारियों की चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि इस वर्ष जिले में पंचायती राज संस्थाओं को 5 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। उन्होंने सभी आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने हीट वेव के मध्यनजर आमजन के लिए पीने के पानी की पुख्ता व्यवस्था करने, पशुओं के लिए चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने, मनरेगा स्थलों पर छाया-पानी के समुचित प्रबंध करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए सभी ग्राम पंचायतों के टेंडर शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने उपखण्ड अधिकारियों को उद्योगों एवं अक्षय ऊर्जा संयंत्रा लगाने के लिए आवंटित भूमि के उपयोग की समीक्षा करते हुए उपयोग में नहीं आ रही जमीनों की सूची भिजवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने भूमि विहीन स्कूलों को खेल मैदान के लिए जमीन आवंटित कर मनरेगा के तहत चारदीवारी निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलक्टर कार्यालय से भूमि आवंटन के प्रकरणों में नामान्तकरण खोलकर कब्जा संभलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को महालेखाकार के बकाया आक्षेपों, एमएसीटी प्रकरणों एवं ग्रामीण क्षेत्रा में भूमि रूपान्तरण प्रकरणों सहित राजस्व संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## पौंड में डूबने से मौत

**दूदू ।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन कांकरिया नाड़े के पास रोज की ढाणी में को बकरियां चराने गए एक समुदाय के तीन महिलाओं एक व्यक्ति सहित चार जनों की एक दूसरे को बचाने के दौरान पौंड मैं डूब जाने से मौत हो गई उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस को मिली सूचना के बाद मौके पर थाना निरीक्षक राम लखन उप निरीक्षक रामावतार हेड मौर्य बोदूराम मय पुलिस के मौके पर पहुंचे पोंड मैं डूब जाने के बाद मौत की सूचना के साथ ही आसपास से ग्रामीण जन भी पहुंच गए पौंड में डुबे लोगों को आर एसी के हेड कांस्टेबल गुमान सिंह ने अपना जज्बा दिखाया तथा हिम्मत के साथ पौंड मैं डूब कर चारों जनों को ग्रामीणों व पुलिस टीम के सहयोग से बाहर निकाल कर राजकीय उपजिला चिकित्सालय दूदू में ले जाया गया के बाद मौत हो गई मृतकों की पहचान रामेश्वरी बावरिया उम्र 18 साल हेमा बावरिया उम्र 18 साल कमलेश बावरिया उम्र 18 साल विनोद कुमार बावरिया उम्र 20 साल के रूप में हुई के बाद शवों को दूदू मुर्दा घर में रखा जाकर परिजनों को सूचित किया गया।

## सार-समाचार

### व्याख्याता जैन का किया सम्मान



**निवाई।** शहीद रामकरण खाती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोहटा के प्रधानाचार्य रामजीलाल मीणा की प्रेरणा से रसायन विज्ञान के व्याख्याता सुधाकर जैन द्वारा विद्यालय को 29 हजार रुपए की लागत के चार कैमरे विद्यालय की सुरक्षा हेतु प्रदान किए गए। जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा सुधाकर जैन का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने इसे एक अनुकरणीय पहल बताते हुए सभी को बढ़ चढक़र विद्यालय विकास हेतु योगदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ललितकुमार बैनीवाल, व्याख्याता रामकेश गुर्जर, सुरेशकुमार बैरवा, वरिष्ठ अध्यापक हरिराम गुर्जर, गिर्राजकिशोर बारेठ, धर्मेंद्र सिंह, सुनीलकुमार अटल, कमलेश मीणा, रोहित साहू, सीमा मीना, मदनलाल खटीक, लोकेंद्र सिंह, अब्दुल कादिर, तेजमल सिंगवाडिया, भागचंद गुर्जर, सौरभ माथुर, राहुल जैन, नीलम जैन, गिरिराज चौधरी, घनश्याम शर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

### जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा।** कल्याण किसान सेवा समिति की आमसभा शुक्रवार को महेश सेवा सदन मे समिति अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता मे हुई। आमसभा मे 61 ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मौजूद रहै। समिति अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से लेते हुये गांवो मे पानी,सडक,बिजली सहित रोडवेज बस सेवा शुरू करने, सार्वजनिक तालाबो को सुरक्षित रखने, पंचायत मुख्यालय पर दमकल वाहन उपलब्ध करवाने व पशुओं म टीकाकरण आदि मांगो को लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार पवन कुमार मातवा को ज्ञापन सौपने की जानकारी से अवगत करवाया। समिति की वार्षिक आय-व्यय पर विस्तार से चर्चा की गई। किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने उक्त ग्रामीण समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व मे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाने की जानकारी दी। स्वराज से सहनिदेशक डॉ. आलोक व्यास ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुये बालिकाओं को आगे बढाने के अवसर पर ध्यान केन्द्रित किया। शाखा प्रभारी प्रहलाद चौधरी,समन्वयक मोहन लाल मीणा, किशोरी स्वास्थ्य मित्र सुमन वैष्णव आदि मौजूद रहै।

### 50 वर्ष पुराने रास्ते से अतिक्रमण हटाया

**श्रीमाधोपुर** ग्राम दिवराला मे तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा द्वारा तहसील श्रीमाधोपुर के पटवार हल्का दिवराला के बालाजी स्टेंड से ढाणी हजारण की ओर जाने वाले रास्ते से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू किया गया। गौरतलब है कि परिवादी गिरधारी यादव द्वारा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में परिवाद पेश कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाकर सड़क निर्माण कराने की गुहार लगाई थी, जिस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर से मिले दिशा निर्देशों की पालना में तहसीलदार के नेतृत्व में पटवारी हल्का दिवराला हरदेवा राम जाट व पटवारी हल्का श्रीमाधोपुर सुनील खींचड द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ते की भूमि का सीमा ज्ञान कर व निकटवर्ती काश्तकार द्वारा सरकारी रास्ते की भूमि पर किए गए पुख्ता मेडबंदी व तारबंदी के अतिक्रमण को चिह्नित कर आपसी समझाइश से जेसीबी मशीन से हटाकर अवरुद्ध 20 फीट चौड़ा रास्ता सुचारू किया गया।अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### मेधा शर्मा को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल पदक से नवाजा

**पावटा।** राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में गुरुवार को 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एमए पोलिटिकल साइंस में प्रथम रैंक हासिल करने वाली छात्रा प्रागपुरा की बेटी मेधा शर्मा को उत्कृष्ट शैक्षिणक प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल पदक से सम्मानित किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में मेधा शर्मा को ये प्रतिष्ठित पदक प्रदान किया। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे। मेधा शर्मा ने एमए पोलिटिकल साइंस में प्रथम रैंक प्राप्त किया। मेधा शर्मा के पिता संजय शर्मा पशुधन निरीक्षक है। समारोह में विभिन्न संकायों के अन्य मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। बेटी मेधा शर्मा ने यह सफलता हासिल कर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बेटी मेधा शर्मा व परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

### गोल्ड मेडल से सम्मानित



**चाकसू।** कस्बे की बालिका महिमा जैन पुत्री राजीव गंगवाल ने मास्टर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन 2023 में राजस्थान में टॉप किया और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। चाचा पवन गंगवाल ने बताया कि कल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में हुए भव्यातीभव्य कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा यह गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । पूरे परिवार एवं मोहल्ले वालों ने महिमा जैन का माला पहनाकर सम्मान किया । महिमा जैन मैं अपनी इस कामयाबी का श्रेय माता-पिता के साथ दादा राजेंद्र गंगवाल को दिया है ।

### सत्रांत मेगा पीटीएम का आयोजन

**निवाई।** राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी सहित सभी राजकीय विद्यालयों में सत्रांत मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि पीटीएम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी की प्रगति को साझा करना, अध्ययन में आने वाली कठिनाईयों को समाधान करने, विद्यालय के विकास में अभिभावकों का सहयोग करने के साथ विद्यालय के उद्देश्यों यथा विद्यार्थी का परिणाम बेहतर करने, ठहराव सुनिश्चित करने, ड्राप आउट रोकने एवं परिवार एवं आस-पास के अन्य बालक-बालिकाओं के प्रवेश को विद्यालय में सुनिश्चित करना है। शिक्षक अभिभावक बैठक में कक्षा 3 से 8 के समस्त विद्यार्थियों को दक्षता आधारित आकलन-2 के प्रिंटेड रिपोर्ट कार्ड विद्यालय द्वारा अभिभावकों को उपलब्ध कराए गए। विद्यालय के एल्यूमिनी लोकल इन्फ्लुएन्सर एटीओ निवाई जयनारायण बैरवा ने ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थी की अध्ययन की गतिविधियां एवं प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करवाने के लिए अभिभावकों से बच्चों का सहयोग करने का आव्हान किया।

### चौहान बने सेंसर बोर्ड के सदस्य

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) के एडवायजरी पैनल (सलाहकार समिति) का सदस्य बनाया गया है, एडवाइजरी पैनल का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने चंद्रवीर सिंह चौहान को बधाईया दी। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार किया है। चौहान ने कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड में सलाहकार सदस्य के रूप में नवीन जिम्मेदारी के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक के मूल्यों को संजोने की कला, संस्कृति की गरिमा बनाए रखने एवं इतिहास की सच्ची जानकारी समाज के प्रस्तुत करते हुए युवाओं के जीवन में सच्चे मूल्यों के विषयों को लेकर प्रस्तुत करने की दिशा में कार्य करने के लिए सतत प्रयास करेंगे। चौहान को भाजपा टोंक के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



कप्तान शुभमन गिल को अच्छे से खेलते हुए टीम के लिए स्टैंड लेना होगा। -2025 के टॉप-5 ऑरेंज कैप होल्डर में 3 बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के हैं। टीम के टॉप बैटर्स तो फॉर्म में हैं। - सुरेश रैना

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### मिचेल स्टार्क

दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में फिर से खेलने से इनकार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिये हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** रोनाल्डो अब पुरुषों के पेशेवर खेल के इतिहास में आधिकारिक प्रतियोगिताओं में 900 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं।



राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 18 मई को होगा दोनों के बीच मुकाबला।

## राजस्थान रॉयल्स 18 को जयपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना आखिरी घरेलू मैच खेलेगी

जयपुर, 16 मई। राजस्थान रॉयल्स जयपुर में आईपीएल 2025 सीज़न का अपना अंतिम घरेलू मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहाँ 18 मई को सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स के साथ रोमांचक मुक़ाबला होगा। टाटा आईपीएल 2025 का लीग स्टेज अपने समापन की ओर बढ़ रहा है, राजस्थान के फैंस के पास अपने पसंदीदा रॉयल्स को एक्शन में देखने का एक अंतिम अवसर होगा। इस मैच में कप्तान संजू सैमसन, भारतीय स्टार यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, निडर युवा वैभव सूर्यवंशी और कई अन्य बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल होंगे - जो हाई क्वालिटी वाले क्रिकेट के इस यादगार दिन को यादगार बना देंगे। 16 मई मैच डे के लिए जारी किए गए सभी टिकट 18 मई को पुनर्निर्धारित खेल के लिए मान्य रहेंगे। फैंस को कोई अतिरिक्त कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है; बस अपने मूल रूप से जारी किए गए टिकट को स्टेडियम में ले जाएं और क्रिकेट और जश्न की एक अविस्मरणीय दोपहर का आनंद लें। बुकमायशो पर अभी भी सीमित टिकट उपलब्ध हैं, इस सीजन में जयपुर में रॉयल्स के आखिरी घरेलू मुकाबले को देखने से न चूकें!

## गिल या पंत में से किसी एक को टेस्ट टीम की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए : शास्त्री



मुंबई, 16 मई। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि इनमें से किसी एक को टेस्ट टीम के कप्तान की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आईसीसी पोर्टल से बातचीत में शास्त्री ने चयनकर्ताओं से भविष्य की सोच अपनाने का आठाह किया और कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नेतृत्व का दबाव नहीं डाले जाना चाहिए।

शास्त्री ने कहा, मेरे लिए, ऑस्ट्रेलिया के बाद जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होता। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए और फिर आप उसे गेंदबाज के रूप में खो दें। उन्होंने तेज गेंदबाज की पीठ की चोट का जिक्र करते हुए कहा , उन्हें एक बार में एक खेल के लिए अपने शरीर पर ध्यान देना होगा... और आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि कप्तान होने के नाते उनके दिमाग पर दबाव न हो।

उन्होंने कहा कि बुमराह की बजाय 25 वर्षीय गिल और 26 वर्षीय पंत के लिए पिच की, दोनों के पास एक दशक का क्रिकेट और आईपीएल कप्तानी का अनुभव है 'गिल गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व कर रहे हैं और पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं।' पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने कहा, आप किसी को तैयार करते हैं शुभमन बहुत अच्छा लग रहा है। उसे मौका दें। ऋषभ भी है। इन दोनों पर मैं उनकी उम्र के कारण स्पष्ट रूप से विचार कर रहा हूं।'' गिल के स्वभाव और धैर्य की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने युवा बल्लेबाज के विदेशी परिस्थितियों में प्रदर्शन को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। शास्त्री ने कहा, लोग कहते हैं कि उन्होंने विदेशों में रन नहीं बनाए हैं। मैं उनसे कहता हूं, अपना खुद का रिकॉर्ड देखें। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं - वह आखिरकार रन बनाएंगे।

## खेलो इंडिया राष्ट्रीय बीच सॉकर गेम्स दमन और दीप में खेलेगी राजस्थान की महिला व पुरुष टीम

जयपुर, 16 मई। राष्ट्रीय बीच सॉकर खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन पहली बार दमन और दीप में होने जा रहा है में 19 से 24 मई तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान की 24 सदस्यीय टीम दमन और दीप के लिए बालिका टीम जयपुर से ओर पुरुष टीम जोधपुर रवाना हो गई है। राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहले राष्ट्रीय बीच सॉकर खेलो इंडिया गेम्स दमन और दीप में हो रहे है राजस्थान महिला टीम का नेतृत्व संजू करेंगी ओर पुरुष टीम का नेतृत्व अमित गोदारा करेंगे । राजस्थान महिला खिलाड़ियों के नाम महक सैन, संजू, भावना, निशा, मरुधर ,लक्ष्मी, गुड्डु, मैना, मनीषा, सोनिका, सीमा,दीपा, कोच विक्रम सिंह राजवी, और मीनू सोलंकी, और फिजियो निकिता। पुरुष टीम अमित गोदारा, संदीप सिंह, कृष्णा, विपिन कुमार, अमित जाखड़, मुकेश, मिलन पुनिया, राहुल, भरत ओझा, विनायक सर्वण, अभराजसिंह प्रबन्धक हरीराम, कोच विनोद कुमार, सहायक कोच मितकमल, ओर पाबूराम।

## 17वीं अंडर-19 नंद सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग : भदोरिया एकेडमी ने नारायणा एकेडमी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

जयपुर, 16 मई। 17वी अंडर-19 राज्य स्तरीय नन्द सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग में आज खेले गए मैच में नारायणा ग्राउंड पर भदोरिया एकेडमी ने नारायणा एकेडमी को दो विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नारायणा एकेडमी ने आदित्य सैनी 38, गुलशन जांगिड़ 30, यश खीचड़ 36 नवीन बूरी 15,रोशन सारन 10 रनो के सहयोग से 33 ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।भदोरिया की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए विकास जांगिड़, शिवम् सैनी ,चिराग तंवर, निखिल सिंह ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भदोरिया एकेडमी ने देवांक सिंह 55, ऋतिक 30, शिवम् 19, शिवांश सैनी 12 रनो के सहयोग से 38 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाकर जीत दर्ज की ।नारायणा एकेडमी की और से नवीन बूरी 3,रोशन सारन 2, आदित्य, साहिल, रोहित चौधरी ने 1-1 विकेट लिए। आज के मैच के प्लेयर ऑफ़ द मैच चिराग़ तंवर रहे।

## आईपीएल 2025 के लीग मैचों के लिए मुस्तफिजुर को मिली अनुमति

ढाका, 16 मई। बंगलादेश के मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लीग मैच के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम के साथ जुड़ने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी) ने शुक्रवार को जारी एक बयान यह जानकारी देते हुए बताया कि मुस्तफिजुर को 18 मई से 24 मई तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ने की अनुमति मिल गई है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्तफिजुर के लिए शेष तीन मुकबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि अगर दिल्ली की टीम प्लेऑफ में जगह बनाती है तो मुस्तफिजुर इस मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीबी ने बताया है कि भारत के लिए रवाना होने से पहले मुस्तफिजुर शनिवार को शारजाह में यूएई के खिलाफ पहले टी-20 मैच खेलेंगे। हालांकि 18 मई को भारत पहुंचने के बाद वह उसी शाम दिल्ली के मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं इसको लेकर संशय है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली कैपिटल्स ने इसी सप्ताह मुस्तफिजुर को अस्थाई रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जोड़ा था लेकिन बीसीबी की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण उनकी उपलब्धता पर संशय बना हुआ था।

# इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए टीम की कमान अभिमन्यु ईश्वरन को

मुम्बई, 16 मई। अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई में इंडिया ए टीम इंग्लैंड दौरे पर जायेंगी। इस टीम करूण नायर को भी शामिल किया गया है। शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन दौरे पर दूसरे मैच से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे।

चयनकर्ताओं ने आज इंग्लैंड दौरे के लिए 16 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा की।इस दौरे पर इंडिया ए टीम दौरे पर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच और भारतीय सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा स्क्वाड मैच भी खेलना है। इंडिया ए के टीम में सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का नियमित तौर पर हिस्सा खिलाड़ियों में यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान भी मौजूद हैं।

इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे पर गए हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी को भी इंडिया ए के दल में जगह दी गई है। जबकि ऋतुराज गायकवाड़ और शार्दुल ठाकुर भी इंग्लैंड जाने वाले इंडिया ए दल का हिस्सा होंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद और अंशुल काम्बोज भी इस टीम में शामिल हैं। विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन और ध्रुव जुरेल भी इस 18 सदस्यीय दल का हिस्सा हैं। उन्हें इंडिया ए का उपकप्तान बनाया गया है।

इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए टीम इस प्रकार है:- अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर और उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और हर्ष दुबे।

## प्रीमियर लीग में केवल कप्तानों को रेफरी से बात करने की अनुमति

लंदन, 16 मई। प्रीमियर लीग सीजन 2025-26 में केवल कप्तानों को ही खेल के प्रमुख फैसलों के बारे में रेफरी से बात करने की अनुमति होगी। आईएफएबी ने कहा है कि नये नियमों के तहत खेल के प्रमुख फैसलों के बारे में रेफरी से बात करने की अनुमति होगी। आईएफएबी ने एक बयान में कहा, इन नए दिशानिर्देशों को खेल के नियमों 2025-26 में शामिल किया जाएगा, ताकि उन प्रतियोगिताओं में केवल कप्तान द्वारा विशिष्ट परिस्थितियों में रेफरी के पास जाने के सिद्धांत को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा, ये नए दिशानिर्देश एक जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे, लेकिन उस तिथि से पहले शुरू होने वाली प्रतियोगिताएं इन्हें पहले लागू कर सकती हैं।

## आरसीबी की नजर प्लेऑफ पर, केकेआर के लिए होगी आर-पार की जंग

बेंगलुरु, 16 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिये स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरसीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है।

## बंगाल वारियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

मुंबई, 16 मई। बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी।

बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

कोच बनाये जाने पर नवीन कुमार ने कहा, बंगाल वॉरियर्स के साथ मुख्य कोच के रूप में जुड़कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम विकसित करने का एक रोमांचक अवसर है। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने और मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हूँ। नए सत्र से पहले हमारे पास बहुत समय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि वॉरियर्स एक चैंपियन टीम बने। बंगाल वॉरियर्स के मुख्य कार्यकारी अपूर्व गुप्ता ने कहा, नवीन कुमार अपने साथ बहुत सारा अनुभव और रणनीतिक विशेषज्ञता लेकर आए हैं, जो उन्हें हमारी टीम के लिए एक आदर्श नेतृत्व है।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## शुभम, प्रद्यूमन के अर्द्धशतकों व हर्षित की गेंदबाजी से नीरजा मोदी जीता

जयपुर, 16 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज आरावली क्रिकेट ग्राउण्ड, हाथोज, जयपुर पर खेले गये पूल-एफ के मैच में शुभम गढ़वाल 61 रन, प्रध्यूमन सिंह 58 रन नाबाद के अद्धर्शतकों तथा हर्षित शर्मा 35 रन पर 3 विकेट तथा अमित वर्मा 24 रन पर 2 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी ने राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीत कर राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सचिन यादव 75 रन (45 गेंद 9 चौके, 2 छक्के), रौनक राकेश गुप्ता 33 रन,



निशान्त गुर्जर 14 रन, श्याम सुन्दर 12 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 163 रन बनाये। गेंदबाजी में नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी की ओर से हर्षित शर्मा 35 रन पर 3 विकेट तथा अमित वर्मा 24 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। 164 रन के विजय लक्ष्य को लेकर उतरी नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने आते ही तेजी से रन बनाकर 5.2 ओवर में 64 रन जोड़कर कप्तान सचिन देव सिंघल 15 रन बनाकर आउट हुए, 82 रन के स्कोर पर शुभम गढ़वाल 61 रन (31 गेंद 9 चौक, 2 छक्के) के आउट होने के बाद प्रध्यूमन सिंह 58 रन नाबाद (35 गेंद 7 चौके, 2 छक्के), चिराग शर्मा 22 रन की मदद से विजय लक्ष्य 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 184 रन बनाकर हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। गेंदबाजी में राजीव क्रिकेट गांधी एकेडमी की ओर से देवांक सिंह 18 रन पर 1 विकेट, राहुल जाट 20 रन पर 1 विकेट, सचिन यादव 30 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। मैन ऑफ दा मैच शुभम गढ़वाल नीरजा मोदी एकेडमी रहे।

## पीकेएल सीजन 12 के लिए 31 मई से 1 जून को होगी खिलाड़ियों की नीलामी

मुम्बई, 16 मई। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कब्बडी के नये सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा, हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की तारीखों की घोषणा करते हुए खुश हैं।

## 19वीं सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष / महिला) वुशू प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर, 16 मई। राजस्थान वुशू संघ व डीडवाना-कुचामन वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 16 से 18 मई 2025 तक कुचामन पी.जी कॉलेज, कुचामन सिटी में आयोजित, 19वी सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/ महिला) वुशू प्रतियोगिता का आज शुभारम्भ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ व कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश जी काबरा, ने की तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि विजय सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ व राजेश कुमार टेलर कोच भारतीय वुशू टीम, शंकर सिंह नरुका, सुरेश जी डोसी, रणवीर सिंह राठौर, राजेश चौधरी एवं प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे। हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने बताया की इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों का चयन दिनांक 14 से 19 जून तक जयपुर में आयोजित होने वाली 34वी सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राजस्थान वुशू टीम में किया जायेगा। धीरेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव ने समारोह के सभी अतिथियो का स्वागत किया।

आज प्रारम्भिक मुकाबलो के परिणाम इस प्रकार है -

**शानशु ( पुरुष ), 60 किलोग्राम**

1. नितेश (सीकर) ने यशपाल (बाड़मेर) को 2-0 से हराया
2. मयंक (धौलपुर) नें नीरज (डीडवाना कुचामन) को 2-0 से हराया
3. फरदीन (झुंझुनू) ने गणेश (जोधपुर) को 2-1 से हराया
4. विक्रम (हनुमानगढ़) ने राकेश (दौसा) को 2-0 से हराया
5. नीरज (नागौर) ने पंकज (पाली) को 2-0 से हराया।

## फडणवीस ने किया वानखेड़े स्टेडियम में रोहित स्टैंड का उद्घाटन

मुम्बई, 16 मई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम वाले स्टैंड का उद्घाटन किया। हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। इस नामकरण के तहत रोहित शर्मा के शानदार क्रिकेट करियर को सम्मानित किया गया है। समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार और अन्य गणमान्य व्यक्ति में मौजूद थे।



इस अवसर पर रोहित परिवार के साथ वहां मौजूद थे। भावुक रोहित शर्मा ने कहा की यह एक अविश्वसनीय पल है उन्होंने इस बारे में कभी अपने सपने में भी नहीं सोचा था। इतने सारे लोगों के सामने इस बड़े सम्मान को पाना सुखद है। इस के साथ रोहित शर्मा अब क्रिकेट के उन दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बने हैं। इन खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट शामिल हैं।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकाले : क्रिकेट वेस्टइंडीज

पोर्ट ऑफ स्पेन, 16 मई। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा, कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है। 2028 खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे युवा क्रिकेटरों को उसी सपने से वंचित नहीं कर सकती जिसने हमारे एथलीटों को प्रेरित किया है। ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है। हम बस यही मांग कर रहे हैं कि इन सिद्धांतों को न केवल भावना में बल्कि संरचना में भी बरकरार रखा जाए। वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए रास्ता निकाला जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है।

वेस्टइंडीज, कैरेबियाई द्वीप के रूप में आता हैं और इसके क्रिकेट का संचालन क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) करता है, लेकिन केवल संप्रभु राष्ट्रों को ही ओलंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति है। पूर्व घोषणा के अनुसार लॉस ऐंजिलिस ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग की टी-20 प्रतिस्पर्धा में केवल छह देश हिस्सा लेंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को दिए गए अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि छह टीमों को कट-ऑफ तारीख पर टी- 20 रैंकिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाए। लेकिन इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

## पाओलिनी और गॉफ के बीच होगी इटेलियन ओपन में खिताबी भिड़ंत

रोम, 16 मई। इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया। फाइनल में पाओलिनी का सामना चौथी वरीयता प्राप्त गॉफ से होगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बीकानेर में

## वे तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे व करणी माता की पूजा-अर्चना करेंगे

बीकानेर/जयपुर, 16 मई (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को बीकानेर जिले के दौरे पर रहेंगे और जिले के देशनोक में भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश के वीर जवानों के साहस और पराक्रम को नमन करेंगे।

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार दोपहर 12:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर 1:10 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से दोपहर 1.15 बजे प्रस्थान कर, वे दोपहर 1:35 बजे रिद्धि सिद्धि भवन में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दोपहर 3:35 बजे यहां से प्रस्थान कर सायं 4 बजे वे पलाना गांव में एक

- **मुख्यमंत्री जयपुर से बीकानेर नाल एयरपोर्ट पर दोपहर 1:10 बजे पहुँचेगे तथा कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायं 7:20 बजे नाल एयरपोर्ट से जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।**

स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, जिसके बाद सायं 5:10 बजे देशनोक के करणी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद, देशनोक में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। यहां से सायं 6:30 बजे प्रस्थान कर सायं 7:15 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सायं 7:20 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय नागरिकों पर आतंकियों के कायरतापूर्ण हमले की जवाबी कार्रवाई "आपरेशन सिंदूर" में भारतीय सेना ने अदम्य साहस और बहादुरी का परिचय दिया था। इस ऑपरेशन की गौरवमयी सफलता पर देशभर में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में बीकानेर के देशनोक में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान, मुख्यमंत्री देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में भी दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य और गीतकार गुलज़ार को ज्ञानपीठ सम्मान

नयी दिल्ली, 16 मई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी और गीतकार गुलज़ार को भी बधाई दी जो अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने गुलज़ार जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

मुर्मु ने 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने के लिए भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने की प्रक्रिया में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया है और इस पुरस्कार की गरिमा को बनाए रखा है।

# गुजरात समाचार, मालिक, बाहुबलि शाह की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को राहुल गांधी ने भारी "साज़िश" बताया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ईडी) द्वारा गुरुवार देर रात गुजरात समाचार अखबार के मालिक बाहुबली शाह की गिरफ्तारी की चारों ओर से निंदा की जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज इस कार्रवाई को सभी लोकतांत्रिक आवाज़ों के खिलाफ एक साज़िश करार दिया।

ईडी ने बाहुबली शाह को, जो अपने भाई श्रेयांश शाह के साथ इस प्रभावशाली अखबार के सह-मालिक हैं, 2016 से जुड़े एक सेबी मामले में गिरफ्तार किया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि गिरफ्तारी का समय कई अनुत्तिरत सवाल उठाता है।

राहुल गांधी ने हिंदी में सोशल मीडिया पर लिखा, गुजरात समाचार को चुप कराने की कोशिश सिर्फ एक अखबार को बंद करने की कोशिश नहीं है, बल्कि यह सभी लोकतांत्रिक आवाज़ों के खिलाफ साज़िश है। जब वो अखबार, जो सत्ता को आईना दिखाते हैं, उन्हें बंद किया जाता है, तो यह लोकतंत्र के खतरे में होने का संकेत है।

उन्होंने आगे कहा, "बाहुबली शाह की गिरफ्तारी डर की राजनीति का हिस्सा है, जो नरेन्द्र मोदी सरकार की पहचान बन चुका है। देश डर और डंडे से नहीं चलेगा, बल्कि सत्य और संविधान से चलेगा।"

गुजरात कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी ने गिरफ्तारी को बेहद शर्मनाक बताया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ईडी ने आज गुजरात के सबसे बड़े

- **पत्रकारिता से जुड़े लगभग सभी संगठन व संस्थाओं, जैसे प्रैस क्लब ऑफ इण्डिया, वुमन्स प्रैस कॉर्प्स प्रैस एसोसिएशन, एडिटर्स गिल्ड, डैल्ही यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, केरला यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स आदि ने गुजरात के सबसे बड़े व प्रमुख अखबार के मालिक की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को "जनता की आवाज़" दबाने की साज़िश बताया।**

अखबार गुजरात समाचार के मालिक बाहुबली शाह को गिरफ्तार किया है, जो बेहद शर्मनाक है। हम गुजरात समाचार के साथ खड़े है। यह गिरफ्तारी बदले की भावना से की गई है, क्योंकि इस अखबार ने पिछले 25 वर्षों से मोदी-शाह की नीतियों की आलोचना कर दिखाई है।

शाह बंधुओं के घर और दफ्तरों पर ईडी और इनकम टैक्स छापों के बाद गिरफ्तारी हुई है।

प्रख्यात गुजराती पत्रकार और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की सदस्य शीला भट्ट ने एक्स पर लिखा, "सरकार द्वारा उठाया गया यह एक गंभीर कदम है। गिरफ्तारी के कारण अब तक स्पष्ट नहीं हैं। गिरफ्तारी के बाद बाहुबली शाह को जांच के लिए सरकारी वी.एस. अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनकी तबीयत बिगड़ गई, और फिर उन्हें ज़ायडस अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, श्रेयांश शाह ज़ायडस अस्पताल में बाहुबली शाह की देखभाल कर रहे हैं। श्रेयांश शाह ने मीडिया को बताया कि वे "लड़ाई जारी रखेंगे।" दोनों भाईयों के पास अखबार के अलावा अन्य व्यवसाय भी हैं। श्रेयांश शाह को गुजरात की राजनीति का सबसे तेज दिमाग माना जाता है।"

ज्ञातव्य है कि इस महीने ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईडी के मामलों में आरोप लगाने के पैटर्न पर सवाल उठाया गया था। न्यायमूर्ति अभय ओका ने 2,000 करोड़ रुपये के छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग आरोपी की ज़मानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था, हमने की कई शिकायतें देखी हैं। इसमें एक पैटर्न है, केवल आरोप लगाना, किसी ठोस संदर्भ के बिना।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर लिखा, "ऐसा प्रतीत होता है कि गुजरात के प्रमुख अखबार गुजरात समाचार पर रेड और कंपनी के निदेशक बाहुबली शाह की गिरफ्तारी, लोगों की आवाज़ छीनने की कोशिश है। क्या भाजपा सरकार चाहती है कि कोई विपक्ष न हो, कोई मीडिया न हो और जनता की आवाज़ उठाने वाला कोई न हो? उन्हें याद रखना चाहिए कि भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र है और जनता की आवाज़ को कुचला नहीं जा सकता।

गुजरात समाचार के मालिक बाहुबली शाह की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन वीमेन प्रेस कॉर्प्स, प्रेस एसोसिएशन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, वर्किंग न्यूज़ कैमरा पर्सन एसोसिएशन ने कहा कि यह कार्रवाई भारत में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक गंभीर हमला है।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी द्वारा हस्ताक्षिरत संयुक्त बयान में कहा गया कि गुजरात समाचार, जो स्वतंत्र पत्रकारिता की लंबी विरासत रखने वाला एक सम्मानित प्रकाशन है, गुजरात और उसके बाहर के लोगों की एक सशक्त आवाज़ रहा है। बयान में कहा गया, "एक बार फिर, ईडी की गिरफ्तारी मीडिया हाउसों को दबाने और असहमति की आवाज़ों को खामोश करने के लिए राज्य तंत्र के दुरुपयोग पर सवाल उठाती है।"

बयान में यह भी कहा गया कि ईडी और अन्य एजेंसियों द्वारा बार-बार मीडिया को निशाना बनाना संविधान में निहित लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कमजोर करता है और संस्थानों में जनता के विश्वास को चोट पहुंचाता है।

गौतम लाहिड़ी ने आरोपों के बारे में पूरी पारदर्शिता की मांग करते हुए, अधिकारियों से प्रक्रिया की निष्पक्षता और कानून के शासन के पालन की अपील की।

बयान में कहा गया कि लोकतंत्र में सत्ता की जवाबदेही तय करने में मीडिया की अहम् भूमिका होती है। मीडिया को कुचलना तथा पत्रकारों को गिरफ्तार किया जाना बंद होना चाहिए। अंत में, बयान में सरकार से प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और बाहुबली शाह को तुरंत रिहा करने की मांग की गई, जब तक कि पारदर्शी तरीके से कोई विश्वसनीय साक्ष्य पेश न किया जाए।

## शशि थरुर भारत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के आधिकारिक विचार नहीं हैं।

थरुर को प्रतिनिधिमंडल का नेता बनाये जाने की केन्द्र सरकार की पेशकश को नुकसान रहित सामान्य प्रक्रिया माना जा रहा है, क्योंकि वे विदेशी मामलों से सम्बंधित संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष भी हैं, भले ही कांग्रेस के कुछ ग्रुप इसे, इस पूरे घटनाक्रम में एक राजनैतिक संदेश के रुप में देख रहे हों। थरुर के लिये राहत की बात यह है कि स्वयं कांग्रेस ने भी इस बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए सहमति दे दी है, जो यूरोप के विभिन्न देशों सहित, अन्य कई देशों में जायेगा तथा वहाँ पाकिस्तानी आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखेगा। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने आज इस बात की पुष्टि कर दी कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस सम्बंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की थी तथा "कांग्रेस निश्चित रुप से इस (प्रतिनिधिमंडल) का हिस्सा रहेगी।" थरुर ने स्वयं भी इस मामले में सावधानी भरा रुख अपनाया है। उनके नजदीकी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने सरकार से कह दिया था कि वह इस मामले में पहले कांग्रेस पार्टी से बात करे। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऑपरेशन सिन्दूर और उसके बाद की स्थिति पर उनके विचार उनके "निजी विचार" थे।

कई प्रतिनिधिमंडल, जिनमें से प्रत्येक में 5-6 सांसद होंगे, विभिन्न देशों में जाकर पाक-समर्थित आतंकवाद पर भारत की स्थिति स्पष्ट करेंगे। आशा की जा रही है कि ये प्रतिनिधिमंडल 22 मई को भारत से रवाना होंगे तथा जून के प्रथम सप्ताह में वापस आ जायेंगे। इनमें शामिल सम्भावित सांसद हैं- समिक भट्टाचार्य, अनुराग ठाकुर, मनीष तिवारी, प्रियंका चतुर्वेदी, सम्बित पात्रा, सुप्रिया सुले तथा डी. पुरन्देश्वरी।

## एकल पट्टा प्रकरण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और सुनने का निवेदन किया। इस दौरान, अदालती समय पूरा होने पर अदालत ने मामले की सुनवाई जुलाई माह में रखी है। गौरतलब है कि टोडी रामजानीपुरा की 3.43 हेक्टर जमीन के एकल पट्टे के लिए पूर्व में जेडीए में आवेदन किया गया था। जमीन तय सीमा से अधिक होने के कारण जेडीए ने साल 2005 में प्रकरण राज्य सरकार को भेजा था, जिस पर राज्य सरकार ने पट्टा देने से इनकार कर दिया। वहीं, साल 2009 में आवेदन होने पर जेडीए ने मामले को पुनः राज्य सरकार के समक्ष भेजा। राज्य सरकार ने साल 2011 में पट्टा जारी कर दिया, जिसे साल 2013 में निरस्त कर दिया गया। वहीं, रामशरण सिंह ने साल 2014 में एसीबी में शिकायत दी थी। मामले में हाईकोर्ट ने 15 नवंबर, 2022 को शांति धारीवाल के खिलाफ कार्रवाई रद्द करते हुए, तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ लंबित मुकदमा वापस लेने को हरी झंडी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हाईकोर्ट के इन आदेशों को रद्द कर पुनः छह माह में सुनवाई पूरी करने को कहा था।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को पुणे गए, वहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी. सतीश से उनके आवास पर मुलाकात की और उनकी माता स्नेहप्रभा वेलंकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका हाल ही में निधन हो गया था।*

# सेना के रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रु. की वृद्धि

## इसके बाद कुल रक्षा बजट 7 लाख करोड़ रु. से अधिक हो जाएगा

नई दिल्ली, 16 मई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार रक्षा बजट को 50 हजार करोड़ रुपये का बूस्ट देने की तैयारी में है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप, भारत के रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि यह वृद्धि संभवतः अनुपूरक बजट के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, यह वृद्धि कुल रक्षा आवंटन को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर देगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1

- **समझा जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार यह कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।**

फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे। इस वर्ष का आवंटन पहले ही 2024/25 के 6.22 लाख करोड़ रुपये में 9.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया कि बढ़ हुए बजट का उपयोग संभवतः अनुसंधान और विकास, तथा हथियार, गोला-बारूद और अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। इसके लिए संसद के शीतकालीन सत्र में मंजूरी मांगी जाएगी।

डिफेंस सेक्टर पर 2014 से ही नरेन्द्र मोदी सरकार का फोकस रहा है। भाजपा सरकार के पहले वर्ष 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। वर्तमान आवंटन सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है और कुल बजट का 13 प्रतिशत है।

भारत की रक्षा तैयारी और (संभावित) बजट आवंटन में वृद्धि, पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच हुई है। यह विशेष रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले और भारत की सैन्य प्रतिक्रिया ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा के आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया था

## भारत ने चिनाब ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परियोजनाओं के निर्माण को तेज़ कर दिया है, जो पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस्लामाबाद का बहुत कुछ दांव पर है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। नदी प्रवाह में कोई भी स्थायी कमी, चाहे वह संधि की सीमाओं के भीतर ही क्यों न हो, फसल चक्र को बाधित कर सकती है, भूजल भंडार को खत्म कर सकती है, और पंजाब तथा सिंध जैसे प्रमुख प्रांतों में जल संकट को और गहरा कर सकती है।

पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "इसका प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। हम पहले ही जल संकट का सामना कर रहे हैं। यह हमें पूर्ण जल आपातकाल की ओर धकेल सकता है।"

जल विशेषज्ञों और भारत के पूर्व संधि वार्ताकारों का मानना है कि भारत सिंधु जल संधि के तहत गैर-उपभोगात्मक उपयोग, जैसे जलविद्युत उत्पादन, के लिए पश्चिमी नदियों का प्रयोग करने का पूर्ण अधिकार रखता है। हालांकि, हालिया बांध संचालन की समय-सीमा और बारंबारता ने इस्लामाबाद को चिंतित किया है, जो इसे एक तरह की दबाव नीति के रूप में देख रहा है।

भारत का कहना है कि सभी कार्य जल संधि के नियमों के अंतर्गत ही किए जा रहे हैं। लेकिन कुछ अधिकारी निजी तौर पर यह मानते हैं कि अब नई दिल्ली सिंधु जल प्रणाली में प्राप्त रणनैतिक बढ़त को नज़रअंदाज़ करने के मूड में नहीं है, खासकर तब जब आतंकी हमलों की जड़ें पाकिस्तान की जमीन से जुड़ी हैं। 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता से हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि अब तक युद्धों, संघर्षों और कूटनीतिक टूटनों के बावजूद जीवित रही है। इसे दुनिया के सबसे टिकाऊ जल-विभाजन समझौतों में से एक माना जाता है। लेकिन अब विश्लेषकों का मानना है कि इसकी सहनशक्ति पहले की कड़ी परीक्षा हो रही है, जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

जैसे-जैसे हिमालयी बर्फ पिघलने लगती है और गर्मियों में सिंचाई की ज़रूरतें बढ़ती हैं, सीमा के दोनों ओर किसान नदी के जल स्तर पर नज़र बनाए हुए हैं। उनके साथ-साथ राजनयिक और वैश्विक पर्यवेक्षक भी स्थिति पर पैनी निगाह रखे हुए हैं। जो विवाद तकनीकी रूप से पानी छोड़ने के समय पर शुरू हुआ था, वह अब एक बड़े भू-राजनीतिक संकट में बदल सकता है, जिसकी गंभीरता पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकती है।

## अवमानना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसने पूर्व में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 6 जनवरी, 2022 को राज्य सरकार को आदेश दिए थे कि वह प्रदेश या अन्य राज्य से याचिकाकर्ता को ब्रिज कोर्स कराए और पद खाली होने पर उसे नियुक्ति दे। इस आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई, 2023 को राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अवमानना याचिका पेश कर कहा गया कि हाईकोर्ट के आदेश की पालना में याचिकाकर्ता को न तो ब्रिज कोर्स कराया और न ही उसे नियुक्ति दी। ऐसे में दोषी अवमाननाकर्ता अफसरों को दंडित कर अदालती आदेश की पालना सुनिश्चित कराई जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को पेश होकर अपना जवाब देने को कहा है।

# तीन माह में न्यायालय प्रबंधकों की नियुक्ति की जाए

नयी दिल्ली, 16 मई। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को देश के सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे न्यायालय प्रबंधकों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंध में तीन महीने के भीतर नियम बनाएं या उनमें संशोधन करें और मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास जमा कराएं।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

पीठ ने सचिन कुमार गुप्ता और अन्य, कोर्ट मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन और एक रिट याचिका पर अपने फैसले में यह भी कहा कि उन्हें (न्यायालय प्रबंधकों) क्लास-दो राजपत्रित अधिकारी के रूप में मान्यता दी जाए। साथ ही, 2018 के असम-नियमों को आदर्श माना जाए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उच्च

- **सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को दिए निर्देश में भर्ती एवं सेवा शर्तों के नियम बनाने की हिदायत दी।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट्स व राज्य सरकारें इन नियमों में अपनी जरुरत के अनुसार संशोधन कर सकते हैं।**

न्यायालय और राज्य सरकारें अपनी विशिष्ट जरूरतों के हिसाब से उचित संशोधन या बदलाव करने के लिए स्वतंत्र होंगी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि भले ही द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग ने चार फरवरी, 2022 की अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी और इस अदालत ने वर्तमान कार्यवाही में दो अगस्त 2018 के फैसले में विशेष रूप से न्यायालय प्रबंधकों की सेवा शर्तों, कर्तव्यों आदि को निर्धारित करने के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों और विभिन्न राज्य सरकारों ने अभी तक उक्त निर्देश का पालन नहीं किया है।

पीठ ने कहा, हमारा यह मानना है कि चूंकि यह न्यायालय लगातार यह मानता रहा है कि पूरे देश में सभी न्यायाधीशों की सेवा शर्तें एक समान होनी चाहिए, इसलिए यह भी आवश्यक है कि न्याय प्रशासन की दक्षता बढ़ाने के लिए न्यायालयों को न्यायालय प्रबंधकों की सेवाएं प्रदान करने के लिए इस न्यायालय द्वारा अनुमोदित प्रणाली भी पूरे देश में काफी हद तक एक समान होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने इससे पहले कहा था कि प्रत्येक न्यायिक जिले में न्यायालय प्रशासन के निष्पादन में सहायता प्रदान करने के लिए पेशेवर रूप से योग्य न्यायालय प्रबंधकों, जिसमें एमबीए डिग्री वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर भी नियुक्त किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि न्यायालय प्रबंधन की दक्षता बढ़ाने और प्रशासनिक कार्यों में जिला न्यायाधीशों की सहायता करने के लिए 13वें वित्त आयोग द्वारा न्यायालय प्रबंधकों का पद सृजित करने का प्रस्ताव किया गया था, ताकि न्यायाधीश अपना समय न्यायनिर्णयन के अपने मूल कार्यों में लगा सकें। शीर्ष अदालत ने पाया कि अधिकांश उच्च न्यायालयों ने कोई नियम नहीं बनाए और न्यायालय प्रबंधकों को केवल अनुबंध के आधार पर या तदर्थ आधार पर नियुक्त किया था। कुछ राज्यों ने तो पदों को समाप्त भी कर दिया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तैयार है, लेकिन उसके उद्घाटन की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। प्रधानमंत्री विशेष विमान से बीकानेर आएंगे और बॉर्डर एरिया में जवानों से मुलाकात भी करेंगे या नहीं, इस बारे में पुष्टि नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार, इससे पहले मोदी 23 नवम्बर, 24 को विधानसभा चुनाव के समय रोड शो के लिए बीकानेर आए थे। लोकसभा चुनाव में भी मेघवाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने के लिए मोदी बीकानेर आते रहे हैं।

## राजनीतिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विलय की वार्ता गोपनीय रूप से चल रही है। नतीजे अनिश्चित है। जहाँ राजनैतिक जरूरत दोनों गुटों को पास ला रही हैं, वहीं अहं का टकराव व कई ऐसी शिकायतें हैं, जिनका समाधान नहीं हुआ है और ये बड़ी बाधा पैदा कर रही हैं। अभी महाराष्ट्र का राजनैतिक परिदृश्य बेहद नाज़ुक है। देखना यह है कि क्या पुराने घावों और वैचारिक मतभेदों पर व्यवसायिक हितों और पारिवारिक रिश्तों को तवज्जो मिलेगी।

## 'स्कूल फीस के निर्धारण के लिये ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्कूल में स्कूल की फीस कमेटी होती है, जिसमें अध्यापकों के अलावा अभिभावक भी सदस्य होते हैं। यह कमेटी दोनों पक्षों को सुनने के बाद आपसी सहमति से ही स्कूल फीस की दर तय करती है। अगर दोनों पक्षों में से एक भी पक्ष स्कूल फीस कमेटी के फैसले से संतुष्ट नहीं हो तो उसे डिवीजन कमेटी के समक्ष चुनौती दी, जा सकती है।

प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि "स्कूल फीस कमेटी" के आदेश को कुछ अभिभावकों ने डिवीज़न कमेटी के समक्ष चुनौती दी, तत्पश्चात, डिवीज़न कमेटी ने स्कूल फीस कमेटी के आदेश को गलत माना। याचिकाकर्ता का कहना है कि फीस नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 में, डिवीज़न कमेटी के आदेश को चुनौती देने के लिए रिवीजन कमेटी के गठन का

- **इस मामले में याचिकाकर्ता विद्याश्रम स्कूल के वकील प्रतीक कासलीवाल की ओर से कहा गया है कि कानून बनने के नौ साल बाद भी राज्य सरकार ने रिवीज़न कमेटी का गठन नहीं किया है, जबकि राज्य सरकार की ओर से मई,2024 में बयान जारी किये गये थे कि तीन सप्ताह में कमेटी गठित कर दी जायेगी।**

प्रावधान है। याचिकाकर्ता डिवीज़न कमेटी के आदेश को रिवीज़न कमेटी में चुनौती देना चाहता है, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इस रिवीज़न कमेटी का गठन ही नहीं किया है।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले में मई, 2024 में सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार ने अदालत में अंडरटेकिंग दी थी कि तीन सप्ताह में रिवीज़न कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। ऐसे में अदालत ने डिवीज़न कमेटी के आदेश पर रोक लगाते हुये, राज्य सरकार को रिवीज़न कमेटी का गठन करने को कहा था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एक्ट बनने के नौ साल बीतने और राज्य सरकार की ओर से तीन सप्ताह में कमेटी गठन की अंडरटेकिंग देने के बाद भी अब तक रिवीज़न कमेटी का गठन नहीं किया गया है।

याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने प्रमुख शिक्षा सचिव से कमेटी गठित नहीं करने को लेकर शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

## विजय शाह केस 19 मई को सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

भोपाल, 16 मई। कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान को लेकर मंत्री विजय शाह उलझ गए हैं। हाईकोर्टके फैसले को चुनौती देने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। सीजेआई ने पहले दिन उन्हें खूब सुनाया था। शुक्रवार को फिर से सुनवाई होनी थी। लेकिन सुनवाई किसी वजह से स्थगित हो गई है। अगली सुनवाई अब 19 मई को होगी। इस दौरान एमपी हाईकोर्ट का फैसला कायम रहेगा। दरअसल, एमपी हाईकोर्ट के निर्देश के बाद मंत्री विजय शाहपर इंदौर के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज हुआ है। कोर्ट के निर्देशन पर धाराएं जोड़ी गई हैं। इसके बाद मानपुर पुलिस विवादित बयान का जांच कर रही है। वहीं, पुलिस जांच की मॉनिटरिंग एमपी हाईकोर्ट करेगी।

## बलूच नेताओं ने हिन्दुस्तान में "गवरमैंट इन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बलूच, तारा चंद और अन्य बलूच नेता भारत से, एक निर्वासित सरकार स्थापित करने में सहायता की मांग कर रहे हैं, ताकि स्वतंत्र बलूचिस्तान के लिए औपचारिक कार्य आरंभ किया जा सके।

बलूचिस्तान का प्रवासी समुदाय अमेरिका, ईरान, मिडिल ईस्ट और यूरोप में फैला हुआ है, जो स्वतंत्र बलूचिस्तान के लक्ष्य की दिशा में सक्रिय रूप से कार्यरत है। ये प्रवासी नेता बलूचिस्तान के भीतर चल रहे आंदोलन से भी तालमेल बनाए हुए हैं। इन प्रवासी नेताओं का कहना है कि "क्रूर" पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में दमन और नियंत्रण की चरम सीमाएं पार कर चुकी है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान के प्रमुख नेताओं और युवा स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार कर रही है और कइयों को मारा जा रहा है। तथापि, बलूच नेताओं को पूरा भरोसा है कि जल्दी ही

- **रज़्ज़ाक बलूच के अनुसार, बलूचिस्तान की क्वेटा में कैन्टून्मैंट के अलावा पाकिस्तानी सेना की कोई चहल कदमी नहीं है, बलूचिस्तान में, और धीरे-धीरे बलूचिस्तान में स्वतंत्रता संग्राम ज़मीन पर काफी फैल गया है तथा स्वतंत्रता संग्राम को सफलता शीघ्र ही जरुर मिलेगी।**

आज़ादी का यह आंदोलन सफल होगा और पाकिस्तानी सेना को बलूचिस्तान से खदेड़ दिया जाएगा।

बलूच नेता अंतर्राष्ट्रीय समर्थन हासिल करने के लिए एक संगठित निर्वासित सरकार के गठन की योजना बना रहे हैं। रज़्ज़ाक बलूच का कहना है कि बलूचिस्तान भू-राजनीतिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है और उसकी स्वतंत्रता पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता ला सकती है।

महरंग बलूच और अन्य कई नेता बलूचिस्तान में ज़मीन पर काम कर रहे हैं। महरंग फिलहाल जेल में हैं और बलूच नेता उन्हें रिहा करवाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। रज़्ज़ाक बलूच ने कहा कि बलूचिस्तान में पंजाबी शासक असुरक्षित महसूस करते हैं और वे केवल क्वेटा की छावनी तक सीमित हैं।

रज़्ज़ाक बलूच ने यह भी दावा किया कि बलूचिस्तान का 70-80प्रतिशत हिस्सा पहले ही पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त हो चुका है और अब केवल राजधानी क्वेटा ही पाकिस्तान के नियंत्रण में है। बलूच नेता बता रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना शाम पांच बजे के बाद छावनी से बाहर नहीं निकल सकती।

बलूच नेताओं का कहना है कि उनका संघर्ष अपनी मातृभूमि पर अधिकार प्राप्त करने का है। रज़्ज़ाक बलूच और अन्य बलूच नेता यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना बलूच युवाओं का नरसंहार कर रही है। उन्होंने बताया कि बलूच नेता अब मिडिल ईस्ट के देशों में भी एक सशक्त अभियान चला रहे हैं। बलूच नेता यह भी कह रहे हैं कि पश्चिमी पंजाब के पंजाबी लोगों का बलूचों या अरब देशों से कोई डीएनए या सांस्कृतिक संबंध नहीं है। पंजाबी और मिडिल ईस्ट लोगों में कोई कनैक्शन नहीं है। उनको विश्वास है कि वे अपने आत्म-निर्णय के अधिकार को अवश्य हासिल करेंगे।

उनका यह भी कहना है कि सिंध, पख्तूनिस्तान और बलूचिस्तान को आत्म-निर्णय और स्वतंत्रता की अनुमति दी जानी चाहिए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908